# ज्ञानशौर्यम्

ISSN : 2582-0095

Peer Reviewed and Refereed International Scientific Research Journal

Website : http://gisrrj.com



# GYANSHAURYAM INTERNATIONAL SCIENTIFIC REFEREED RESEARCH JOURNAL

Volume 5, Issue 3, May-June-2022

Email : editor@gisrrj.com Website : http://gisrrj.com

# ज्ञानशौर्यम्

**Gyanshauryam**
**International Scientific Refereed Research Journal**

**Volume 5, Issue 3, May-June-2022**

**[ Frequency: Bimonthly ]**

## ISSN : 2582-0095

Peer Reviewed and Refereed International Journal
Bimonthly Publication

Published By
Technoscience Academy

# Editorial Board


## Advisory Board

- **Prof. Radhavallabh Tripathi**
  Ex-Vice Chancellor, Central Sanskrit University, New Delhi, India

- **Prof. B. K. Dalai**
  Director and Head. (Ex) Centre of Advanced Study in Sanskrit. S P Pune University, Pune, Maharashtra, India

- **Prof. Divakar Mohanty**
  Professor in Sanskrit, Centre of Advanced Study in Sanskrit ( C. A. S. S.), Savitribai Phule Pune University, Ganeshkhind, Pune, Maharashtra, India

- **Prof. Ramakant Pandey**
  Director, Central Sanskrit University,Bhopal Campus.Madhya Pradesh, India

- **Prof. Kaushalendra Pandey**
  Head of Department, Department of Sahitya, Faculty of Sanskrit Vidya Dharma Vigyan, Banaras Hindu University, Varanasi, Uttar Pradesh, India

- **Prof. Dinesh P Rasal**
  Professor, Department of Sanskrit and Prakrit, Savitribai Phule Pune University, Pune, Maharashtra, India

- **Prof. Parag B Joshi**
  Professor & OsD to VC, Department of Sanskrit Language & Literature, HoD, Modern Language Department, Coordinator, IQAC, Director, School of Shastric Learning, Coordinator, research Course, KKSU, Ramtek, Nagpur, India

- **Prof. Sukanta Kumar Senapati**
  Director, C.S.U., Eklavya Campus, Agartala, Central Sanskrit University,Janakpuri, New Delhi, India

- **Prof. Sadashiv Kumar Dwivedi**
  Professor, Department of Sanskrit, Faculty of Arts, Coordinator, Bharat adhyayan kendra, Banaras Hindu University, Varanasi Uttar Pradesh, India

- **Prof. Manoj Mishra**
  Professor, Head of the Department, Department of Vedas, Central Sanskrit University, Ganganath Jha Campus, Azad Park, Prayagraj, Uttar Pradesh, India

- **Prof. Ramnarayan Dwivedi**
  Head, Department of Vyakarana Faculty of Sanskrit Vidya Dharma Vigyan, BHU, Varanasi, Uttar Pradesh, India

- **Prof. Ram Kishore Tripathi**
  Head, Department of Vedanta, Sampurnanand Sanskrit University, Varanasi, Uttar Pradesh, India

---

## Editor-In-Chief

- **Dr. Raj Kumar**
  SST, Palamu, Jharkhand, India

---

## Senior Editor

- **Dr. Pankaj Kumar Vyas**
  Associate Professor, Department- Vyakarana, National Sanskrit University (A central University), Tirupati, India

---

## Associate Editor

- **Prof. Dr. H. M. Srivastava**
  Department of Mathematics and Statistics, University of Victoria, Victoria, British Columbia, Canada
- **Prof. Daya Shankar Tiwary**
  Department of Sanskrit, Delhi University, Delhi, India
- **Prof. Satyapal Singh**
  Department of Sanskrit, Delhi University, Delhi, India
- **Dr. Ashok Kumar Mishra**
  Assistant Professor (Vyakaran), S. D. Aadarsh Sanskrit College Ambala Cantt Haryana, India
- **Dr. Raj Kumar Mishra**
  Assistant Professor, Department of Sahitya, Central Sanskrit University Vedavyas Campus Balahar Kangara Himachal Pradesh, India
- **Dr. Somanath Dash**
  Assistant Professor, Department of Research and Publications, National Sanskrit University, Tirupati, Andhra Pradesh, India

## Editors

- **Dr. Suneel Kumar Sharma**
  Assistant Professor Department of Education, Shri Lalbahadur Shastri National Sanskrit University (Central University) New Delhi, India
- **Dr. Rajesh Sarkar**
  Assistant Professor, Department of Sanskrit, Faculty of Arts, Banaras Hindu University, Varanasi, Uttar Pradesh, India
- **Rajesh Mondal**
  Research Scholar Department of Vyakarana, National Sanskrit University, Tirupati, Andhra Pradesh, India
- **Dr. Sheshang D. Degadwala**
  Associate Professor & Head of Department, Department of Computer Engineering, Sigma University, Vadodara, Gujarat

## Assistant Editors

- **Dr. Shivanand Shukla**
  Assistant Professor in Sahitya, Government Sanskrit College, Patna, Bihar, India |Constituent Unit : Kameshwar Singh Darbhanga Sanskrit University, Bihar, India
- **Dr. Shalendra Kumar Sahu**
  Assistant Professor, Department of Sahitya Faculty of S.V.D.V, Banaras Hindu University (BHU) Varansi,Uttar Pradesh, India

## International Editorial Board

- **Vincent Odongo Madadi**
  Department of Chemistry, College of Biological and Physical Sciences, University of Nairobi, P. O. Box, 30197-00100, Nairobi, Kenya
- **Dr. Agus Purwanto, ST, MT**
  Assistant Professor, Pelita Harapan University Indonesia, Pelita Harapan University, Indonesia

- **Dr. Morve Roshan K**
  Lecturer, Teacher, Tutor, Volunteer, Haiku Poetess, Editor, Writer, and Translator
  Honorary Research Associate, Bangor University, United Kingdom
- **Dr. Raja Mohammad Latif**
  Assistant Professor, Department of Mathematics & Natural Sciences, Prince Mohammad Bin Fahd University, P.O. Box 1664 Al Jhobar 31952, Kingdom of Saudi Arabia
- **Dr. Abul Salam**
  UAE University, Department of Geography and Urban Planning, UAE

---

## Editorial Board

- **Dr. Kanchan Tiwari**
  Assistant Professor, Department of Sahitya, Uttarakhand Sanskrit University Haridwar, Uttrakhand, India
- **Dr. Jitendra Tiwari**
  Assistant Professor, Sahitya, Rashtriya Sanskrit Sansthan, Eklavya Campus, Radhanagar, Agartala, Tripura, India
- **Dr. Shilpa Shailesh Gite**
  Assistant Professor, Symbiosis Institute of Technology, Pune, Maharashtra, India
- **Dr. Ranjana Rajnish**
  Assistant Professor, Amity Institute of Information Technology(AIIT), Amity University, Lucknow, Uttar Pradesh, India
- **Dr. Vimalendu Kumar Tripathi**
  Lecturer +2 High School, Bengabad, Giridih, Jharkhand, India

# CONTENT


| SR. NO | ARTICLE/PAPER | PAGE NO |
|---|---|---|
| 1 | **उच्च शिक्षा में अध्ययनरत् शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के छात्रों का परीक्षा प्रणाली के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन**<br>डॉ. सर्वेश चन्द्र | 01-07 |
| 2 | **शिशुशिक्षणाय कथाशिक्षणविधयः**<br>डॉ. दशरथभरासागरः | 08-13 |
| 3 | **माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन**<br>संजय शर्मा | 14-20 |
| 4 | **मेवाड़ के संस्कृत-शिलालेखों का मूल्यांकन**<br>डॉ. मधुबाला जैन | 21-33 |
| 5 | **वैदिकसंस्काराणां सामाजिकोपयोगिता**<br>डॉ. सुधांशुशेखरमहापात्रः | 34-40 |
| 6 | **पद्मश्री डा. उषाकिरण खानक 'हसीना मंजिल' उपन्यासमे स्त्री पात्रक जीवन**<br>डॉ. अरुणा चौधरी, मेघा झा | 41-46 |
| 7 | **श्रवण बाधित बालकों एवं बालिकाओं को अभिभावकों एवं समाज की सहयोगिता: एक अध्ययन**<br>वन्दना मिश्रा, डॉ दीपक कुमार त्रिपाठी | 47-53 |
| 8 | **वर्तमान शिक्षा प्रणाली के प्राथमिक स्तर पर मानवाधिकारों के तत्वों का समीक्षात्मक अध्ययन**<br>डॉ. आलोक कुमार मिश्र, विजया रानी वर्मा | 54-60 |
| 9 | **हाईस्कूल स्तर के कोचिंग करने वाले एवं कोचिंग न करने वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्द्धि का तुलनात्मक अध्ययन**<br>डॉ. अरुण कुमार मिश्र, रंजना मिश्रा | 61-67 |
| 10 | Economic and Environmental Impact of National Food Security Act of India (With special reference to Uttar Pradesh)<br>Dr. Khalid Anwar | 68-74 |
| 11 | **शकुन्तलायाः भाग्यवादः**<br>Sraboni Tudu | 75-82 |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | **सतना जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का ग्रामीण की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति पर प्रभाव का समाजशास्त्रीय अध्ययन**<br>डॉ. रचना श्रीवास्तव, श्रीमती विनीता सिंह | 83-102 |
| 13 | Contract Labour a Nonstandard form of Employment<br>Saurabh Kumar | 103-109 |
| 14 | **अभिज्ञानशाकुन्तले प्रयुक्तानां तिङन्तपदानामनुशीलनम्**<br>डॉ. कैलाशचन्द्रसैनी | 110-116 |
| 15 | **शब्दकौस्तुभस्य प्रभाव्याख्यादिशा मङ्गलश्लोकसमीक्षा**<br>राजेश मण्डल | 117-120 |
| 16 | An Introduction of E-Governance Trends<br>Dr. Omendra Singh | 121-126 |

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2022 GISRRJ | Volume 5 | Issue 3 | ISSN : 2582-0095

# उच्च शिक्षा में अध्ययनरत् शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के छात्रों का परीक्षा प्रणाली के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन



(Study of attitude towards examination system of students of academic and professional courses studying in higher education)

डॉ. सर्वेश चन्द्र
(असिस्टेंट प्रोफेसर), एम.एड. विभाग, जी. एफ. पी. जी. कालेज, शाहजहांपुर

**Article Information**
Volume 5, Issue 3

Page Number : 01-07

**Publication Issue :**
May-June-2022

**Article History**
Accepted : 03 June 2022
Published : 30 June 2022

**सारांशः –** शिक्षा मात्र पठन-पाठन की क्रिया नहीं है हमारे जीवन के लिए एक ऐसी अनिवार्यता है जो हमें समाज के प्रगति में कुछ योगदान करने के लिए लायक बनाती है लेकिन जब हम आसपास के परिदृश्य पर दृष्टि डालते हैं तो लगता है कि हम अपने आप को शिक्षित करने में विफल रहे प्रस्तुत शोध "' उच्च शिक्षा में अध्ययनरत् शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के छात्रों का परीक्षा प्रणाली के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन है । प्रस्तुत अध्ययन महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली से सम्बद्ध शाहजहांपुर जनपद के कुल 20 उच्च शिक्षा सस्थाओं का चयन किया गया है। जिसमें जनसंख्या एवं न्यादर्श के रूप में शैक्षिक पाठ्यक्रमों में से 400 विद्यार्थियों तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से 400 विद्यार्थियों, कुल 800 विद्यार्थियों का चयन किया गया । आंकड़ों के विश्लेषण हेतु मध्यमान, मानक विचलन, टी अनुपात का प्रयोग किया गया है । शोध अध्ययन में शून्य परिकल्पना का परीक्षण किया गया, शोध विधि के रूप में वर्णनात्मक अनुसंधान के अंतर्गत् सर्वेक्षण विधि का चयन किया गया है । प्रस्तुत शोध अध्ययन में उपकरण के रूप में शोधार्थी द्वारा स्वनिर्मित परीक्षा प्रणाली अभिवृत्ति मापनी का प्रयोग किया गया है । निष्कर्ष में प्राप्त होता है कि उच्च शिक्षा स्तर के शैक्षिक तथा व्यवसाय दोनों ही पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के परीक्षा प्रणाली की प्रवृत्ति के अध्ययन में सकारात्मक अंतर पाया जाता है जबकि परीक्षा नियोजन के प्रति व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति शैक्षिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की अपेक्षा अधिक सकारात्मक है और उनमें आपस में कोई सार्थक अंतर भी नहीं है परीक्षा मूल्यांकन के संबंध में दोनों ही वर्ग के विद्यार्थियों की आवृत्ति सकारात्मक है तथा उन में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया गया है ।

**मुख्य शब्दावली :** उच्च शिक्षा, शैक्षिक, व्यावसायिक पाठ्यक्रम, छात्र, परीक्षा प्रणाली, अभिवृत्ति, आदि ।

प्रस्तावना :

किसी भी शिक्षा प्रणाली का टेस्ट परीक्षा प्रणाली लिटमस के माध्यम से होती है । यह विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों, समाज में शिक्षा के स्तर तथा शिक्षा की उपयोगिता को स्थापित करने के मानक के रूप में कार्य करती है । वास्तव में परीक्षा शिक्षण का एक अभिन्न अंग है । अतः शैक्षिक

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

कैलेंडर में इसका स्थान एवं दायित्व शिक्षण से अलग करके नहीं देखा जा सकता है। परीक्षा परिणामों को मात्र छात्रों की शैक्षिक प्रगति का घोतक न मानकर संपूर्ण शिक्षा प्रणाली के विभिन्न अंगों को पृष्ठपोषण प्रदान कर संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता बढ़ाने में सकारात्मक योगदान देना चाहिए। विभिन्न प्रकार की परीक्षा प्रणाली जो उच्च शिक्षा स्तर पर संचालित शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में चल रही है, उसकी कार्यप्रणाली क्या है ? यह छात्रों के लिए कितनी उपयोगी और सहायक हो सकती है ? अतः छात्रों का परीक्षा प्रणाली के प्रति अभिवृत्ति को ज्ञात करने का प्रयास प्रस्तुत शोध प्रपत्र में किया गया है जिससे यह ज्ञात होता किया जा सके कि परीक्षा के प्रणाली के किन क्षेत्रों में छात्रों का परीक्षा प्रणाली के प्रति अभिवृत्ति सकारात्मक है तथा किन क्षेत्रों में सकारात्मक नहीं है। जिससे कि उन क्षेत्रों में सुधार करके परीक्षा प्रणाली को और अधिक उपयोगी तथा विश्वसनीय बनाया जा सके।

सिन्हा 1977, ने वर्तमान परीक्षा प्रणाली के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन किया तथा अध्ययन से प्राप्त किया कि वर्तमान परीक्षा व्यवस्था में गुण दोष दोनों हैं। छात्र, शिक्षक एवं अभिभावक वर्तमान परीक्षा व्यवस्था के प्रति असंतुष्ट पाए गए और वे चाहते हैं कि इसमें तत्काल सुधार किया जाए।

कुशवाहा 1985, ने कानपुर विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली पर अध्ययन किया। कानपुर विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली से संबंधित ब्राह्य परीक्षकों, आंतरिक मूल्यांकन, प्रश्न पत्रों, केंद्रीय मूल्यांकन तथा परीक्षाओं का संचालन की विवेचना पर अभिकल्पित था। अध्ययन का मुख्य परिणाम पाया गया कि विषय समूह सम्बंधित सेमेस्टर और वार्षिक के अपरिवर्तित अंकों की तुलना में पुनः मूल्यांकन के कारण अंकों में परिवर्तन के केस अधिक थे। 10% से अधिक या कम अंक पाने वाले छात्रों की संख्या में वार्षिक वृद्धि पाई गई। परिणामों में कोई परिवर्तन न होने वाले केसों का प्रतिशत परिणाम में परिवर्तन की अपेक्षा कम पाया गया।

लारा, जोसेफ एवं रिचर्ड 1989, ने छात्रों की ओर केंद्रित तत्कालीन सुधार कानून के प्रभाव का परीक्षण एवं सुधार संबंधी प्रभाव के प्रति छात्रों के प्रत्यक्षण का अध्ययन किया। अध्ययन के निष्कर्ष में पाया गया कि विद्यार्थी विद्यालय को मौज- मस्ती के स्थान के रूप में नहीं देखते हैं। विद्यार्थी महसूस करते हैं कि ग्रेडिंग अब कठिन हो गई है तथा अधिकांश विद्यार्थी फेल हो रहे हैं और मध्य में पढ़ाई भी छोड़ रहे हैं। अध्ययन में यह भी पाया गया कि पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं इस परिवर्तन में आसानी से अनुकूलित हो जाती हैं। एकत्रित आंकड़ों तथा शोधार्थी द्वारा निकाले गए निष्कर्षो के आधार पर अध्ययन साउथ सन एंटोनियो स्वतंत्र विद्यालय की शैक्षिक प्रणाली में परिवर्तन की सिफारिश करता है।

दूबे 2003, ने में उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालय स्तर पर वर्तमान परीक्षा प्रणाली में सुधार के संबंध में अध्ययन विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं समुदाय के प्रत्यक्षीकरण का अध्ययन किया। जिसमें प्रयोग कर पाया कि पुरुष एवं महिला विद्यार्थियों ने वर्तमान शिक्षा पद्धति के प्रति असंतुष्टि व्यक्त की है। दूसरे शब्दों में पुरुष तथा महिला विद्यार्थियों ने वर्तमान परीक्षा प्रणाली में सुधार के अनुकूल प्रतिक्रिया व्यक्त की। पुरुष तथा महिला अध्यापकों ने वर्तमान परीक्षा प्रणाली के प्रति असंतुष्टि व्यक्त की। दूसरे शब्दों में पुरुष तथा महिला अध्यापकों ने वर्तमान परीक्षा प्रणाली में सुधार के प्रति अनुकूल प्रतिक्रिया व्यक्त की। उच्च, मध्यम तथा निम्न आर्थिक स्तर वाले अभिभावकों ने वर्तमान परीक्षा पद्धति के प्रति असन्तुष्टि व्यक्त की। दूसरे शब्दों में उच्च, मध्यम तथा निम्न आर्थिक स्तर वाले अभिभावकों ने वर्तमान परीक्षा प्रणाली में सुधार के प्रति अनुकूल प्रतिक्रिया व्यक्त की।

वांग 2007, ने चीन में स्वाध्यायरत् विद्यार्थियों हेतु राज्य प्रशासित उच्च शिक्षा की परीक्षा प्रणाली का अध्ययन किया। इस अध्ययन में चीन में रह रही विशाल ग्रामीण जनसंख्या हेतु उच्च शिक्षा परीक्षा पद्धति को अधिक सार्थक और उपयोगी बनाने पर बल दिया। जिसमें प्रशासनिक संरचना, परीक्षा प्रक्रिया, उपलब्ध विषय, विद्यार्थियों का विवरण, शैक्षिक सहायता विधियां तथा तकनीकों पर विशेष बल दिया गया।

उपयुक्त अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि परीक्षा शिक्षण का एक अभिन्न अंग है। परीक्षा परिणाम मात्र विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति का घोतक न होकर संपूर्ण शिक्षण प्रणाली के विभिन्न अंगों को पृष्ठ पोषण कर संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता बढ़ाने में सकारात्मक योगदान देती है। इसी बिंदु को ध्यान में रखते हुए यह प्रासंगिक है कि यह अवलोकित किया जाए कि विभिन्न प्रकार की परीक्षा प्रणाली जो उच्च शिक्षा स्तर पर संचालित शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में चल रही है वो विद्यार्थियों के लिए कितनी उपयोगी और सहायक है ।

अध्ययन के उद्देश्य :

शोध अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य हैं –

1. उच्च शिक्षा के शैक्षिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा प्रणालियों के प्रति विद्यार्थियों की अभिवृत्ति का अध्ययन करना
2. उच्च शिक्षा के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा प्रणालियों के प्रति विद्यार्थियों की अभिवृत्ति का अध्ययन करना
3. उच्च शिक्षा के शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा प्रणालियों के प्रति विद्यार्थियों की अभिवृत्ति की तुलना करना
4. उच्च शिक्षा के शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा मूल्यांकन के प्रति विद्यार्थियों की अभिवृत्ति की तुलना करना

शोध परिकल्पना :

1. उच्च शिक्षा स्तर पर शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का परीक्षा प्रणाली के प्रति अभिवृत्ति में अंतर है ।
2. उच्च शिक्षा स्तर पर शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का परीक्षा नियोजन के प्रति अभिवृत्ति में अंतर है।
3. उच्च शिक्षा स्तर पर शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का परीक्षा संचालन के प्रति अभिवृत्ति में अंतर है।
4. उच्च शिक्षा स्तर पर शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का परीक्षा मूल्यांकन के प्रति अभिवृत्ति में अंतर है।

शून्य परिकल्पना

1. उच्च शिक्षा स्तर पर शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का परीक्षा प्रणाली के प्रति अभिवृत्ति में सार्थक अंतर नहीं है।
2. उच्च शिक्षा स्तर पर शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का परीक्षा नियोजन के प्रति अभिवृत्ति में सार्थक अंतर नहीं है।
3. उच्च शिक्षा स्तर पर शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का परीक्षा संचालन के प्रति अभिवृत्ति में सार्थक अंतर नहीं है।
4. उच्च शिक्षा स्तर पर शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का परीक्षा मूल्यांकन के प्रति अभिवृत्ति में सार्थक अंतर नहीं है।

समस्या कथन :

प्रस्तुत शोध कथन "उच्च शिक्षा में अध्ययनरत् शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के छात्रों का परीक्षा प्रणाली के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन" है।

समष्टि तथा न्यादर्श:

प्रस्तुत समस्या के अध्ययन हेतु महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली से सम्बद्ध शाहजहांपुर जनपद के नियमित एवं वित्त पोषित शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के स्नातक व परास्नातक के विद्यार्थी हैं। न्यादर्श के रूप में शाहजहांपुर जनपद में अध्ययनरत् शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के 400-400 विद्यार्थियों को लिया गया है । इस प्रकार कुल 800 विद्यार्थियों को न्यादर्श के रूप में चयनित किया गया है ।

शोध उपकरण :

प्रस्तुत समस्या के अध्ययन के लिए "परीक्षा प्रणाली अभिवृत्ति मापनी" का शोधार्थी द्वारा स्वयं निर्माण किया गया है।

अभिवृत्ति मापने का निर्माण:

इस मापनी में महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली से सम्बद्ध शाहजहांपुर जनपद के शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा प्रणाली के प्रति विद्यार्थियों की अभिवृत्ति का अध्ययन करने का प्रयास किया गया है। इस उपकरण को परीक्षा प्रणाली की तीन विमानों परीक्षा नियोजन, परीक्षा संचालन तथा परीक्षा मूल्यांकन में विभक्त करके किया गया है। प्रत्येक बीमाओं के प्रति एकांश के लिए लिकर्ट मापनी पर आधारित तीन विकल्प अनुकूल, उदासीन तथा प्रतिकूल लिए गए हैं। तीनों विकल्पों में से किसी एक पर सही का निशान लगाकर विद्यार्थी तथा शिक्षक को अपनी प्रतिक्रिया देना है। इस अभिवृत्ति मापनी में कुल 45 प्रश्नों का निर्माण किया गया है।

प्रदत्त संकलन :

प्रदत्तो के संकलन के लिए परीक्षा प्रणाली अभिवृत्ति मापनी की सहायता से महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली से सम्बद्ध शाहजहांपुर जनपद में अध्ययनरत् 800 विद्यार्थियों से आंकड़े एकत्रित किए गए हैं।

प्रदत्त विश्लेषण :

आंकड़ों के विश्लेषण हेतु मध्यमान, मानक विचलन, टी अनुपात का प्रयोग किया गया है।

तालिका संख्या 01

शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के प्रति विद्यार्थियों का परीक्षा प्रणाली के प्रति अभिवृत्ति की तुलना।

| पाठ्यक्रम | N | M | Sd | T अनुपात |
|---|---|---|---|---|
| शैक्षिक पाठ्यक्रम | 400 | 108.26 | 5.92 | 0.127 |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम | 400 | 108.31 | 6.32 | |
| योग | 800 | | | |

★ 0.05 स्तर पर सार्थक नही है।

तालिका 01 में परिगणित टी-अनुपात का मान 0.127 है जो कि द्विपुच्छीय सार्थकता परीक्षण के मुक्तांश(df) - 798 के 0.05 सार्थकता स्तर के सारणी मान 1.98 से कम है, अतः 0.05 स्तर पर असार्थक है। इसीलिए शून्य परिकल्पना की " उच्च शिक्षा स्तर पर शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का परीक्षा प्रणाली के प्रति अभिवृत्ति में सार्थक अंतर नहीं है" को स्वीकार किया जाता है। अर्थात् शैक्षिक तथा व्यावसायिक दोनों ही पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों का परीक्षा प्रणाली के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अंतर नहीं है। चूंकि दोनों प्रकार के

पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के अभिवृत्ति मध्यमान 90 से अधिक है। अतः यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों में परीक्षा प्रणाली के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति पाई जाती है।

तालिका संख्या 02

शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों का परीक्षा नियोजन के प्रति अभिवृत्ति की तुलना ।

| पाठ्यक्रम | N | M | Sd | T अनुपात |
|---|---|---|---|---|
| शैक्षिक पाठ्यक्रम | 400 | 33.91 | 3.15 | 2.418 |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम | 400 | 34.43 | 3.04 | |
| योग | 800 | | | |

★0.05 स्तर पर सार्थक है।

तालिका संख्या 02 में परिगणित टी-अनुपात का मान 2.418 है जो कि द्विपुच्छीय सार्थकता परीक्षण के मुक्तांश (df) 798 के 0.05 सार्थकता स्तर के सारणी मान 1.98 से अधिक है, अतः 0.05 सार्थकता स्तर पर सार्थक है। इसीलिए शून्य परिकल्पना कि "उच्च शिक्षा स्तर पर शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का परीक्षा नियोजन के प्रति अभिवृत्ति में सार्थक अंतर नहीं है" को अस्वीकार किया जाता है। अर्थात् 0.05 सार्थकता स्तर पर यह कहा जा सकता है कि शैक्षिक तथा व्यावसायिक दोनों ही पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों का परीक्षा नियोजन के प्रति अभिवृत्ति में सार्थक अंतर है। चूंकि व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों का मध्यमान शैक्षिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के मध्यमान से अधिक है। अतः यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि शैक्षिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की अपेक्षा व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों में परीक्षा नियोजन के प्रति अधिक सकारात्मक अभिवृत्ति पायी जाती है।

तालिका संख्या 03

शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों का परीक्षा संचालन के प्रति अभिवृत्ति की तुलना ।

| पाठ्यक्रम | N | M | Sd | T अनुपात |
|---|---|---|---|---|
| शैक्षिक पाठ्यक्रम | 400 | 38.86 | 3.47 | 1.346 |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम | 400 | 38.53 | 3.50 | |
| योग | 800 | | | |

★ 0.05 स्तर पर सार्थक नही है।

तालिका संख्या 03 में परिगणित टी-अनुपात का मान 1.346 है, जो कि द्विपुच्छीय

सार्थकता परीक्षण के मुक्तांश (df) 798 के 0.05 सार्थकता स्तर के सारणी मान 1.98 से कम है, अतः 0.05 स्तर पर असार्थक है। इसलिए शून्य परिकल्पना कि "उच्च शिक्षा स्तर पर शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का परीक्षा संचालन के प्रति अभिवृत्ति में सार्थक अंतर नहीं है", को स्वीकार किया जाता है। अर्थात् शैक्षिक तथा व्यावसायिक दोनों ही पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों का परीक्षा संचालन के

प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अंतर नहीं है। चूंकि दोनों प्रकार के पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के अभिवृत्ति मध्यमान 30 से अधिक है। अतः यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थी परीक्षा संचालन के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति रखते हैं।

तालिका संख्या 04

शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों का परीक्षा मूल्यांकन के प्रति अभिवृत्ति की तुलना।

| पाठ्यक्रम | N | M | Sd | T अनुपात |
|---|---|---|---|---|
| शैक्षिक पाठ्यक्रम | 400 | 35.50 | 2.83 | 0.678 |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम | 400 | 35.35 | 3.11 | |
| योग | 800 | | | |

★ 0.05 स्तर पर सार्थक नही है।

तालिका संख्या 04 में परिगणित टी-अनुपात का मान 0.678 है जो कि द्विपुच्छीय सार्थकता परीक्षण के मुक्तांश(df) 798 के 0.05 सार्थकता स्तर के सारणी मान 1.98 से कम है। अतः 0.05 स्तर पर असार्थक है। इसलिए शून्य परिकल्पना कि " उच्च शिक्षा स्तर पर शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का परीक्षा मूल्यांकन के प्रति अभिवृत्ति में सार्थक अंतर नहीं है", को स्वीकार किया जाता है । अर्थात् शैक्षिक तथा व्यावसायिक दोनों ही पाठ्यक्रमों के अध्ययनरत् विद्यार्थियों का परीक्षा मूल्यांकन के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अंतर नहीं है। चूंकि दोनों प्रकार के पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के अभिवृत्ति मध्यमान 30 से अधिक है। अतः यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि शैक्षिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों में परीक्षा मूल्यांकन के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति रखते हैं।

निष्कर्ष :

अध्ययन से प्राप्त निष्कर्ष निम्नलिखित है।

उच्च शिक्षा स्तर के शैक्षिक तथा व्यावसायिक दोनों ही पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के परीक्षा प्रणाली के प्रति अभिवृत्ति के अध्ययन से स्पष्ट है कि दोनों ही पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों की अभिवृत्ति परीक्षा प्रणाली के प्रति सकारात्मक है तथा उनमें आपस में कोई सार्थक अंतर नहीं है जबकि परीक्षा नियोजन के प्रति व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की अभिवृत्ति शैक्षिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की अपेक्षा अधिक सकारात्मक है तथा उनमें आपस में सार्थक अंतर भी है। परीक्षा संचालन तथा परीक्षा मूल्यांकन के संबंध में दोनों ही वर्ग के विद्यार्थियों की अभिवृत्ति सकारात्मक है तथा उनमें कोई सार्थक अंतर नहीं पाया गया है।

सुझाव:

अध्ययन के निष्कर्ष से यह स्पष्ट है कि परीक्षा नियोजन के संदर्भ में शैक्षिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की अभिवृत्ति अपेक्षाकृत कम सकारात्मक है। अतः परीक्षा नियोजन के प्रमुख बिंदुओं जैसे प्रश्न पत्र निर्माण, प्रश्नों की प्रकृति, आदि में सुधार कर परीक्षा प्रणाली को अधिक सार्थक बनाया जा सकता है ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :

[1]. अग्रवाल, जे.सी., 2007, इसेन्सियल्स ऑफ एग्जामिनेशन सिस्टम, इवैल्यूएशन टेस्ट एंड मेजरमेंट, दिल्ली, विकास पब्लिसिंग हाउस प्राइवेट लिमिटेड,

[2]. गुप्ता, एस.पी.,2002 , स्टैटिस्टिक्स मेथेड, इलाहाबाद: शारदा पुस्तक भवन,

[3]. सिंह, अरुण कुमार , 2002 ,"शिक्षा शशास्त्र, मनोविज्ञान तथा समाजशास्त्र में शोध विधियां, नई दिल्ली, मोतीलाल बनारसीदास पब्लिकेशन

[4]. कुशवाहा, ए .एस.,1985, सिस्टम आफ एग्जामिनेशन इन कानपुर यूनिवर्सिटी, पीएचडी शोध ग्रंथ, शिक्षाशास्त्र, छत्रपति शाहूजी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर

[5]. दुबे, प्रसाद राजेंद्र, 2000, एटीट्यूड आफ स्टूडेंट आफ हायर एजुकेशन टूअर्डस एग्जामिनेशन सिस्टम, ए डाक्टोरल थीसिस इन एजुकेशन फैकल्टी ऑफ एजुकेशन, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी, बनारस,

[6]. भटनागर, सुरेश एवं सक्सेना 2005, शिक्षा मनोविज्ञान, लायल बुक डिपो, मेरठ।

[7]. गैरेट, हेनरी (999, शिक्षा एवं मनोविज्ञान सांख्यिकीय, कल्याणी पब्लिशर्स।

[8]. कपिल, एच.के. 1998, अनुसंधान विधियां, एच.पी. भार्गव बुक हाउस, आगरा।

[9]. शर्मा, आर. ए. 2008, शिक्षा अनुसंधान, लाल बुक डिपो, मेरठ .

[10]. रेड़डी, वी. मलिकार्जुन 2010, ए स्टडी ऑफ टीचिंग एटीट्यूट, सोशल एडजेस्टमेंट एंड जॉब सेटिस्फेक्शन आफ सेकेंडरी स्कूल साइंस टीचर्स, शोध प्रबंध शिक्षाशास्त्र, आचार्य नागार्जुन विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश ।

[11]. मौर्य, एच.सी. 1990, विश्वविद्यालय और पूर्व विश्वविद्यालयी व्याख्याताओं की शैक्षिक दक्षता व्यक्ति और अभिवृत्ति के बीच संबंध के अध्ययन का प्रयास, पीएचडी शोध प्रबंध, आगरा विश्वविद्यालय, आगरा।

[12]. भावना, 2005, देवीपाटन के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की ऊर्जा शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति को प्रभावित करने वाले कारकों एवं योग्यता व्यक्तित्व विशेषताओं के संबंध का अध्ययन, शोध प्रबंध शिक्षाशास्त्र, डॉ राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय फैजाबाद।

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2022 GISRRJ | Volume 5 | Issue 3 | ISSN : 2582-0095

# शिशुशिक्षणाय कथाशिक्षणविधयः

**डॉ.दशरथभरासागरः**
सहायकाचार्यः, केन्द्रीसंस्कृतविश्वविद्यलयः, क.जे.सोमैयापरिसरः, मुम्बई ।

**Article Info**
Volume 5, Issue 3
Page Number : 08-13
**Publication Issue :**
May-June-2022
**Article History**
Accepted : 05 May 2022
Published : 15 May 2022

**शोधसारः-** बालानां कृते शिक्षकः कथं शिक्षणं कुर्यात् । एतदर्थं शिक्षणविधयः प्रत्येकस्तरे शिक्षणविधयः शिक्षाविद्भिः निर्धारताः। अतःबालशिक्षायाः उद्देश्यमपि वर्त्तते । संस्कृतशिक्षणे मदुमनस्कानां बालानां कृते लघु लघुकथामाध्यमेन आदौ शिक्षयेत्। तेन तेषां रुचिः जागरिता भवति । अत्र बालानां कृते कथं शिक्षा सरला भवेत्। एतदर्थमत्र शिक्षणविधयः पत्रेऽस्मिन् चर्चिताः। तथाहि –कथाविधिः, क्रीडाविधिः, अभिनयविधिः, प्रत्यक्षविधिः, प्रतिमानविधिः, चित्रविधिः इत्यदयः।

**प्रमुखबिन्दवः-** नाटकबोधः, कथाबोधः, साहित्यतत्वज्ञानम्, बालविधेः ज्ञानम्, शिशुस्तरबोधः, मानसिकक्षमतापरीक्षणम् , गुणवत्तापरिवर्धनम्, मनोवैज्ञानिकविधेः ज्ञानम् इत्यादय अत्र शोधबिन्दवः वर्त्तन्ते ।

समस्ताखिलमण्डले शिक्षा मनुजानां दीव्यनेत्रं तृतीयनेत्रं वा भवति। इयं मानवस्य उत मानवसमाजस्य अभिन्नमंगं वर्तते।तत्रानेन अंगेन मानवसमाजः सम्यक् विश्वं चलितुं शक्तो भवति।अपराह–ऐहिकामुष्मिकाणां समस्तसमस्यानां समुचितसमाधानात्मकं तत्वं ज्ञानं पर्यायफलेन शिक्षेतिफलितम्। औपनिषद्यां शिक्षा व्याख्यास्यामः इत्यादौ आचार्यः पूर्वरूपम् अन्तेवास्युत्तररूपं विद्या सन्धिः प्रवचनं सन्धानमिति तत्र शिक्षा बहुमुखी प्रक्रिया अस्तीति भाषते, शिक्षणं तु एकमुखी (Mono polar),द्विमुखी (Bipolar),त्रिमुखी (Tripolar), बहुमुखी (Multipolar) भवति ।यत्र केवलं गुरुकेन्द्रिता शिक्षा तत्र तु एकमुखी प्रक्रिया शिक्षायाः,यत्र उभयोः योगदानं वर्तते तदा द्विमुखी प्रक्रिया,यदा छात्रशिक्षकपाठ्यक्रमाणां योगदानं तदा त्रीमुखी प्रक्रिया,यदा प्रवचनमपि जायते तदानीं शिक्षेयं प्रक्रिया वर्तते,पुरा क्वचित् शिक्षा गुरुकेन्द्रिता एकमुखी आसीत्।अतः आधुनिककाले छात्रकेन्द्रित शिक्षा,अस्मिन् प्रक्रमे शिक्षणं कथं भवति ?कुत्र शिक्षा दातव्या ? किं दातव्यम् ?इत्यादीनां समस्यानां समाधानमित्थम्- समाजस्य समुचितावश्यकता विज्ञाय शिक्षकाः छात्रान् शैक्षिक वातावरणे तान् विषयान् विधिप्रविधीभ्यां शिक्षयन्ति,ते च छात्राः सम्यगर्थान् विज्ञाय उपाधिमर्जयन् लोकोपकारकाय तां विद्यां तदूत्तरवर्तिनां कृते शैक्षिकवातावरणे स्वज्ञातस्य स्थानान्तरणं कृत्वा प्रत्यक्षपरोक्षाभ्यां समाजस्य राष्ट्रस्य वा मङ्गलं करोति ।तेन राष्ट्रोन्नत्यै कश्चित् प्रमुखः प्रयासःअस्ति ।यथा कश्चन कृषको अन्यान् पोषयति तत्रावश्यमेव राष्ट्रविकासे अंशतः संलग्नः एव स ।यदि देशे तत् तत् क्षेत्रे कार्यकराणां अभियन्तृणां, वैज्ञानिकानां शिक्षकाणां वा अभावः स्यात् तर्हि देशस्य सामाजिक–आर्थिक–नैतिक–धार्मिक–सांस्कृतिक स्तरेषु न्यूनता आगछति,तदर्थं समाजे विद्यमानानां जनानां सम्यक् पोषणाय वर्धनाय पारलौकिकसत्ता ज्ञापनाय च सर्वाः विद्याः अपेक्षिता तासां समासां विद्यानां ज्ञानाय नियमपूर्वक शिक्षणमपेक्षितम्, धार्मिक,सांस्कृतिक, नैतिक, सामाजिक–विकासाय आदौ मूल्यानां ज्ञानमावश्यकं स्यात् मूल्येभ्यः व्यवहारज्ञानां व्यवहारात् व्यक्तित्वविकासः व्यक्तित्व विकासे सदाचरणैः सामाजिकानां सुःखदुःखादीन् अनुभवितुमर्हति,कथाशिक्षणेन मील्यानां बोधः जायते तर्हि का नाम कथा ? कति भेदाः तस्याः ?कानि प्रयोजनानि कथाशिक्षणस्य ? एतेषां प्रश्नानां समाधानमित्यम्

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

**सर्गबद्धोऽभिनेयार्थं तथैवाख्यायिका कथे ।**
**अनिवद्धं च काव्यादि तत् पुन: पञ्चोच्यते ।।**

1. सर्गबद्ध काव्यम्,खण्डकाव्यम्,महाकाव्यम्,गीतिकाव्यम् ।
2. नाटकम्
3. आख्ययिका
4. कथा
5. मुक्तककाव्यम्

कथा कल्पित वृत्तान्ता सत्यर्थाऽख्यायिकामहा इति ।कथ्यते अनया शैल्या विविधान् विषयान् सा कथेति ।तत्र द्विधा पशुपक्षीणां प्रसङ्गवर्णनं कल्पनेभ्य: सा कथा,आख्यानं तु कथितेतिहासस्य यथायथं वर्णनमाख्यानमभिधीयते ।कथासाहित्यस्य भेदा:




वस्तुत: कथा इति जातिपक्षस्वीकारे एकधैव समासां बोध:।अत: सामान्यगद्यापेक्षया अस्या: अध्यापनं भिन्नं,यावत् कथाया: आवश्यकताया: ध्यानं न दीयते तावत् उद्देश्यानि अपि न सिद्ध्यन्ति ।कथाशिक्षणे पुस्तकं सत्यपि मौखिकरूपेण कथाकथनं कुर्यात् ।कथानां भाषा अतीव सरला स्पष्टा च स्यात् ।प्रश्नकरणं तु गद्यैव करणीय: ।कथाशिक्षणक्रम: अनेनक्रमेण स्यात् ।सामान्यपरिचय:,सामान्योद्देश्यानि,विशिष्टोद्देश्यानि,पूरवज्ञानं प्रस्तावना,उद्देश्यकथनम्,पाठोपस्थापनम्,अध्यापककथनम्,बोधप्रश्ना:,नवशब्दव्याख्या,मूलकथाया:शुद्धोच्चारणम्,उत्प्रेरणा प्रश्न:,कथानिष्कासनम्,गृहकार्यं तत्र सन्ति कथाशिक्षणस्य प्राथमिकस्तरे प्रयोजनानि ।तथाहि

**कथशिक्षस्योद्देश्यानि** (Objectives of story Teaching)

1.संस्कृतकथासाहित्यस्य परिचय: ।

2.कल्पनाशक्ते: विकास: ।

3.बालकानां चरित्रनिर्माणम् ।

4.समाजस्य सन्नागरिकाणां निर्माणनम् ।

5.बालकान्तर्निहित समुचित शक्तीनां विचाराणां वा बहिरानयनम् ।

6.परोक्षतया कथागत शैक्षिकसामाजिकनैतिकाध्यात्मिकमूल्यानामुपदेश:।

7.मनोरञ्जनेन सह बालकस्य ज्ञान विकास: ।

8.लघु लघु संस्कृतकथा निर्माणे क्षमतोत्पादनम् ।

9.संस्कृत सम्भाषणे रुच्युत्पादनम् ।

10.स्मृतिशक्ते: विकासश्च ।

एतेषामुद्देश्यानां परिपूरणे प्राथमिकस्तरे कथाशिक्षणे आवश्यकं स्तरानुगुणं विधिरिति ।सन्ति स्तरेSस्मिन् कथाशिक्षणस्य विधय: ।ते च–

**कथाशिक्षणस्य विधय:** (Methods of Stories)

अभिनयविधि:। चित्रविधि:। कल्पनाविधि:। संवादविधि:। उपकरणविधि:। व्याख्यानविधि:। इति

**अभिनयविधि:**

शिक्षक: आदौ सम्यक्तया पूर्वलृसिद्धाता कृत्वैव कक्ष्यां गच्छति । तत्र कथापाठने कथागत प्रत्येक वाक्यानुसारं स्वस्य हावभावादीनां प्रदर्शनं करोति । तेन प्रदर्शनेन कथागत रसानां सन्दर्भाणां वा ज्ञानं सरलतया बालानां कृते भवति । बाला: सिक्षकस्य क्रोधम्,हासम्,दु:खम् ,सुखम्,चिन्तनम्,विस्मयम्,हीनभावान् इत्यादीन् अनुभूय प्रसङ्गं समनुगच्छन्ति । सहैवानुकरणं कुर्वन्ति बाला:। शिक्षक: कतथागतदृश्यं स्वाभिनयेन बालानां दृष्टिपुरत: स्थापयति । बाला अपि शिक्षकस्य भावम्,सङ्केतम्,कटाक्षादीन् अभिविज्ञाय पाठगतभावान् विषयांश्च अवगच्छन्ति । तेन स्वयमपि कथानिहितमूल्यानि अभिज्ञातुं प्रभवन्ति ।सहैव विविधा: भावना: तेषां बालानां हृदयेषु विकसिता: भवन्ति । अनेन बाला: स्वपाठ्यविषयं समीचीनतया गृह्णन्ति ।तेन सह मनोरंजनमपि भवति । तत्र केचन बाला: कक्ष्यायां यामितां नानुभवन्ति ।

**चित्रविधि:**

कथाशिक्षणे कथानुगुणं चित्रं निर्मीय शिक्षक: आनयति एवं कथागत सर्ने अंशा: बालान् चित्रमाध्यमेन बोधयति,यदि चित्रे स्पष्टता भवति,चेत् सर्वे बाला: कथागत सर्वे विषया: अवगन्तुं प्रभवन्ति तेन उभयो: शिक्षकबालयो: सक्रियतां द्रष्टुं शक्यते । तत्र बाला: चित्रमवलोक्यैव सन्दर्भं स्मर्तुं शक्नुवन्ति ।अनेन विषया: तेषां मनसि चिरकालं तिष्ठन्ति ।ते च विषया: बालानां स्वजीवने महती भवति ।तदर्थं बालानां कृते शिक्षप्रदानं सरलभाषया चित्रमाध्यमेन बोधयति,यदि चित्रे स्पष्टता भवति,तर्हि सरवे बाला: कथागत सर्वे विषया: अवगन्तु प्रभवन्ति ।अनेन उभयो: शिक्षकबालयो: सक्रियता द्रष्टुं शक्यता तत्र बाला: चित्रमवलोक्यैव सन्दर्भं स्मर्तुं शक्नुवन्ति ।सर्वे बिषया: चिरकालं तिष्ठन्ति ।अत: बालानां कृते शिक्षप्रदानं सरलभाषया चित्रमाध्यमेन करणीयमिति ।

**कल्पनाविधि:**

कथाशिक्षणप्रक्रमे शिक्षक: कथां कथयन् पशु-पक्षीणां विषये वदति ।तदानीं बाला:स्वकक्ष्यावातावरणे एव वनमयं चिन्तयति एवं स्वस्य मानसपटले ईषद् बलं दत्वा सिंहादीनां मनसि आकृतिं स्मरन्ति तेन तस्मिन् वास्तविकं सिंह कल्पयति ।न तु कथागत सिंहोऽस्ति ।तदा तस्य बालस्य सम्यक् कथाया: भाव: अवगत: स्यात् ।कथागत भावाबोधे चिन्तनं प्राधान्यं तत्र प्राधान्यताया: कारणम् उभयो: कथाशिक्षणे कथागत कल्पना कृता ।अनेन नूतना कथा, पूर्वश्रुतानां कथानां स्मरणं भविष्यति ।तेनैव कथानिर्माणे रुचिर्भवति ।

**संवादविधि:**

शिक्षक:कथापात्राणां कथाकथनप्रसङ्गे स्वबालैस्सह वार्तालापं करोति तथा परस्परं बालानां साहाय्येन सम्पूर्णकथां कक्ष्यायां शिक्षक: कथयति ।पात्राणां कथने महत्वप्रदानात् तथा च बालानां प्रतिक्रिया: वार्तालापै: अवगमनादयं नाम संवादविधिरुच्यते ।माध्यमिकस्तरेऽपि अस्य विधे: प्रयोगं कर्तुं शक्नोति शिक्षक: ।

**कथोपकथनविधि:**

कथितस्यकथनं कथोपकथनमुच्यते, प्रकृतौ शिक्षक: बहुमुल्यमयीं कथां श्रुतवान् तामेव कथा बालेभ्य: श्रावणीयं चेत् तत्र कथागत ये च भावा: यत्र पूर्ववाचकेन यथा श्रावितं तथैव यथायथं श्रावणं कष्टमेव तथापि शिक्षक: स्वप्रयासै: यथायथं बालानां पुरत: श्रावयति ।तदानीं तां कथां श्रुत्वा सर्वे बाला: मनोरञ्जनेन सह मील्यानि गृह्णन्ति, पुनश्च कदाचित् गृहं गत्वाऽपि स्वमित्रान् भ्रातृन् च यथायथं श्रावयन्ति ।अस्यविधे: लाभोऽस्ति यत् स्मृते: शक्ते: विकास: अरथावगमनपुरस्सरं स्मरणमिति ।

**उपकरणविधि:**

अस्मिन् विधौ श्राव्यदृश्योपकरणं भवति तेन माध्यमेन बालानां कृते कथाशिक्षणं भवति ।तदर्थं कक्ष्यावातावरणमपि सामान्यापेक्षया परिवर्तनीयम् ।तेन बालानामधिगमे न बाधा जायेत ।सन्ति बहूनि उपकरणानि कथां बोधयितुम् ।तानि दृश्योपकरणानि-श्रव्योपकरणानि-दृश्यश्रव्योपकरणानि च वर्णानां, पदार्थानाञ्च स्वरूपं दर्शयितुं युज्यते तानि दृश्योपकरणानि ।यथा-हरितफलकम्, चित्राणि, रेखाचित्राणि, मानचित्राणि, छायाचित्राणि, प्रतिकृतय: प्रदर्शिनी इत्यादीनि ।

विविधान् ध्वनीन् शब्दांश्च, श्रोतुमुपयुक्तमुपकरणम् ।यथा-रेडियो,ग्रामोफोन्, टेपरिकार्डर, सान्द्रमुद्रिकाचालक:(C.D Player) इत्यदीनि ।

द्रष्टुं श्रोतुञ्च योग्यमुपकरणं श्रव्यदृश्योपकरणम् ।यथा-नाटकम्, चलनचित्रम्, दूरदर्शनम्,सङ्गणकमित्यादीनि ।

सम्प्रति उपकरणानां माध्यमेन कथाशिक्षणं छात्राणांकृते विशिष्य प्राथमिकस्तरे बहु लाभाय भवति ।घटं नय घटमानय इत्यादि कथनेन साक्षात् पश्यन् घटम् इति वदन् शृण्वन् समन्वयं संस्थाप्य तदनन्तरं केवलं घटपदेन श्रवणेनापि घटाकृतिकज्ञानं जायेत तद्वदिहापि कथागत् चित्राणां ध्वनिं श्रुत्वा इन्द्रियसन्निकर्षात् विषयं चिरकालं तिष्ठति बालानां मनसि ।अत: बालानां कृते कथाशिक्षणे शिक्षकै:उपकरणानां साहाय्यम् अवश्यं स्वीकरणीयमिति ।

**व्याख्यानविधि:**

शिक्षक: प्रथमिकस्तरीय छात्रान् कथागत शब्दानां विविधप्रचलित उदाहरणेश्च कथाया: व्याख्यान्ं करोति सरलरीत्या येन लघु लघु बाला: सम्यगवगच्छेयु: ।तत्र पंक्ते क्वचित् बालानां पुरत: साक्षात् अर्थं कथयति तेन बाला: तत्पदार्थं विज्ञाय स्वबुद्धौ स्थापयन्ति ।तदा ते अत्यन्त सरलया भाषया अन्यानि मित्राणि श्रावयन्ति ।कदाचित् शिक्षकस्य व्याख्याने प्रभाव: अधिको न भवति,तर्हि कथाया: विस्मरणं जायते तदानीं कथाया: रूपं परिवर्तितो भवति,तदर्थं व्याख्यानं शिक्षकै: स्पष्टतया सदृष्टान्तेने सरलवाक्यश्च करणीयमिति ।

**पूर्वप्राथमिकस्तरे पाठ्यक्रमनिदर्शनम्**

हिन्दीवर्णपरिचय:,वर्णोच्चारणम्

संस्कृतवर्णपरिचय:, वर्णोच्चारणम्

पदपरिचय:,पदोच्चारणम्

सचित्रपशुपरिचय:,पशुनामोच्चारणम्

सचित्रपक्षीपरिचय:,पक्षीनामोच्चारणम्

सचित्रपुष्परिचय:,पुष्पनामोच्चारणम्

सचित्रगृहवस्तुपरिचय:,गृहवस्तुनामोच्चारणम्

सचित्रवाहनपरिचय:,वाहननामोच्चारणम्

शरीरावयवानां सङ्केत:, तेषामुच्चारणञ्च

वासराणां समुच्चारणाभ्यास:

मासानां समुच्चारणाभ्यास:

हिन्दी तथा संस्कृत गायनाभ्यास: ।

कथाश्रवणम् एवं कथाकथनम् इत्यादय: ।

**कथाया: महत्वम्**

कथासाहित्यं जनानां कृते आदियुगादेव मनोरञ्जनपुरसरं कालक्षेपाय प्रवर्तते ।कथा अद्यापि मनोरञ्जनेन साकं ज्ञानात्मक-नैतिक-आचारशिक्षादीनां स्रोत: अस्ति ।पुराकालादेव अस्या: महत्वमस्माभि: स्वीकृतम् ।कथाया: प्रयोग: तदानीम् आचारस्य लोकव्यवहारस्य च शिक्षा- दीक्षयो: कृते आसीत् ।पञ्चतन्त्र-हितोपदेश-बृहत्कथामञ्जरी-कथासरित्सागरादय: तदानीन्तया: प्रसिद्ध: ग्रन्था: ।तत:परं बेतालपञ्चविंशति:,सिंहासनद्वात्रिंशतिका चेत्यादय:अपि कथासाहित्ये प्रसिद्धा: ।अत: साहित्यस्य भेदत्वात् कथाया: शिक्षणपर्यन्तं महत्वपूर्णम् ।प्राम्भिशिक्षायां प्रविधित्वेन इतिहास-भूगोल-सामान्यविज्ञान-गणितादि-विषयेषु कथाया: स्थानमवश्यं स्मरणीयम् ।शिशव: छात्रा: वा कथासु रुचिमन्त: भवन्ति । अत: प्रारम्भिकशिक्षायां तदर्थं कथा आश्रीयते ।अक्षरशिक्षणात् प्रारभ्य विषयाणां पाठनपि कथाप्रविधौ अत्यन्तं रुचिकरं भवति ।यद्यपि कथाया: प्रमुखमुद्देश्यं मनोरञ्जनं, तथापि कल्पनाशक्ते: स्मरणशक्तेश्च विकासाय कथाशिक्षणं प्रामुख्यं भजति ।अन्नेकेषां विषयाणां कथामाध्यमेन शिक्षणस्य इदमेव तात्पर्यम् ।द्रुतपाठे स्वाध्यायप्रवृत्ते: विकासाय कथाया: सन्निवेश: प्राधान्य भजति ।

**कथानां वैशिष्ट्यानि**

1.कथाया: विभिन्नतत्त्वानि कथानकं,चरित्रचित्रणं,कथोपकथनं,भाषा-शैली,शीर्षक: एवञ्च उद्देश्यस्य दृष्ट्या संस्कृतकथा उच्चस्तरीया: सन्ति ।एतासां कथानकं क्रमबद्धै: जीवनोपयोगिपरिस्थितिभिश्च सम्बन्धितमस्ति ।पशुपक्षिण: मनुष्यान् च पात्ररूपे सङ्कलितवन्त: ।इदमुपदेशात्मकं शिक्षात्मकञ्च वर्तते ।एतासु आदर्शभाषाया: प्रयोग: कृत: भाषा अतीव सरला सुग्राहया च वर्तते ।

2.आभि: मनोरञ्जनेन सह नीते: सदाचरणस्य च शिक्षा अपि प्राप्यते ।

3.इमा: कथा: कौतूहलपूर्णा: सन्ति ।कल्पना एव आसां विकासस्य प्रादुर्भावस्य च स्रोतोऽस्ति ।

4.कथा: मानवेषु व्यवहारकौशलोतपादने सहायिका: भवन्ति,यतोहि आभि: पाठकेषु नैतिकगुणानां विकासो भवति ।

5.आभि: धर्म-अर्थ-कामश्चेति त्रिवर्गस्य प्राप्तिर्भवति ।

6.इमा: कथा: देवभाषाया: पाठनशैल्या: आदर्शमपि उपस्थाप्यन्ति ।

7.कथा: जटिलभावानां स्पष्टीकरणे सहायिका: भवन्ति ।

8.कथामाध्यमेन बालानां मस्तिष्कान् प्रभावशालीरूपेण प्रभावयितुं शक्यते ।यतोहि बाला: कथा: एकाग्रचित्तो भूत्वा शृण्वन्ति एवञ्च ता: तेषामन्तर्मन: ।

9.कथाप्रसङ्गे आगतानां शब्दानां, वाक्यानां,लोकोक्तीनाञ्च वास्तविकार्थं ते सरलतया गृह्णान्ति ।

10.कथामाध्यमेन सांसरिकज्ञानस्य वृद्धिर्भवति ।

11.कथामाध्यमेन बालेषु तर्कशक्ति–विवेक– संकल्प–इत्यादीनां सद्गुणानां वृद्धिर्भवति ।

12.कथामाध्यमेन कल्पनाशक्ते:विकास एवञ्च भावानाम् अभिव्यक्तिकरणस्य क्षमताया: प्रादुर्भावो भवति ।

उपसम्हार:

लघु लघु बालानां मन: विचित्रं भवति । तेषां बालानां पाठनं सर्वेषां कृते नातिसरलं भवति । एतदर्थं बालानां मानसं सम्यगालोच्य अनेकविधीनां साहाय्यं स्वीकृत्य शिक्षणं दद्यात् गुरु: । न सर्वथा एका पद्धति: सर्वदा सरवस्मिन् काले योग्याल भवति । कालानुगुणं विधे: प्रविधेर्वा परिवर्तनं करणीयमेव । तद्यथा गूगलद्वारा अभ्यास:,सामान्यश्यामफलकानां स्थाने स्मार्टबोर्ड द्वारा शिक्षणम् ,पुस्तकानां भारनिवारणाय टैबद्वारा शिक्षणम् इति । इत्थं परिवर्तनं वाञ्छति ।

**सन्दर्भग्रन्थसूची-**

1. शिक्षामनोविज्ञानम् –प्रो. लोकमान्यमिश्र:
2. संस्कृतशिक्षणविधय:–डॉ.संतोषमित्तल:
3. संस्कृतशिक्षणविधय:–प्रो.चा.ल.न शर्मा
4. हिन्दीशिक्षणविधय:–प्रो.रजनीकान्तशुक्ल:
5. शिक्षामनोविज्ञानम् –प्रो.रामशकलपाण्डेय:
6. शिक्षामनोविज्ञानम् –डॉ.पी.डी.पाठक:
7. भारतीयशिक्षादर्शनम् –प्रो.सोमनाथसाहु:
8. मानवाधिकारशिक्षा–डॉ.भाग्यसिंह गुर्जर:
9. शिक्षाया: मनोवैज्ञानिकाधारा:–डॉ.बि.पद्ममित्रश्रीनिवास:
10. मनोविकृति विज्ञान–सं.रामजीश्रीवास्तव
11. मनोविज्ञान,समाजशास्त्र तथा शिक्षायां शोधविधय: –अरुणकुमार सिंह:
12. हिन्दीशिक्षणम् –डॉ.रघुनाथसफाया
13. भाषाविज्ञानम्–डॉ.उदयनाथतिवारी
14. भाषाविज्ञानम्–डॉ.भोलाझा:
15. पञ्चतन्त्रकथा–पं.विष्णुशर्मा

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2022 GISRRJ | Volume 5 | Issue 3 | ISSN : 2582-0095

# माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन

# [ Study of attitude of secondary level students towards the concept of marriage ]

**संजय शर्मा ( शोध-छात्र )**
**शिक्षाशास्त्र विभाग, नेहरू ग्राम भारती (मानित विश्वविद्यालय)**
**कोटवा-जमुनीपुर- दुबावल, प्रयागराज, उ.प्र.**



**Article Info**
Volume 5, Issue 3
Page Number : 14-20

**Publication Issue :**
May-June-2022

**Article History**
Accepted : 05 May 2022
Published : 15 May 2022

**सारांश** (Abstract) :
प्रस्तुत शोध पत्र माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन है । जिसके अंतर्गत माध्यमिक स्तर पर अध्ययन करने वाले कला वर्ग एवं विज्ञान वर्ग के छात्र–छात्राओं को सम्मिलित किया गया है । इसमें न्यादर्श के रूप में प्रयागराज जनपद के सरकारी मान्यता प्राप्त इंटर कॉलेजों में से 400 छात्र एवं छात्राओं का चयन लॉटरी विधि से किया गया है । जिसमें 200 छात्र–छात्राएं कला वर्ग के एवं 200 छात्र–छात्राएं विज्ञान वर्ग से हैं । शोध के लिए सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है । शोध की साख्यिकीय गणना के लिए मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रांतिक अनुपात के साथ सार्थकता स्तर का प्रयोग किया गया है । विवाह की अवधारणा की अभिवृत्ति को मापने के लिए प्रो. प्रमोद कुमार द्वारा निर्मित "मैरिज एटीट्यूट स्केल" (MAS) का प्रयोग किया गया है । इनसे प्राप्त परिणामों से यह ज्ञात होता है कि विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों में विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति एक समान है पर कुछ असमानताएं मिलती हैं जो पारिवारिक पृष्ठभूमि के कारण हो सकती हैं ।

Keywords : माध्यमिक स्तर, विवाह, अवधारणा, अभिवृत्ति आदि ।

शिक्षा मानव जीवन के निर्माण की वह प्रक्रिया है जो मानव जाति को सहस्त्र वर्षों के अनुभव के बाद प्राप्त होती है शिक्षा के द्वारा व्यक्ति के व्यवहार में परिवर्तन लाया जा सकता है उसे समाज का श्रेष्ठ नागरिक बनाया जा सकता है ।

जान डीवी ने कहा है कि शिक्षा का उद्देश्य सामाजिक गुणों की अभिवृद्धि है शिक्षा मनुष्य के लिए है और मनुष्य मानवता के लिए है । मानव जीवन के विकास की प्रक्रिया में किशोरावस्था का महत्वपूर्ण स्थान है । किशोरावस्था को बाल्यवस्था तथा प्रौढ़ावस्था के मध्य का संधि काल कहा जाता है ।

स्टैनले हाल ने कहा है कि "किशोरावस्था बड़े संघर्ष, तनाव, तूफान तथा विरोध की अवस्था" है । हम किशोरावस्था को एक शब्द में "परिवर्तन" कह सकते हैं । माध्यमिक स्तर के विद्यार्थी किशोरावस्था की उम्र से गुजरते हैं जिससे उन्हें कुछ

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

प्रवृतियां स्वत: जागृत होती है और कुछ वातावरण के बाद जागृत हो जाती हैं । अत: इस अवस्था में विद्यार्थियों के विचारों को जानना अति आवश्यक होता है । इसी अवस्था में छात्रों में कामभावना जागृत होती है और विवाह की ओर संवेगात्मक से उन्मुख होते हैं । मानव आवश्यकताओं में यौन संतुष्टि एक आधारभूत आवश्यकता है । मानव समाज के अतिरिक्त अन्य सभी प्राणी भी यौंन इच्छाओं की पूर्ति से वंचित नहीं होते हैं । मानव में यौंन इच्छाओं पूर्ति का आधार मात्र दैहिक न होकर सामाजिक एवं सांस्कृतिक भी होता है । जिससे विवाह, परिवार, रिश्तेदारी का जन्म होता है । परंतु यह सब विवाह के द्वारा ही पूर्ण होता है ।

भारतीय समाज में इसी किशोरावस्था में अधिकांश विद्यार्थी वैवाहिक जीवन में बंध जाते हैं या बधने की ओर अग्रसर होते हैं । माध्यमिक स्तर के विद्यार्थी 18 वर्ष तक के होते हैं । विवाह जितनी ही अधिक उम्र में होगी जनसंख्या वृद्धि, जनसंख्या जनित समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है । इसी समस्या से निजात के लिए इस शोध की आवश्यकता पड़ी ।

अध्ययन की आवश्यकता : वैस्टरमार्क ने लिखा है कि "विवाह एक या अधिक पुरुषों का एक या अधिक स्त्रियों के साथ होने वाला वह संबंध है जिसे प्रथा या कानून स्वीकार करता है और जिसमें इस संगठन में आने वाले दोनों पक्षों एवं उनसे उत्पन्न संतानों को अधिकार एवं कर्तव्य का समावेश होता है प्राचीन काल में लड़कियों और लड़कों की विवाह की आयु अलग-अलग मिलती है जो हर काल में एक समान नहीं रहती है । विवाह से अनेक समस्याओं का जन्म होता है जिसमें जनसंख्या विस्फोट एक महत्वपूर्ण सामाजिक समस्या है । अधिक संतान की उत्पत्ति, भारतीय समाज में समृद्धि का प्रतीक माना जाती है । शिशु की मृत्युदर भारत में अधिक है । कम संतान होने से मरने की संभावना अधिक होती है तो परिवार का अस्तित्व खत्म हो जाएगा ऐसी धारणा भारत के समाज में बनी हुई है । दो बच्चे को आदर्श परिवार माना जाए तो भी कम ही लोग स्वीकार करते हैं । इस तरह से अनेक समस्याएं है जिनके अध्ययन की आवश्यकता है । इस शोध में माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों मे विवाह के प्रति मानव की स्वीकृति एवं अस्वीकृति कहां तक है जानने का प्रयास किया गया है ।

समस्या का कथन : माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में विवाह की प्रवृत्ति पाई जाती है जबकि इसके बाद की अवस्था में यह प्रवृत्ति तो पाई जाती है परंतु शांत एवं संरचना का भाव निहित रहता है । आज यह आवश्यकता है कि अल्प आयु एवं पूर्ण किशोरावस्था में विवाह करने के प्रति समाज की सोच में परिवर्तन हो ।

उपयुक्त विवेचना के आधार पर शोध समस्या का शीर्षक निम्न वत है ।

"माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन"

शोध का उद्देश्य : शोधार्थी द्वारा निम्न उद्देश्य निर्धारित किए गए हैं ।

(1) माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन करना ।

(2) विषय वर्ग के आधार पर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन करना ।

परिकल्पना : निम्नलिखित परिकल्पनायें है ।

(1) माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं के मध्य विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्तियों में कोई सार्थक अंतर नहीं है ।

(2) माध्यमिक स्तर के कला वर्ग के छात्र-छात्राओं के मध्य विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्तियों में कोई सार्थक अंतर नहीं है ।

(3) माध्यमिक स्तर के विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं के मध्य विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्तियों में कोई सार्थक अंतर नहीं है ।

(4) माध्यमिक स्तर के कला वर्ग एवं विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं के मध्य विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्तियों में कोई सार्थक अंतर नहीं है ।

शोध विधि : शोधार्थी द्वारा प्रस्तुत शोध अध्ययन में सर्वेक्षण विधि का चयन किया गया है । सर्वेक्षण विधि में मुख्य रूप से तीन प्रकार की सूचनाएं प्राप्त करने का प्रयास किया जाता है वे सूचनाएं हैं, वर्तमान स्थिति क्या है, हम क्या चाहते हैं, तथा हम उन्हें कैसे प्राप्त कर सकते हैं ? ।

न्यादर्श : न्यादर्श एक समष्टि का वह अंश होता है, जिसमें समष्टि के अध्ययन हेतु समस्त विशेषताओं का स्पष्ट प्रतिनिधित्व दिखाई पडता है । चूंकि संपूर्ण समष्टि पर.शोध कार्य करना, समय, शक्ति, श्रम, धन एवं परिणाम की दृष्टि से बहुत कठिन है । इसीलिए संपूर्ण समष्टि में से कुछ इकाइयों का चयन किया जाता है । उन पर उनके आंकड़े प्राप्त करके शोध कार्य पूर्ण किया जाता है । इस न्यादर्श मे ऐसे माध्यमिक स्तरीय सरकारी विद्यालय आते हैं जो प्रयागराज जनपद के शहरी क्षेत्र में सरकारी मान्यता प्राप्त हैं । इनमें से कुल 400 विद्यार्थियों का चयन किया गया है । जिसमें 200 छात्र एवं 200 छात्राएं सम्मिलित हैं ।

उपकरण : शोध समस्या से संबंधित परिकल्पना के निर्माण के पश्चात उसके परीक्षण के लिए आवश्यक तथा तर्कसंगत आंकड़ों के संकलन की आवश्यकता होती है । इस शोध अध्ययन के लिए शोधार्थी द्वारा विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति की जांच करने के लिए प्रो. प्रमोद कुमार द्वारा निर्मित हिंदी वर्जन की "मैरिज एटीट्यूड स्केल'' (MAS) प्रश्नावली का प्रयोग किया गया है । इस प्रमाणित प्रश्नावली में कुल 38 प्रश्न है । प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख हां या नहीं अंकित है । उन बालकों को इनके सामने अपनी सहमति, असहमति, अनिश्चितता के अनुसार गोला खींचना है । प्रश्नावली में दिए गए सभी प्रश्नों में केवल 28, 29, 31 और 33 को छोड़कर सभी प्रश्न सकारात्मक है । प्रश्नावली में सकारात्मक मूल्यों वाले प्रश्नों के लिए हां पर 3 अंक अनिश्चितता के लिए 2 अंक एवं नहीं के लिए 1 अंक दिया गया है । परंतु नकारात्मक मूल्य वाले प्रश्नों के लिए हां के लिए 1, अनिश्चितता के लिए 2 अंक तथा नहीं के लिए 3 अंक दिया गया है ।

उपकरणों का प्रशासनिकरण : प्रमापीकृत प्रश्नावली को एक प्रतिदर्श पर प्रशासित कराया गया । प्रदत्त संकलन हेतु चयनित न्यादर्श को आवश्यक निर्देश देते हुए प्रश्नावली का प्रशासन किया गया । निश्चित समय के पश्चात प्रश्नावली को संकलित करके फलांकन, प्रश्नावली निर्माण द्वारा निर्दिष्ट नियमों के सहयोग से किया गया ।

प्रयुक्त सांख्यिकी प्रविधि : शोध उद्देश्यों की प्राप्ति आंकड़ों के संकलन तथा उपयुक्त सांख्यिकीय प्रविधि के विश्लेषण द्वारा ही संभव है । प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण हेतु शोधकर्ता द्वारा आंकड़ों की प्रकृति के अनुसार मध्यमान, मानक विचलन तथा क्रांतिक अनुपात के मान का प्रयोग शोध अध्ययन में किया गया है ।

(1) मध्यमान ज्ञात करने के लिए प्रयुक्त सूत्र :

M = A.M.+(€fd/N)×i

(2) मानक विचलन ज्ञान करने के लिए प्रयुक्त सूत्र :

S.D. = (♂ ) ✓€fd²/N -(€fd/N)²

मध्यमान तथा मानक विचलन की गणना से प्राप्त मानो की सहायता से क्रांतिक अनुपात( C.R) मान की गणना की गई ।

(3) क्रांतिक अनुपात मान के लिए प्रयुक्त सूत्र :

$$C.R. = m^{1}-m^{2}/\checkmark ♂^{2}/N^{1}+♂^{2})N^{2}$$

सार्थकता स्तर के लिए शोध में 0.05 एवं 0.01 स्तर पर विभिन्न मध्यमानो के बीच अन्तर के सार्थकता की जांच की गई उसी पर विभिन्न अभिवृत्तियों को स्वीकार एवं अस्वीकार किया गया है ।

प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या : माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति के मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रान्तिक अनुपात की तालिकाओं को प्रस्तुत किया गया है ।

परिकल्पना सं. 01 :

माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं के विवाह की अवधारणा के प्रति मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रांतिक अनुपात की तालिका :

तालिका सं. 0.1

| क्र.सं. | माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राएं | मध्यमान | मानक विचलन | क्रान्तिक अनुपात | सार्थकता स्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | छात्र N=400 | 84.25 | 13.32 | 3.25 | +0.01 स्तर पर सार्थक अंतर है |
| 2 | छात्राएं N=400 | 87.10 | 11.35 | | |

उपरोक्त तालिका को देखने से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के छात्रों का विवाह के प्रति मध्यमान 84.25 तथा मानक विचलन 13.32 है तथा माध्यमिक स्तर की छात्राओं का विवाह के प्रति मध्यमान 87.10 तथा मानक विचलन 11.35 है । दोनों समूहों के मध्य क्रांतिक अनुपात का मान 3.25 है जो कि सार्थकता के 0.01 स्तर पर सार्थक अंतर को प्रदर्शित करता है ।

उपर्युक्त विवेचना के आधार पर परिकल्पना "माध्यमिक स्तर के छात्र छात्राओं के मध्य विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्तियों में कोई सार्थक अंतर नहीं है,, अस्वीकृत की जाती है क्योंकि उपयुक्त विवेचना में माध्यमिक स्तर के छात्रों की अपेक्षा माध्यमिक स्तर के छात्राओं में विवाह के प्रति सापेक्ष अंतर है ।

परिकल्पना सं.02

माध्यमिक स्तर के कला वर्ग के छात्र-छात्राओं के विवाह की अवधारणा के प्रति मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रांतिक अनुपात की तालिका :

तालिका सं. 0.2

| क्र.सं. | कला वर्ग के छात्र-छात्राएं | मध्यमान | मानक | क्रान्तिक | सार्थकता स्तर |
|---|---|---|---|---|---|

| | | | विचलन | अनुपात | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1<br><br><br>2 | कला वर्ग के छात्र<br>N=200<br>कला वर्ग की छात्राएं<br>N=200 | 85.07<br><br><br><br>86.53 | 11.13<br><br><br><br>10.75 | 1.33 | किसी भी स्तर पर सार्थक अंतर नही है |

उपरोक्त तालिका को देखने से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर पर कला वर्ग के छात्रों का मध्यमान 85.07 है तथा मानक विचलन 11.13 है तथा माध्यमिक स्तर के कला वर्ग की छात्राओं का मध्यमान 86.53 है तथा मानक विचलन 10.75 है । दोनों समूहों के मध्य क्रांतिक अनुपात का मान 1.33 है जो सार्थकता के किसी भी स्तर पर सार्थक अंतर को प्रदर्शित नहीं करता है ।

अत: परिकल्पना "माध्यमिक स्तर के कला वर्ग के छात्र एवं छात्राओं के मध्य विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्तियों में कोई सार्थक अंतर नहीं है, स्वीकृत की जाती है । उपरोक्त तालिका को देखने से यह स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के कला वर्ग की छात्राओं का मध्यमान छात्रों की अपेक्षा अधिक है लेकिन सार्थक अंतर न होने के कारण परिणाम समान है ।

परिकल्पना सं. 03

माध्यमिक स्तर के विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं के विवाह की अवधारणा के प्रति मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रांतिक अनुपात की तालिका :

तालिका सं. 0.3

| क्र.सं. | विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राएं | मध्यमान | मानक विचलन | क्रान्तिक अनुपात | सार्थकता स्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1<br><br><br>2 | विज्ञान वर्ग के छात्र<br>N=200<br>विज्ञान वर्ग की छात्राएं<br>N=200 | 88.71<br><br><br><br>87.70 | 14.27<br><br><br><br>11.95 | 3.04 | +0.01 स्तर पर सार्थक अंतर है |

उपरोक्त तालिका को देखने से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर पर विज्ञान वर्ग के छात्रों का विवाह के प्रति मध्यमान 88.71 है तथा मानक विचलन 14.27 है, तथा विज्ञान वर्ग की छात्राओं का विवाह के प्रति मध्यमान 87.70 तथा मानक विचलन 11.95 है । इन दोनों समूहों के मध्य क्रांतिक अनुपात का मान 3.04 है जो सार्थकता के 0.01 स्तर पर सार्थक अंतर को प्रदर्शित करता है ।

अत: परिकल्पना "माध्यमिक स्तर के विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं के मध्य विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्तियों में कोई सार्थक अंतर नहीं है, अस्वीकृत की जाती है ।

उपयुक्त तालिका के विवेचन से यह स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर की विज्ञान वर्ग की छात्राओं का मध्यमान विज्ञान वर्ग के छात्रों की अपेक्षा अधिक है ।

परिकल्पना सं. 04

माध्यमिक स्तर के कला एवं विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं का विवाह की अवधारणा के प्रति मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रांतिक अनुपात की तालिका :

तालिका सं. 0.4

| क्र.सं. | कला एवं विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राएं | मध्यमान | मानक विचलन | क्रान्तिक अनुपात | सार्थकता स्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कला वर्ग के छात्र-छात्राएं N=400 | 85.80 | 10.95 | 0.11 | किसी भी स्तर पर सार्थक अंतर नही है |
| 2 | विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राएं N=400 | 85.70 | 13.29 | | |

(4) माध्यमिक स्तर के कला एवं विज्ञान दोनों वर्ग के छात्र-छात्राओं की विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति समान है अर्थात दोनों शासन द्वारा निर्धारित उम्र पर विवाह करने के पक्ष में है ।

सुझाव :

(1) विद्यालयों के पाठ्यक्रमों में विवाह, परिवार विषय को सम्मिलित किया जाए जिससे जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों तथा परिवार से होने वाले लाभों के प्रति जागरूक बनाया जा सके ।

(2) महिलाओं को घर से बाहर निकलकर रोजगार प्राप्त करने, आत्मनिर्भर होने आदि के लिए प्रोत्साहित किया जाए, जिससे शीघ्र विवाह का विरोध, जनसंख्या वृद्धि पर रोक आदि पर महिलाएं निर्णय ले सकें ।

(3) माध्यमिक स्तर पर पाठ्यक्रम में पाठ सहगामी क्रियाओं में विवाह, परिवार आदि को सम्मिलित किया जाना चाहिए ।

(4) समाज में महिलाओं को शिक्षित करने पर जोर देना चाहिए वे शिक्षित होंगी तो समाज में अनेक बुराइयों का खात्मा हो सकता है ।

शैक्षिक निहितार्थ : प्रस्तुत अध्ययन के शैक्षिक निहितार्थ निम्नलिखित है ।

(1) आज के आधुनिक समय में पिछड़ी एवं निम्न जातियां विवाह के प्रति जागरूक नहीं है । जिसका मूल कारण अच्छी शिक्षा का अभाव है । अनुसंधान के परिणाम से यह स्पष्ट होता है कि उच्च शिक्षा प्राप्त छात्र-छात्राएं सभी जाति एवं वर्ग के लोग कम उम्र में विवाह करना नहीं चाहते हैं परंतु इसके लिए उन्हें जागरूक करके उत्तम शिक्षा की व्यवस्था करनी होंगी, जो शासन द्वारा करनी चाहिए जिससे अच्छे परिणाम प्राप्त हो सके ।

(2) निम्न एवं पिछड़ी जातियों को विशेष रूप से जागरूक बनाने की आवश्यकता है उन्हें यह समझाने की आवश्यकता है कि अति शीघ्र विवाह से अनेक समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं । तथा कम उम्र में मां बनना यह महिलाओं को कमजोर और बीमार बना देती हैं वहीं पर जनसंख्या वृद्धि, से अधिक समस्याएं को बढ़ावा मिलता है ।

(3) समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर किया जा सकता है । जब परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी होगी तब कम उम्र में विवाह जैसे बंधन में लोग बधना नहीं चाहेंगे परिवार का ढांचा आर्थिक स्थिति खराब होने से बिगड़ जाती है और घर में विपन्नता आ जाती है सभी प्रकार के विकास रूक जाते हैं उनकी सोच केवल रोटी,कपड़ा और मकान तक ही सीमित हो जाती है । इसके लिए सुझाव की आवश्यकता है ।

भावी अनुसंधान हेतु सम्भावनायें : भावी अनुसंधान हेतु निम्नलिखित संभावनाएं हैं ।

(1) प्रस्तुत शोध प्रयागराज जनपद के शहरी छात्र छात्राओं पर किया गया है ।भविष्य मे ग्रामीण क्षेत्रों पर भी शोध किया जा सकता है ।

(2) यह शोध माध्यमिक स्तर के छात्र छात्राओं के बीच किया गया है अत: भविष्य में समाज के अन्य आयु वर्ग स्नातक स्तर के लोगों पर भी शोध किया जा सकता है ।

(3) प्रस्तुत शोध केवल विवाह को लेकर किया गया है भविष्य में विवाह के साथ-साथ दहेज, जनसंख्या वृद्धि, परिवार की अवधारणाओं पर भी शोध किया जा सकता है ।

(4) प्रस्तुत शोध में माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं में विवाह के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन किया गया है भविष्य में समग्र रूप से इस पर समूह द्वारा अनुसंधान कार्य किया जा सकता है ।

(5) विवाहित और अविवाहित स्त्री पुरुषों पर विस्तृत क्षेत्र पर अनुसंधान किया जा सकता है ।

संदर्भ :

1. www.unicef.org/.../2013childmarraige...
2. en.wekipedici.org/.../childmarraigein....
3. अग्रवाल, सी.(2003),भारतीय नारी : विविध आयाम, दिल्ली : इंडियन पब्लिशर्स ।
4. कपिल, एच. के. (2007), अनुसंधान विधियां, आगरा : हरप्रसाद भार्गव ।
5. कुमार, आर. (2005), नारी के बदलते आयाम, नई दिल्ली : अर्जुन पब्लिशिंग हाउस ।
6. गुप्ता, एस.पी. (2005), साख्यिकीय विधियां, इलाहाबाद : शारदा पुस्तक भवन ।
7. चंद्रलेखा, (2014), प्राचीन भारत में लड़कियों के विवाह की आयु,अनुकृति ।
8. जैन, शोभिता, (2004), भारत में परिवार, विवाह और नातेदारी, जयपुर, रावत पब्लिकेशन्स ।
9. शर्मा, कुमुद (2002), नारी शिक्षा की चुनौतियां, समाज कल्याण के क्षेत्र, समाज कल्याण बोर्ड, नई दिल्ली ।
10. सिंह, एम.एन. (2006), महिला सशक्तिकरण का सच, नई दिल्ली : ओमेगा पब्लिकेशन्स ।
11. सारस्वत, मालती (1979), शिक्षा मनोविज्ञान की रूपरेखा, लखनऊ : आलोक प्रकाशन ।
12. राजा रमन, इंदिरा (2007), 11वीं योजना में महिलाएं, योजना 51(2), 321 ।
13. राय, पारसनाथ (2006), शैक्षिक अनुसंधान, आगरा : लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ।
14. भाटी, कांता (2004), महिला उत्पीड़न, दहेज, प्रताड़ना तथा दहेज हत्या, जयपुर पोइन्टर पब्लिशर्स ।

# मेवाड़ के संस्कृत–शिलालेखों का मूल्यांकन

डॉ० मधुबाला जैन
अतिथि व्याख्याता, राजकीय महाविद्यालय मावली, उदयपुर, राजस्थान।

**Article Info**
Volume 5, Issue 3
Page Number : 21-33
**Publication Issue :**
May-June-2022
**Article History**
Accepted : 05 June 2022
Published : 15 June 2022

**शोध सारांश–** सांस्कृतिक विकास एवं समृद्धि हेतु शिल्प, वास्तुकला, साहित्य एवं कला ने मेवाड़ को कीर्ति के सर्वोच्च शिखर पर पहुँचा दिया। चित्तौड़ के कीर्तिस्तम्भ, राणकपुर के जैन मन्दिर, सूर्य–मंदिर जहाँ शिल्प के बेजोड़ नमूने हैं वहीं सैन्य स्थापत्य कला में कुंभलगढ़ का कोई सानी नहीं है।

**मुख्य शब्द–** मेवाड़, संस्कृत, शिलालेख, मूल्यांकन, साहित्य, सांस्कृतिक, राजस्थान।

राजस्थान इतिहास उज्ज्वल और गौरवमय रहा है। यह प्रदेश वीरत्व एवं शौर्य की क्रीडास्थली रहा है लेकिन जिन गुणों ने इसके इतिहास को गौरवान्वित किया है तथा इसे अमरत्व प्रदान किया है, वे मात्र वीरत्व एवं शौर्य के गुण ही नहीं है, अपितु उनके प्रेरक वे आदर्श एवं जीवनमूल्य हैं, जिन्होंने उनकी वीरता को एक अनूठी गरिमा और महिमा से मंडित किया। इसी राजस्थान के मेवाड़ प्रान्त की गौरवमयी परम्परा ने राजस्थान की धरती को महिमा–मंडित किया है।

वीर–प्रसविनी मेवाड़ की भूमि मात्र शौर्य, बलिदान, त्याग और देशानुराग की स्थली ही नहीं, अपितु भारतीय संस्कृति की पोषक और संरक्षक भी रही है। मातृ–भूमि की रक्षा के लिए आत्माहुति देने के साथ–साथ संस्कृति एवं धर्म की रक्षा करने की एक दीर्घकालीन परम्परा मेवाड़ के इतिहास में दिखाई देती है। राष्ट्रीय संस्कृति के मूलमन्त्र 'शस्त्रेण रक्षितः राष्ट्रे शास्त्रचिन्ता प्रवर्तते।' का पूर्णतः पालन मेवाड़–प्रदेश ने किया।

संस्कृत शिक्षा के प्रचार–प्रसार हेतु प्रदेश में अनेक महाराणाओं ने समय–समय पर विद्वानों को प्रश्रय एवं अनुदान देकर प्रोत्साहित किया। फलस्वरूप संस्कृत साहित्य के अध्ययन के प्रति लोगों में अनुराग उत्पन्न हुआ। यद्यपि संस्कृत सर्वमान्य भाषा तो नहीं बन सकी तथापि अनेक इच्छुक लोगों को संस्कृत–साहित्य के अध्ययन के प्रति रूचि जागृत हुई। अतः एक ओर परम्परागत वैदिक एवं लौकिक संस्कृत साहित्य का इस क्षेत्र में प्रचार हुआ जिससे प्राचीन साहित्यिक धरोहर को अक्षुण्ण रखा जा सका तथा दूसरी ओर संस्कृत में कतिपय मौलिक रचनाओं का सृजन भी हो सका। मेवाड़ के लगभग सभी महाराणाओं ने संस्कृत साहित्य की प्रगति में यथासम्भव योगदान दिया। मेवाड़ प्रदेश में अनेक उत्कृष्ट प्रशस्तिकार तथा कवि हुए जिन्होंने अपनी रचनाएँ संस्कृत में गद्य और पद्यों द्वारा सृजित की। प्रशस्ति रचनाओं द्वारा मेवाड़ के धर्मानुष्ठान एवं सांस्कृतिक पहलुओं पर प्रकाश डाला जाता रहा है। मेवाड़ के प्रशस्तिकारों ने न केवल संस्कृत भाषा की प्रतिष्ठा बढ़ाई अपितु उन्होंने अपनी रचनाओं द्वारा एक नई प्रेरणा भी विकसित की जो भविष्य

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

के साहित्यकारों के लिए मार्गदर्शक बनी। मेवाड़ के इन शिलालेखों में पौराणिक एवं ऐतिहासिक वंशावलियाँ दी गई है जिससे मेवाड़ के प्राचीन महाराणाओं के वंशक्रम के बारे में ज्ञान होता है। तत्कालीन शासक, उसके राज्यकाल तथा उसकी उपलब्धियों के बारे में पता चलता है। उदाहरण के लिए रणछोड़ भट्ट द्वारा रचित राजप्रशस्ति के प्रारम्भ के पाँच सर्गों में पौराणिक एवं ऐतिहासिक वंशावली दी गई है। इसमें कवि ने महाराणाओं से संबंधित घटनाओं, रचनात्मक कार्यों, तथ्यों का संवत्, तिथि, वार आदि देते हुए प्रमाणिकता के साथ वर्णन किया है। इस प्रकार ये शिलालेख ऐतिहासिकता को भी संतुष्ट करते है।

मेवाड़ के इन शिलालेखों से तत्कालीन राजनैतिक व्यवस्था का ज्ञान होता है। सम्पूर्ण शासन का सर्वोपरि स्वयं राजा होता था जो राज, महाराज, परमभट्टारक, महाराजाधिराज आदि विरूदों से सम्बोधित होता था। राजा प्रजा के धार्मिक, सामाजिक और राजनैतिक जीवन के नेता थे। वे प्रजा के संरक्षक होते थे जो शत्रुओं से प्रजा की रक्षा करते थे। गुहिलवंशीय शील के राज्य में अन्य भागों से व्यापारी आकर उसकी जनप्रियता के कारण आकर बसे थे। शील को उसके प्रशस्तिकार ने शत्रुओं की जीतने वाला देव, ब्राह्मण और गुरूजनों का आनन्द देने वाला कहा है। इसके साथ–साथ उसे पृथ्वी का विजेता भी माना है।[1] इन राजनैतिक आचार–नियमों के अतिरिक्त इस युग के शासकों के कर्त्तव्यों में दुष्टों को दण्ड देना, धर्म की रक्षा करना, प्रजा पालन करना, युद्ध में सैन्य–संचालन करना, न्याय वितरण करना, जनोपयोगी कार्यों का सम्पादन करवाना, सार्वजनिक उत्सवों में भाग लेना आदि भी सम्मिलित थे। आहड़ के हस्तिमाला मंदिर की सीढ़ी पर लगे शिलालेख में शुचिवर्मा को मर्यादा पालन करने वाला, दानी और शत्रुओं को नष्ट करने वाला शासक कहा है जो राजा के सम्बन्ध में ऊपर बताए हुए कर्त्तव्यों की ओर संकेत करता है।[2]

मेवाड़ के महाराणाओं में प्रायः धार्मिक सहिष्णुता प्रचलित थी। बप्पा रावल को शिव की कृपा एवं शैवमतानुयायी हारित राशि के आशीर्वाद से मेवाड़ का राज्य प्राप्त हुआ था अतएव उसके वंशज शैव मतानुयायी हुए, परन्तु उन्होंने कभी धार्मिक कट्टरता का परिचय नहीं दिया। जिससे अन्य धार्मिक विश्वासों को भी मेवाड़ में फलने–फूलने का अवसर मिला। मेवाड़ की धरा पर शैव, वैष्णव, लकुलीश सम्प्रदाय, मातृ–शक्ति, तथा जैन मंदिरों की स्थिति से हमें यहाँ के महाराणाओं का सर्वधर्म समभाव की नीति का पता चलता है। आहड़ के जैन मंदिर को देवकुलिका के लेख में शक्तिकुमार 'जैन धर्म' के प्रति उदार दिखाई देता है।[3] सारणेश्वर मंदिर के लेख में राजा अल्लट द्वारा आहड़ में विष्णु के अवतार वराह भगवान का विशाल मंदिर बनवाकर अपनी धार्मिक उदारता को प्रदर्शित किया था, साथ ही मंदिर के निर्वाह के लिए उसने 'गोष्ठिको' की नियुक्ति भी की थी तथा करों की व्यवस्था का निर्धारण भी किया था।[4]

इन प्राचीन मंदिरों के अतिरिक्त वि.सं. 718 वर्ष में कुंडा ग्राम की प्रशस्ति में श्रीबन्ध की पत्नी यशोमती द्वारा विष्णु मंदिर, संवत् 1708 वर्ष में जगत्सिंह प्रथम ने जगदीश मंदिर, संवत् 1774 वर्ष में संग्राम सिंह के शासनकाल में महाराव सुरतान सिंह ने बेदला गांव में विष्णु मंदिर आदि बनवाए। वि.सं. 1028 वर्ष में वेदांगमुनि ने एकलिंगजी के स्थान में नाथों के मठ पर लकुलीश का मंदिर बनवाया। विसं. 1485 वर्ष में चित्तौड़ की महासतियों में महाराणा मोकल ने समिद्धेश्वर महादेव की प्रतिष्ठा की। वि.सं. 1775 वर्ष में संग्रामसिंह की राजमाता देवकुमारिका ने सीसारमा गाँव में वैद्यनाथ महादेव का मंदिर बनवाया। वि.सं. 1226 वर्ष में श्रेष्ठी लोल्लक ने बीजोलिया ग्राम में पार्श्वनाथ जिनेश्वर का मंदिर बनवाया। वि.सं. 1478 वर्ष में महाराणा मोकल के शासनकाल में जावर नामक ग्राम में पार्श्वनाथ का मंदिर बनवाया गया। वि.सं. 1496 वर्ष में महाराणा कुंभकर्ण ने राणकपुर जैन मंदिर में जिसे त्रिलोक्यदीपक जिनालय कहा जाता है, उसमें ऋषभदेव की चतुर्मुखी प्रतिमा स्थापित की। वि.स. 1819 वर्ष में महाराणा श्री अरिसिंह के शासनकाल में शाह कपूरचन्द

ने उदयपुर के हाथीपोल दरवाजे के बाहर चौगान के पास पद्मनाथ तीर्थंकर का मंदिर बनवाया। इस प्रकार विभिन्न धर्मों के प्रति मेवाड़ के शासकों की सहिष्णुता थी।

राजा के पद के बाद युवराज या महाराजकुमार का स्थान शासन में बड़े महत्व का था। बहुविवाह की परम्परा के कारण राजाओं के अनेक राजकुमार होते थे, अतएव इनमें से एक को उत्तराधिकारी चुन लेना आवश्यक होता था। राजा बहुधा अपने जीवनकाल में ही उत्तराधिकारी बना लिया करते थे जिससे वे युद्ध और शान्ति के समय राजा के सहायक बने रहें और पीछे से उत्तराधिकार की समस्या न उपस्थित हो। कभी–कभी राजा किसी विशेष कारणों से अपने जीवनकाल में ही राज्य–काल से विरक्ति प्राप्त कर शासन का भार राजकुमार को दे दिया करता था। बापा का राज्य छोड़कर सन्यास लेना और खुम्माण को राज्य सुपुर्द करना प्रसिद्ध ही है।[5]

मेवाड़ की शासन–व्यवस्था में मन्त्रियों और उच्चाधिकारियों का राज्य व्यवस्था में विशेष स्थान था। राजा इन्हें अपनी इच्छा से नियुक्त करता था और हटा देता था परन्तु विशेष रूप से जो मंत्री जनहित सम्पादन का कार्य करने में उपयुक्त थे उनका पद पितृ–परम्परा से चलता रहता था। वैसे तो यह आवश्यक नहीं था कि सदैव राजा इन मंत्रियों की सलाह मानने को बाध्य हो, परन्तु वह बहुधा योग्य मंत्रियों का सम्मान करता था। महाराणा संग्रामसिंह द्वितीय के मंत्रियों में वरिष्ठ धर्मात्मा बिहारीदास हुए जो सर्वाधिकारी पद पर नियुक्त किए गए थे। शास्त्र के जानकार होने के साथ ही सत्य और धर्म के द्वारा ईमानदारी को बीस को बीस ही करते थे। बिहारीदास राजा की अनुमति से दान करते थे। बिहारीदास के मंत्रियों में मुख्य होने पर संग्रामसिंह राजा के वशिष्ठ होने पर दोनों में अनुकूलता प्राप्त हुई।[6] अमात्य के अतिरिक्त अन्य प्रशासनिक पदों की जानकारी भी इन शिलालेखों से प्राप्त होती है। सारणेश्वर मंदिर के शिलालेख में सान्धिविग्रहिक एवं अक्षपटलिक नामक अधिकारियों के बारे में भी जानकारी मिलती है। अल्लट के समय में सान्धिविग्रहिक के रूप में दुर्लभराज का उल्लेख मिलता है। जिसकी तुलना आज विदेश मंत्री से की जा सकती है। इसी शिलालेख में अल्लट द्वारा मयूर और समुद्र को अक्षपटलिक नियुक्त किया। इस पदाधिकारी का मुख्य कार्य राज्य की आय–व्यय का हिसाब रखने का था।[7]

राज्य की आय के साधन में राजस्व व्यवस्था प्रमुख स्थान रखती थी। यह आय भूमि–कर, दण्ड, शुल्क और अन्य आवश्यक करों पर निर्भर थी इसके अतिरिक्त कृषि, पशुपालन एवं उद्योगों से भी आय होती थी। मेवाड़ में आने वाले विभिन्न देशों के व्यापारियों से विभिन्न प्रकार के कर के रूप में राशि ली जाती थी। सारणेश्वर मंदिर की प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि कर्णाटक, मध्यप्रदेश, लाट, टक (पंजाब का एक भूभाग) तथा अन्य स्थानों से आने वाले वणिकों के द्वारा दान देना निर्धारित था। यह दान मंदिरों की आवश्यक सामग्री और रख–रखाव में काम लिया जाता था। आहड़ को उच्च व्यापारिक केन्द्र बनवाना अल्लट की एक महान् उपलब्धि थी। मेवाड़ की आय का साधन यहाँ की खनिज उपलब्धता भी थी। जगन्नाथराय प्रशस्ति में कहा है कि मेवाड़ी राजाओं के राज्य में धरती खोदने पर पूर्णरूप से चाँदी निकली।[8] कर व्यवस्था तथा खनिज सम्पदा के अतिरिक्त यहाँ के महाराणाओं द्वारा युद्ध में जीते गए शत्रु–राजाओं से दण्ड–स्वरूप धन लिया जाता था जो राजकीय कोष में जाता था। महाराणा जगत्सिंह के प्रधान भागचन्द ने जब बांसवाड़ा पर विजय प्राप्त की तब रावल समरसिंह ने दण्ड–स्वरूप दो लाख रूपये देकर महाराणा की अधीनता स्वीकार की।[9] इस प्रकार शत्रु–राजाओं के दण्ड–स्वरूप लिए जाने वाले धन से भी राजस्व आय होती थी।

मेवाड़ के इन शिलालेखों में युद्ध–विजय एवं राज्य–विस्तार के वर्णनों की प्रधानता प्राप्त होती है। यहाँ के सूर्यवंशी महाराणाओं ने अपने प्रताप से शत्रु रूपी कीचड़ को सूखा दिया। गुहिल–पुत्र राजा भोज

के युद्ध के समय प्रयाण के समय घोड़ों के खुरों से उठी हुई धूल अन्तरिक्ष में चली जाती है तब ऐसा लगता है जैसे बादल छा गए हो। राजा भोज के तेज दौड़ने वाले घोड़ों की आवाज सुनकर युवतियों के असहज हो जाने पर शुत्र जंगल में चले जाते हैं।[10] महाराणा राजसिंह की सेना के पास विद्यमान तोपों का वर्णन करते हुए लिखा है कि ये सुन्दर तोपें शत्रुओं का संहार करने वाली कलिकाएँ हैं। बगल में रखे हुए गोलों के बहाने इन्होंने मुण्ड–मालाएँ पहन रखी हैं। इन तोपों को मौत की दाढे, शत्रुओं के प्राणों का संचय करने वाली कंदराएँ तथा पाताल लोक के घड़ियाओं का वक्रमुख कहा है।[11] इस प्रकार मेवाड़ की सेना शक्ति सम्पन्न थी।

मेवाड़ के इन शिलालेखों से तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था के बारे में भी पता चलता है। समाज में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र इन चार वर्णों के अतिरिक्त कायस्थ आदि का भी उदय हो गया था। व्यवहारिक रूप से वर्णों का बदलाव वर्गों के रूप में हो गया था यथा राजवर्ग, व्यापारी वर्ग, कृषक वर्ग, खेतिहर वर्ग, राज्याश्रित विद्वान वर्ग, निम्न वर्ग तथा साधुवर्ग आदि। धार्मिक कार्यों में संलग्न होने से ब्राह्मणों को यथोचित सम्मान मिला हुआ था। विभिन्न महाराणाओं ने अपने राज्याश्रित ब्राह्मण गुरूओं के प्रति सम्मान स्वरूप अनेक दान किए। महाराणा राजसिंह अश्वमेघ यज्ञ के समय अपने नवल नामक घोड़े पर अपने गुरू मधुसूदन को बिठाया तथा उसके आगे वे पैदल–पैदल चले।[12] विक्रम संवत् 1226 के बिजौलिया की पार्श्वनाथ प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि वाक्पतिराज के वंशज कुंतपाल के बड़े भाई का पुत्र पृथ्वीराज ने स्वर्ण पर्वत का दान किया तथा स्वर्णादि दश दानों के समूह से तथा नगरदान आदि के द्वारा ब्राह्मणों को संतुष्ट किया। महाराणा मोकल के काल में ब्राह्मणों की दशा आर्थिक रूप से कमजोर होने पर इन्होंने कृषि कर्म अपना लिया तब महाराणा मोकल ने उन्हें कृषि–कार्य से हटाकर पुनः पूजा पाठ की ओर प्रेरित किया। उन्हें अंगों सहित वेद पढ़ाने की व्यवस्था की।[13]

वर्ण व्यवस्था में दूसरा स्थान क्षत्रिय का है। क्षत्रिय वर्ण का कर्म शत्रुओं से रक्षा करना तथा युद्ध करना था किन्तु कुंभाकालीन सभी लोग युद्ध के अभ्यस्त थे क्योंकि यह काल व्यक्तिगत शौर्यप्रदर्शन का था। सभी लोग देश की रक्षा के लिए मर मिटने पर तुले हुए थे। मेवाड़ के महाराणाओं द्वारा क्षत्रियों के युद्ध में विजित होने पर अनेक उपहार दिये जाते थे। महाराणा जगत्सिंह ने भागचन्द द्वारा बांसवाड़ा विजय करने पर उसे हाथी–हथिनी तथा एक नया महल दिया तथा जीवन पर्यन्त प्रधान की पदवी दी।[14]

वैश्य वर्ण वस्तुओं का क्रय–विक्रय करते थे। पशुपालन, कृषि एवं व्यापार इनका प्रमुख कर्म था। विक्रम संवत् 1010 वर्ष में आहड़ व्यापार का प्रमुख केन्द्र था। कर्नाटक, मध्यप्रदेश, गुजरात एवं पंजाब से वणिक यहाँ व्यापार करने के लिए आते थे जिनसे यहाँ पर कर लिया जाता था।[15] इन वर्णों के अतिरिक्त मेवाड़ में कायस्थ वर्ग का भी वर्णन मिलता है। ताम्रपत्रों, शिलालेखों और अन्य पत्रों को लिखने का कार्य ये अधिकारी ही करते थे। सारणेश्वर मन्दिर की प्रशस्ति में पाल और वेल्लक नामक दो कायस्थों का उल्लेख हुआ है। कायस्थ एक जाति के रूप में विकसित हो चुकी थी।

मेवाड़ के शिलालेखों में पारिवारिक जीवन के भी दर्शन होते हैं। समाज में एकल तथा बहुविवाह प्रथा दोनों का प्रचलन था। पति और पत्नी की अनुकूलता ही परिवार के सुख एवं अभ्युदय का कारण होती है। गुहिलवंश में उत्पन्न श्रीबन्ध की पत्नी का वर्णन इसका अनुपम उदाहरण है– 'उसका नाम यशोमती था, वह उसकी पत्नी थी, प्रेम करने वाली यशोमती उत्पथ में जाने वाले चित्त को रोकती थी, विनय के कारण वह अरून्धती भी थी।'[16] मेवाड़ के महाराणाओं एवं समाज में बहुविवाह का प्रचलन था। मेवाड़ के हारित ऋषि के शिष्य द्विज बापा ने सैकड़ों राजाओं की पुत्रियों के साथ विवाह किया।[17] महाराणा कुंभा हमेशा नवीन

राजकन्याओं के साथ प्रतिदिन विवाह करता था। कुछ राजकन्याएँ वीरों द्वारा शत्रु –राजाओं को दण्डित कर प्राप्त करता था, कुछ राजकन्याएँ धन, गज, घोड़े देकर अपने साथ ले आता था, कुछ को युद्ध में हरणकर साथ ले आता था। इस प्रकार महाराणा कुंभा नवीन–नवीन राजकन्याओं से परिणय करता था।[18] मेवाड़ के राजवंशों में अपरिणिता प्रियाओं को रखने का भी प्रचलन था। महाराणा जगत्सिंह की अपरिणीता प्रिया (रखैल) से मोहनदास[19] तथा उपपत्नी से नारायणदास[20] उत्पन्न हुए। समाज में सती प्रथा का प्रचलन था। गुहिल वंश में महाराजा पद्मसिंह के पुत्र योगराज के छोटे भाई के वंशज बालाक के युद्ध में परलोक जाने पर उसकी पत्नी भोली विद्वानों के समक्ष सती हो गई।[21] मेवाड़ में स्त्रियों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था ऐसा शिलालेखों से ज्ञात होता है। पुरूषों के समान 'श्री' लगाया जाता था। महाराणा कुंभा की पुत्री के लिए 'श्रीरमावर्णन' लिखा गया है।[22] पितृवंश के साथ–साथ मातृवंश का वर्णन भी इन शिलालेखों में मिलता है। संग्रामसिंह की माता देवकुमारिका के पितृवंश का वर्णन किया गया है।[23]जिससे स्पष्ट होता है कि मेवाड़ में स्त्रियों को भी प्रधानता दी गई थी। मेवाड़ में जहाँ स्त्रियाँ केवल गृहकार्य तक ही सीमित थी, उन्हें शिक्षा का अधिकार नहीं था। वहीं महाराणा कुंभा ने इस परम्परा को तोड़ा। रमा बाई को शिक्षित किया। रमा बाई ने अपनी संगीत परम्परा को आगे बढ़ाया।[24] महाराणा प्रताप के पुत्र अमरसिंह द्वारा खानखाना की स्त्रियों का अपहरण करने पर महाराणा प्रताप ने उन्हें वापस बहन–बेटी के समान संतुष्ट कर भेज दिया।[25] ये आदर्श भी हमें मेवाड़ के शिलालेखों में दृष्टिगत होते हैं जिसमें पराई स्त्री के प्रति सम्मान की भावना अभिव्यक्त होती है। परिवार में कोई भी धार्मिक कृत्य स्त्रियों के बिना पूर्ण नहीं होता था। महाराणा राजसिंह ने पत्नियों के वसनांचलों के साथ गठबंधन कर राजसमुद्र की परिक्रमा की थी।[26] इस प्रकार स्पष्ट होता है कि मेवाड़ में स्त्रियों को गृहलक्ष्मी और पूजनीय भी माना गया है। परिवार में माता–पिता की प्रधानता होती थी। माता–पिता की बुद्धि, क्षमता, कर्त्तव्यपरायणता, सदाचरण एवं धार्मिकता का प्रभाव सम्पूर्ण परिवार पर पड़ता था। माता–पिता की मृत्यु के पश्चात् ज्येष्ठ पुत्र को अधिकार प्राप्त होते थे। पुत्रों के द्वारा ही पितृ–तर्पण कर्म किया जाता था। मेवाड़ के महाराणा लक्षसिंह ने गया को मुस्लिम शासकों के कर से मुक्त किया। पितरों को मुक्ति रूपी अमृत का पान कराया। उसके पुत्र मोकल में भी गया में पितरों की मुक्ति के लिए तर्पण किया। मोकल ने ऋणमोचन और पापमोचन तीर्थ पर कुण्ड का निर्माण करवाया।[27] पुत्र वही होता है जो अपने पितरों को ऋणों से मुक्त करता है, वही व्यक्ति ऋणरहित होता है। यही सोचकर महाराणा जवानसिंह ने अपने खर्चे पर आत्मीय लोगों का पिण्ड–दान दिया। उसके पुत्र सरदारसिंह ने भी पितरों की मुक्ति के लिए यात्राएँ की। जवानसिंह की प्रतिज्ञा को पूरा किया तथा गया में होने वाली क्रियाओं को किया। जवानसिंह के पौत्र स्वरूपसिंह ने भी अपने दादा की प्रतिज्ञा के अनुसार शराब को हाथ नहीं लगाया।[28] मेवाड़ की धरा पर केवल राजवर्ग ही नहीं अपितु सामान्य प्रजा भी उच्च आदर्शों को धारण करती थी। उदयपुर में महाराणा जगत्सिंह के शासन काल में झंझा नामक गुर्जर था जो धर्म की निष्ठा वाला तथा उदार था। उसका पुत्र नाथा नामक गुर्जर था जो अनाथों का बंधु, गुण–समूह का सागर था। उसी के वंश में उसका प्रपौत्र धायभाई मानजी दास था जिसके दान को प्राप्त करके, भिक्षा मांगने वाले लोग पुष्ट और संतुष्ट होते थे।[29] भीमसिंह की माता तथा महाराणा अरिसिंह की पत्नी बडारण रामप्यारी द्वारा मंदिर, बाड़ी, धर्मशाला तथा बावड़ी की प्रतिष्ठा के समय राजा की माता सेविकाएँ सहित अपनी बहू के इस उत्सव को देखकर प्रसन्न हुई, इसकों कहीं भार नहीं माना। बहू द्वारा किए गए खर्चों को व्यर्थ नहीं माना।[30] यह बात तत्कालीन सास–बहू के मधुर रिश्तों को उजागर करती है।

मेवाड़ के इन शिलालेखों के अनुसार धार्मिक जीवन तीन मुख्य धाराओं से प्रभावित था–वैदिक, पौराणिक और जैन। वैदिक अर्थ के प्रधान अंग यज्ञ, बलिदान, श्राद्ध आदि थे। यज्ञों में पशु मारे जाते थे जिनका निषेध उस समय के जैन ग्रन्थों में मिलता है। पौराणिक धर्मों में शिव, विष्णु, देवी की मान्यता थी। ब्राह्मणों को आदर से देखना सभी धर्मों का कर्त्तव्य था। मेवाड़ के शिलालेखों में चित्तौड़, आहड़, जावर, सीसारमा, उदयपुर, कुम्भलमेरू आदि कस्बों में कई शिव, विष्णु, महावीर, वराह आदि देव–देवियों के मंदिर बनाए गए थे। जगत् का देवी मंदिर, चित्तौड़ का सूर्य मंदिर, समिद्धेश्वर मंदिर, सीसारमा का वैद्यनाथ महादेव का मन्दिर, कुम्भलमेरू का मामादेव मन्दिर, कैलाशपुरी का एकलिंग जी मंदिर, उदयपुर का जगन्नाथराय मन्दिर, जावर का पार्श्वनाथ मंदिर, उदयपुर का सारणेश्वर महादेव का मंदिर, चीरवा का मंदिर तत्कालीन धार्मिक सहिष्णुता के द्योतक है। नागदा, चित्तौड़ आदि स्थानों से मिलने वाले कतिपय शिलालेख उस समय के पौराणिक आराध्य देवों की स्तुतियों से भरे पड़े हैं। तीर्थयात्रा करने की प्रथा का भी हमें इन शिलालेखों से पता चलता है। मेवाड़ में सभी सम्प्रदायों को विश्वास और पूजा–पद्धति की पूर्ण स्वतन्त्रता थी इसलिए अनेक जैन आचार्य शैव या वैष्णव मतावलम्बी राजाओं के राज्य में अपने धर्म का प्रचार करते थे। अनेक मंदिरों चाहे वे शिव के हो, विष्णु के हो या देवी के हो या महावीर के हो उन्हें शासकों द्वारा अनुदान प्राप्त होता था। शक्तिकुमार के 977 ई. के शिलालेखों में आहड़ के जैन मंदिर तथा सूर्य मंदिर के बनाए जाने का उल्लेख है।

मेवाड़ के शिलालेख उत्कृष्ट कोटि के साहित्य के निदर्शन है। इन शिलालेखों की भाषा संस्कृत एवं लोकभाषा है। विक्रम संवत् 8 वीं सदी का अपराजित का शिलालेख उस समय के संस्कृत साहित्य का विशुद्ध उदाहरण है। इस लेख की कविता बड़ी मनोहर है। कुटिल लिपि में लिखे गए लेखों में यह उत्कृष्ट शिल्प का उदाहरण है। नरवाहन के समय का 971 ई. का नाथों का लेख भी रचना की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसकी श्लोक बद्ध रचना वेदांगमुनि के कृपापात्र आम्रकवि ने की। मेवाड़ के शिलालेखों से यह पता चलता है कि मेवाड़ के संस्कृत गद्य और पद्य लिखने का स्तर बड़ा ऊँचा था और शिक्षा की प्रगति संतोषजनक थी। उस समय के राजा भी विद्या के वैभव से वंचित नहीं थे, जैसा कि नरवाहन को 977 ई. के शिलालेख में कलाओं का आधार और विद्या की वेदी कहा है।[31] श्री एकलिंग जी की प्रशस्ति में महाराणा कुंभा को गीतगोविन्द और संगीतशास्त्र नामक ग्रन्थों का रचयिता कहा है।[32] महाराणा कुंभा ने संगीत, शिल्पकला, काव्यशास्त्रादि का विशेष ज्ञान प्राप्त किया था। इन्होंने वेद, पुराण, ज्योतिष, व्याकरणादि विषयों का अध्ययन करते हुए स्वयं साहित्य रचना का कार्य किया। महाराणा कुंभा के समय अनेक विद्वानों, कलाकारों एवं कवि–कोविदों को प्रश्रय प्राप्त था। प्रख्यात शिल्पी सूत्रधार मंडन ने वास्तुशास्त्र और शिल्प विषयक अनेक बहुमूल्य रचनाएँ इनके आश्रय में ही की।

महाराणा कुम्भा ने चार नाटकों की रचना भी की थी, जिनका कीर्तिस्तम्भ की प्रशस्ति में केवल उल्लेख मात्र मिलता है। इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि कुम्भा ने इन नाटकों में संस्कृत–भाषा के अतिरिक्त अन्य भाषाओं (महाराष्ट्री, कर्णाटकी और मेवाड़ी) का भी प्रयोग किया था।[33] इस प्रकार महाराणा कुम्भाकालीन साहित्यिक युग वास्तव में स्वर्णयुग था। मेवाड़ की महाराणा प्रताप के समय में राज्याश्रित कवि चक्रपाणि मिश्र ने विश्वल्लभ, मुहूर्तमाला एवं राज्याभिषेकपद्धति आदि ग्रन्थों की रचना की। महाराणा अमरसिंह के राज्याश्रित कवि जीवन्धर ने अमरसार नामक ग्रन्थ की रचना की। महाराणा जगत्सिंह के काल में कवि रघुनाथ पालीवाल ने जगत्सिंहकाव्यम् तथा पं श्री मोहनभट्ट ने जगत्सिंहाष्टक की रचना की जिसमें प्रशस्ति काव्य की परम्परानुसार महाराणा जगत्सिंह का आशीर्वादात्मक रूप में स्तुतिगान किया गया है। महाराणा

राजसिंह के काल में संस्कृत–साहित्य के क्षेत्र में आशातीत प्रगति हुई। इनके समय में वैदिक साहित्य, कर्मकाण्डीय साहित्य, पौराणिक साहित्य एवं विविध विषयक संस्कृत रचनाओं का अत्यधिक प्रचार रहा। महाराणा राजसिंह के राजकीय संरक्षण में प्राप्त कवियों ने अनेक काव्य–रचनाओं का सृजन कर अपने काव्य–कौशल का प्रदर्शन किया। महाराणा राजसिंह के दरबारी कवियों में प्रथम स्थान रणछोड़भट्ट का है। उनके द्वारा रचित राजप्रशस्ति महाकाव्य अत्यन्त प्रौढ़ रचना है, जिसका मुख्य विषय महाराणा राजसिंह की राजनैतिक उपलब्धियों और राजसमुद्र निर्माण कार्य का विशद वर्णन है। राजसिंह के दूसरे महत्वपूर्ण कवि सदाशिव नागर थे जिन्होंने राजरत्नाकर नामक काव्य की रचना की जो एक ऐतिहासिक काव्य है। महाराणा राजसिंह के काल में मुकुन्द ने राजसिंहाष्टक, पं. लालभट्ट ने राजसिंहप्रभोर्वर्णनम्, पं. जगन्नाथ पालीवाल ने राजपट्टाभिषेक–पद्धति की रचना की। महाराणा जयसिंह के समय में रणछोड़ भट्ट द्वारा जयसिंह प्रशस्ति नामक काव्य की रचना हुई। जिसमें जयसमन्द झील के निर्माण का वर्णन किया गया है। महाराणा राजसिंह के पौत्र एवं महाराणा जयसिंह के पुत्र अमरसिंह द्वितीय के शासनकाल में रणछोड़ भट्ट द्वारा अमरकाव्यम्' नामक काव्य की रचना की गई। बैकुण्ठ व्यास नामक पालीवाल ब्राह्मण ने अमरसिंहाभिषेक नामक काव्य की रचना की। इन साहित्यिक रचनाओं के अतिरिक्त अनेक धर्म–सम्प्रदायों यथा वैष्णव, शैव तथा जैन मतावलम्बियों के विद्वानों ने साहित्य सृजन किया। गोकुलचन्द्रमा की प्रशस्ति में महाराणा शंभुसिंह द्वारा विभिन्न ग्रन्थों की अलंकार युक्त टीका करवाये जाने का उल्लेख प्राप्त होता है।[34]

मेवाड़ के शिलालेखों से ज्ञात होता है कि यहाँ पर गुरूओं का समाज में उच्च स्थान था। विद्वानों को आचार्य, पण्डित, उपाध्याय, भट्ट, कविप्रवर आदि कहते थे। गुरू के सान्निध्य में बैठकर शिष्य वेद, धर्म, पुराण, ज्योतिष, गणित, साहित्य, व्याकरण आदि विषयों में ज्ञान प्राप्त करते थे। शिक्षा निःशुल्क होती थी और गुरू–शिष्य का सम्बन्ध घनिष्ठ रहता था। गुरू का शिष्य के चरित्र–निर्माण में पूरा हाथ रहता था। मेवाड़ के महाराणाओं ने विभिन्न गुरूओं के सान्निध्य में अनेक प्रकार की विद्याएँ ग्रहण की। इन शिक्षकों के भरण–पोषण का भार दानप्रिय जनता या राजाओं पर था जो दान और अग्रहार के गाँवों से उनके व्यय की व्यवस्था करते थे। कुंभकर्ण के पुत्र राजा रायमल्ल ने गोपाल भट्ट नामक गुरू को थूर नामक गाँव दिया जिसमें अच्छे अच्छे गन्ने उत्पन्न होते हैं, सुन्दर मूँग की माला उत्पन्न करने वाला पानी सुलभ है, शाली नामक चावल उत्पन्न होते हैं, अच्छे आम उत्पन्न होते हैं, और पानी में कमल खिलते हैं। रायमल्ल के गुरू गोपालभट्ट कामनापूर्ण यज्ञ करने वाले थे, जिसके स्वस्तिवाचन से सम्पदाएँ बढ़ती है, राज्य उन्नत होता है, आपदाएँ और शत्रु नाश को प्राप्त होते हैं।[35]

महाराणा जगत्सिंह ने विद्वान् कृष्णभट्ट को भैंसड़ा नामक गाँव दिया। मधुसूदन शर्मा को आहड़ नामक ग्राम में दो हलवाह जमीन दी।[36] महाराणा राजसिंह ने बड़ी में जनासागर की प्रतिष्ठा के अवसर पर ब्राह्मण गरीबदास को गुणहंडा तथा देवपुरा नामक दो ग्राम प्रदान किए।[37]इस प्रकार स्पष्ट होता है कि मेवाड़ में गुरूओं का स्थान सम्माननीय था।

मेवाड़ के इन शिलालेखों में महाराणाओं एवं प्रजाजनों द्वारा जनकल्याण हेतु अनेक बाँधों एवं जलाशयों का निर्माण करवाये जाने का वर्णन मिलता है। चित्तौड़ पर शासन करने वाले मौर्य शासकों के काल में मान नामक मौर्य राजा ने तालाब बनवाया जो मानसरोवर के नाम से प्रसिद्ध है।[38] महाराणा लाखा के समय पिछोली के तट पर पिछोला का निर्माण संभवतः किसी बनजारे ने करवाया। महाराणा लाखा के पुत्र मोकल ने ऋणमोचन, पापमोचन तीर्थ और सेतुमण्डन नामक सुन्दरकुण्ड का निमार्ण करवाया।[39] रावत बाघा नामक अपने भाई की मुक्ति के लिए नागदा में निर्मल जल वाले बाघेला नामक तालाब का निर्माण

करवाया।[40] मोकल की हत्या के बाद उनका पुत्र कुंभा मेवाड़ का शासक बना। महाराणा कुंभा का काल निर्माण की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण काल था। जैसे शाहजहाँ के शासनकाल को मुगल काल का स्वर्णकाल कहा जाता है उसी प्रकार मेवाड़ में महाराणा कुंभा का काल स्वर्णकाल कहा जाता है। उसने 84 किले तथा अन्य निर्माण करवा कर मेवाड़ को महत्वपूर्ण प्रदेश बना दिया। कुंभा ने कुंभलमेरू दुर्ग में सात तालाब खुदवाये।[41] वर्द्धनपुर में तालाबों का निर्माण करवाया।[42] अपनी पुत्री रमाबाई के नाम से रामकुण्ड या रमाबाई के कुण्ड का निर्माण करवाया।[43]

कुंभा के पुत्र रायमल्ल ने रामा नामक तालाब का विस्तार किया तथा शंकर नामक महान् सरोवर को खुदवाया।[44] महाराणा उदयसिंह ने उदयपुर बसाने के साथ ही उदयसागर सरोवर का निर्माण करवाया। तड़ाग की प्रतिष्ठा पर उसने छीतूभट्ट तथा उसके सहोदर लक्ष्मीनाथ को भूरवाड़ा नामक गाँव दान में दिया।[45]

महाराणा राजसिंह ने वि.स. 1725 में बड़ी नामक ग्राम में तड़ाग की प्रतिष्ठा करवाई तथा अपनी माता जनादे के नाम से इसका नाम जनासागर रखा। इसके निर्माण में 6 लाख 80 हजार रूपये व्यय हुए। तालाब की प्रतिष्ठा के अवसर पर पुरोहित को चित्तौड़ का गिलूंड तथा थामला का देवपुरा नामक गाँव दिया।[46] जनासागर की प्रतिष्ठा के दिन महाराणा राजसिंह की आज्ञा से राजकुमार जयसिंह ने रंगसर नामक तालाब की प्रतिष्ठा करवाई।[47] महाराणा राजसिंह का सबसे बड़ा योगदान गोमती नदी को बाँधकर कांकरोली के समीप राजसमन्द नामक तालाब का निर्माण है। महाराणा ने भी इस कार्य को इतना महत्त्वपूर्ण माना कि इस घटना को काव्यरूप में वर्णित करवाने के लिए दो कवियों को कार्य किया। महाराणा उदयसिंह के काल से निरन्तर जुड़े हुए तैलंगभट्ट परिवार के रणछोड़ भट्ट ने राजप्रशस्ति नाम से काव्य की रचना की।[48] इसे 25 शिलाओं पर शिलांकित करवा कर राजसमन्द की पाल पर लगवाया गया।[49] इसका प्रयास राजसिंह के मंत्री गरीबदास के संरक्षण में सदाशिव नागर ने राजरत्नाकर नामक काव्य की रचना की।

इन दोनों काव्यों में राजसमन्द झील के निर्माण की प्रक्रिया बड़े विस्तार से दी गई है। राजप्रशस्ति में सर्ग 9 से लेकर सर्ग 11 तक निर्माण की प्रक्रिया दी गई है। सर्ग 12 से लेकर सर्ग 22 तक राजसमुद्र की प्रतिष्ठा का वर्णन है। इसके निर्माण का कारण प्रस्तुत करते हुए कहा गया है कि कुमार पद में राजसिंह जब विवाहार्थ जैसलमेर गया तो उसने धोयन्दा, सनवाड़, सिवाली, भिगावदा, पंसूर, खेड़ी, छापरखेड़ी, तासोल, मंडावर, भाण लुहाणा, बांसोल, गुठली, कांकरोली और मढ़ा गाँव की सीमा में तड़ाग निर्माण योग्य भूमि देखकर जलाशय बनाने का विचार किया। राज्य प्राप्त करने हेतु रूपनारायण के दर्शन हेतु उधर गया तो एक बार वह स्मृति पुनः हो आई और तालाब बनाने का विचार दृढ़ हुआ। इस हेतु दो बड़े पर्वतों के बीच गोमती नदी को रोककर महासेतु बनाने का प्रयास किया गया। पुरोहित गरीबदास ने शिलान्यास किया। इसकी प्रतिष्ठा एवं निर्माण में कुल एक करोड़ इक्यावन लाख, बहत्तर हजार, दो सौ तैंतीस रूपये, चार आने खर्च हुए।[50] महाराणा राजसिंह ने इसके पश्चात् इसका विधिवत् उत्सर्ग किया जिसमें अनेक महादान किए। इसके साथ ही महाराणा ने पर्वत पर राजमंदिर नामक महल एवं समीप ही राजनगर नामक पुर का निर्माण करवाया।[51] इतना ही नहीं महाराणा राजसिंह ने एकलिंग जी के समीप स्थित इन्द्रसरोवर का जीर्णोद्धार करवाया। महाराणा राजसिंह की रानी जोधपुरी जो राठौड़ रूपसिंह की पुत्री थी उसने महाराणा की आज्ञा से राजनगर में बावड़ी की प्रतिष्ठा की जिसके निर्माण में तीस हजार रूपये व्यय हुए।[52] महाराणा राजसिंह की आज्ञा से उनकी रानी रामरसदे ने देबारी में जया नामक बावड़ी का निर्माण करवाया जिसमें 24,000 रजत–मुद्राओं का व्यय हुआ।[53]

महाराणा राजसिंह के पुत्र महाराज कुमार जयसिंह ने जहाँ कुमारपद में रंगसागर और देवाली का तालाब बनवाया वहीं शासन–सूत्र संभालने के पश्चात् छप्पन क्षेत्र में गोतोड, पाटन, गामडी, शकुरेडिया, भटवाड़ा, नाक, डीगला, मालक, अधवाड़ा आदि 23 गाँवों की भूमि में तालाब बनाने की योजना बनाई। यहाँ भी मणियाल नामक पर्वत के दो नाकों के बीच में गोमती नदी को बाँधने का प्रयास किया गया। सेतु की लम्बाई 50 गज तथा ऊँचाई 51 गज है। तल में चौड़ाई 600 गज, आगे 50 और विस्तार में 50 गज हैं। इस पर महल, मंदिर और बुर्ज बनवाये गए। इसका वर्णन जयसिंह प्रशस्ति नामक अप्रकाशित काव्य में प्राप्त होता है। यह एशिया की मानव–निर्मित सबसे बड़ी झील मानी जाती है। महाराणा ने इसका नाम जयसमन्द, नगर का नाम जयनगर तथा प्रासाद का नाम जयप्रासाद रखा।[54] फतहसागर का निर्माण करवाया। जो आज भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र है।

इन विशाल सरोवरों के अतिरिक्त मेवाड़ में अनेक बावड़ियों का निर्माण भी हुआ है। महाराणा संग्रामसिंह द्वितीय ने बड़ीपाल के पीछे नीलकंठ महादेव के पास बावड़ी का निर्माण करवाया।[55] संग्रामसिंह की माता देवकुमारी ने सीसारमा गाँव में मीठे जल का कुंड बनवाया।[56] जगत्सिंह द्वितीय के शासन काल में हरिवंश शर्मा ने वापी का निर्माण करवाया।[57] महाराणा जगत्सिंह द्वितीय के विजयराज्य में धायभाई मानजित् ने गोवर्धन विलास में कुंड का निर्माण करवाया।[58] महाराणा जगत्सिंह के विश्वासपात्र देवजीत् ने दिल्ली दरवाजे के पास वापी का निर्माण करवाया।[59]

महाराणा अरिसिंह तृतीय की रानी प्रभु बारातण ने बावड़ी का निर्माण किया।[60] महाराणा अरिसिंह तृतीय के शासनकाल में धायभाई रूपजीत् की पत्नी पूराबाई ने सालेड़ा ग्राम में बावड़ी का निर्माण करवाया।[61] महाराणा अरिसिंह के पुत्र महाराणा भीमसिंह के शासन काल में उनकी माता रामप्यारी जो बाइजीराज के नाम से विख्यात थी उसने बाड़ी में बावड़ी का निर्माण करवाया।[62]

इसके पश्चात् महाराणा स्वरूपसिंह ने स्वरूप सागर, गोवर्धन सागर तथा महाराणा फतहसिंह ने देवाली के पास फतहसागर का निर्माण करवाया।

मेवाड़ में स्थापत्य कला के प्रतीक मंदिरों और दुर्गों का निर्माण प्राचीन काल से ही होता रहा है। जो आज भी मेवाड़ की सांस्कृतिक अभ्युन्नति को प्रकट करती है। मेवाड़ के शिलालेखों में महाराणाओं द्वारा मंदिर निर्माण, मूर्ति प्रतिष्ठा एवं मंदिर के जीर्णोद्धार तथा दुर्ग–निर्माण से सम्बन्धित अनेक उदाहरण प्राप्त होते हैं।

मेवाड़ के शासकों द्वारा सभी धर्मों की प्रति सहिष्णु होने के कारण यहाँ शैव, वैष्णव, जैन एवं शाक्त (देवी) सम्बन्धी मंदिरों का निर्माण हुआ। मंदिरों के निर्माण में अल्लट नामक राजा ने हिमालय के शिखर के समान ऊँचा मुरारि (विष्णु) का मन्दिर बनवाया।[63] लोलक नामक श्रेष्ठी ने बीजोलिया में पार्श्वनाथ का मन्दिर बनवाया जो त्रिभुवन के आभूषण स्वरूप है। कीर्तिपूंज मन्दिर को देखकर देवता यह तर्क करते हैं कि क्या मंदिर सुमेरू पर्वत का शिखर है या हिमालय की चोटी है?[64] मेवाड़ के राजा तेजसिंह एवं उनकी रानी जयतल्ल देवी द्वारा चित्तौड़ में पार्श्वनाथ मंदिर बनाये जाने का उल्लेख है।[65]मेवाड़ के राजा समरसिंह ने आबू पर अचलेश्वर मंदिर का जीर्णोद्धार किया तथा मंदिर में ऊँचा स्वर्ण–दण्ड बनवाया।[66] महाराणा मोकल ने चित्तौड़ में समिद्धेश्वर महादेव का मंदिर बनवाया। राजा मोकल ने एक–एक पत्थर पर इतनी मूर्तियाँ बना दी है कि सभी प्रकार के कर्मों को करते हुए महल बना दिए हैं, प्रत्येक दिशा की ओर आकाश की सीमा तक फैलते हुए मंदिरों का निर्माण कर दिया।[67] महाराजा मोकल ने समिद्धेश्वर मन्दिर का जीर्णोद्धार करवाया तथा मणि का तोरण बनवाया। उसने इस मंदिर में अनेक धातुओं से सुन्दर सिंह का निर्माण करवाया तथा विष्णु

के मंदिर में पक्षिराज गरूड़ का निर्माण करवाया।[68] महाराणा कुंभा ने रणकपुर में त्रैलोक्यदीपक नामक चतुर्मुख युगादिश्वर का मंदिर बनवाया।[69] कुंभा ने एकलिंग के मंदिर को उच्च तोरण से युक्त बनाया। ऊँची पताकाओं से उसने पुनः इस मंदिर को सुन्दर बनाया।[70] महाराणा कुंभा की पुत्री रमाबाई ने कुंभलमेरू पर्वत पर भगवान विष्णु का मंदिर बनवाया।[71] महाराणा जगत्सिंह ने उदयपुर में जगन्नाथराय मंदिर का निर्माण करवाया। सफेद वर्ण के ऊँचे इस विष्णु मंदिर पर रत्नों का घट सुशोभित होता है।[72] महाराणा राजसिंह ने श्रीनाथ जी एवं द्वारकाधीश की प्रतिमाओं को मुगल सम्राट औरंगजेब से सुरक्षा प्रदान कर क्रमशः नाथद्वारा और कांकरोली में शरण देकर प्रतिष्ठित किया।[73] महाराणा राजसिंह के पुत्र अरिसिंह ने अपनी माता की इच्छापूर्ति के लिए रामेश्वर मंदिर का निर्माण करवाया।[74] महाराणा संग्रामसिंह (द्वितीय) ने बड़ीपाल के पीछे दक्षिणामूर्ति महादेव का निर्माण करवाया। महाराणा संग्रामसिंह की माता देवकुमारिका ने सीसारमा गाँव में वैद्यनाथ मंदिर की प्रतिष्ठा की।[75] इस प्रकार मेवाड़ के महाराणाओं तथा विभिन्न धर्मावलम्बियों के द्वारा अनेक मंदिरों का निर्माण करवाया गया जो आज भी अपने स्थापत्य एवं मूर्तिकला के द्वारा कलाविदों को आश्चर्यचकित कर देते हैं।

दुर्ग–निर्माण प्राचीनकाल से होता रहा है। दुर्गों में गिरि–दुर्ग को श्रेष्ठ माना गया है। मेवाड़ के महाराणाओं ने अपने राज्य की रक्षा–नीति में दुर्गों के महत्व को समझकर मेवाड़ पर होने वाले आक्रमणों से रक्षा के लिए दुर्गों का निर्माण कराया। मेवाड़ में सर्वाधिक दुर्गों का निर्माण महाराणा कुंभा के द्वारा कराया गया। मेवाड़ के 84 दुर्गों में से 32 दुर्ग महाराणा कुंभा द्वारा बनाए गए हैं। महाराणा कुंभा द्वारा बनाए गए दुर्गों में कुंभलगढ़ दुर्ग, चित्तौड़ दुर्ग, अचलगढ़ दुर्ग एवं कीर्ति स्तम्भ प्रमुख है। कुंभलगढ़ दुर्ग मात्र मेवाड़ और राजस्थान का ही नहीं अपितु सम्पूर्ण भारत के दुर्गों में दुर्ग–स्थापत्य एवं सैन्य–स्थापत्य की एक अनोखी रचना तथा विलक्षण स्थापत्य नीधि है। इस दुर्ग का निर्माण–कार्य महाराणा कुम्भा की राज्य–सभा के प्रमुख शिल्पी सूत्रधार मण्डन के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। समुद्र तल से 3568 फीट की ऊँचाई पर स्थित इस दुर्ग के लिए अबुल फजल ने लिखा है कि यह किला इतनी बुलन्दी पर बना हुआ है कि नीचे से ऊपर की ओर देखने पर सिर से पगड़ी गिर जाती है। कुंभलगढ़ चारों तरफ से कई मील लम्बी उन्नत एवं सुविस्तृत प्राचीर से परिवेष्ठित है। एकलिंग के मन्दिर की प्रशस्ति में कहा भी गया है–कुंभा कुंभलमेरू रूपी आकाश का रत्न था, बीच–बीच में पर्वत से आए झरनों से मनोहर जल से, ऊँचे विन्ध्यपर्वत को धारण किया। ऊँचे दुर्गों को दुर्ग की घाटी में चार दरवाजें से युक्त, प्राचीन दुर्ग को भली प्रकार से नया बनाते हुए, विशाल प्रवेश द्वार वाले दुर्ग को श्रेष्ठ विधाधरों द्वारा बनवाया गया।[76] यह दुर्ग शस्त्रागार, अन्नागार अश्वशाला, हस्तिशाला, भण्डार, राजप्रासाद, देवप्रसाद और जलाशयों आदि से सर्वथा सुविधापूर्ण है।

चित्तौड़ दुर्ग का ऐतिहासिक महत्त्व विश्व–प्रसिद्ध है। यह एक गिरि–दुर्ग हैं तथा धरातल से 500 फीट ऊँचा है। यह चारों ओर से समुद्र प्राचीर द्वारा सुरक्षित है। कीर्ति–स्तम्भ प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि महाराणा कुंभा ने चित्तौड़–दुर्ग को अनेक प्रकार से सुदृढ़ किया।[77] कुंभा ने इसमें सात दरवाजे बनवाये जिनमें रामपोल मुख्य है।[78]

महाराणा कुंभा ने मेवाड़ राज्य की राजधानी चित्तौड़ के किले पर राजमहलों के निकट एक स्तम्भ का निर्माण करवाया। यह स्तम्भ विजय–स्तम्भ, कीर्ति–स्तम्भ के नाम से जाना जाता है। कीर्ति–स्तम्भ शिल्प–स्थापत्य और मूर्तिकला की दृष्टि से सारे संसार में अद्वितीय है। यह विशाल स्तम्भ भीतर और बाहर दोनों ओर से अलंकृत है। यह 30 फीट लम्बे और इतने ही चौड़े आधार पर निर्मित है। इसकी ऊँचाई 122 फीट है। इसमें नौ मंजिल तथा 127 सीढ़ियाँ है। इस कीर्ति स्तम्भ पर अनेक प्रकार की मूर्तियाँ नामोल्लेख

सहित प्रतिष्ठित है।[79] इसमें अनेक देवी–देवताओं की मूर्तियाँ है जो महाराणा कुंभा को धर्म सहिष्णु तथा सम्यक् धर्म के उपासक के रूप में प्रतिष्ठित करती है। मेवाड़ के इन दुर्गों और कीर्ति–स्तम्भ के अतिरिक्त महाराणा कुंभा ने आबू पर्वत के ऊँचे शिखर पर अचलगढ़ दुर्ग का भी निर्माण करवाया। इस दुर्ग पर जाने के लिए सर्वप्रथम हनुमान पोल है। इसके पास ही सुरक्षा–सैनिकों के लिए निवास स्थान बने हुए हैं। दूसरे द्वार चम्पापोल के पास पार्श्वनाथ का जैन मंदिर है। अचलगढ़ के सबसे ऊपरी भाग में कुंभा के महल है। सावन–भादो नामक सरोवर है। महाराणा कुंभा द्वारा निर्मित अचलगढ़ के कुम्भ–स्वामी मंदिर के सामने एक सरोवर रामकुण्ड भी है।[80]

इन दुर्गों के अतिरिक्त महाराणा अमरसिंह द्वारा बनाये गए अमरविलास महल का कर्णसिंह ने जीर्णोद्धार करवाया।[81] महाराणा अमरसिंह ने अमरविलास नामक महल का निर्माण करवाया तथा तालाब के भीतर जगमन्दिर नामक महल बनाया मानो समुद्र के बीच चांदी के पहाड़ हो।[82]

इस प्रकार सांस्कृतिक विकास एवं समृद्धि हेतु शिल्प, वास्तुकला, साहित्य एवं कला ने मेवाड़ को कीर्ति के सर्वोच्च शिखर पर पहुँचा दिया। चित्तौड़ के कीर्तिस्तम्भ, राणकपुर के जैन मन्दिर, सूर्य–मंदिर जहाँ शिल्प के बेजोड़ नमूने हैं वहीं सैन्य स्थापत्य कला में कुंभलगढ़ का कोई सानी नहीं है।

## संदर्भ–ग्रन्थ सूची


1. नागरी प्रचारणी पत्रिका, भाग–1, पृष्ठ 311–24
2. राजस्थान थ्रू द एजेस, पृष्ठ–313
3. ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग–1, पृष्ठ 130
4. वीरविनोद, भाग–1, पृष्ठ 380
5. एकलिंग महात्म्य, अध्याय–20, श्लोक 21–22
6. सीसारमा गाँव के वैद्यनाथ महादेव जी के मंदिर की प्रशस्ति, द्वितीय प्रकरण, श्लोक–66–69
7. सारणेश्वर महादेव मंदिर की प्रशस्ति, वीरविनोद भाग–1, पृष्ठ 380
8. जगन्नाथराय मंदिर की प्रशस्ति, श्लोक–39
9. राजप्रशस्ति सर्ग 5/28
10. चित्तौड़ के महासती स्थान के दरवाजे की प्रशस्ति–श्लोक–16,17
11. राजप्रशस्ति सर्ग–7/3–4
12. वहीं सर्ग–6/40
13. कुंभलगढ़ प्रशस्ति, श्लोक–217
14. बेडवास सराय के पास बावड़ी की प्रशस्ति।
15. सारणेश्वर मंदिर की प्रशस्ति।
16. कुंडा ग्राम की प्रशस्ति।
17. एकलिंग जी मन्दिर में दक्षिणा द्वार के सामने दीवार में लगी प्रशस्ति–श्लोक–16
18. कुम्भलमेरू पर मामादेव के मन्दिर की प्रशस्ति की चतुर्थी पट्टिका–श्लोक–252
19. राजप्रशस्ति–सर्ग 5/24
20. वहीं, सर्ग 6/8

21. चिरवा गाँव के मन्दिर के दाहिनी ओर की प्रशस्ति–श्लोक–20
22. जावर की प्रशस्ति में श्रीरमावर्णन
23. सीसारमा गाँव के वैद्यनाथ महादेव मंदिर की प्रशस्ति–चतुर्थ प्रकरण–श्लोक–1
24. जावर की प्रशस्ति में श्रीरमावर्णन में श्लोक–1,2
25. राजप्रशस्ति–सर्ग 4/32
26. वहीं, सर्ग 16/6
27. कुम्भलमेरू पर मामादेव के मंदिर की प्रशस्ति के चौथे पाषाण की चतुर्थ पट्टिका–श्लोक–209, 219, 223
28. जगत्शिरोमणि के मन्दिर की प्रशस्ति–श्लोक–36,40,47
29. गोवर्धन विलास में मानजी धायभाई के कुंड की प्रशस्ति–श्लोक–4,5,8–10
30. उदयपुर में रामप्यारी की बाड़ी के मंदिर की प्रशस्ति–श्लोक–8
31. राजस्थान का इतिहास, मध्ययुग भाग–1 जी.एन.शर्मा पृष्ठ–121
32. श्री एकलिंग जी के निजमंदिर में दक्षिणाद्वार के सामने की दीवार में लगी हुई प्रशस्ति–श्लोक 59
33. कीर्तिस्तम्भ की प्रशस्ति
34. गोकुलचन्द्रमा की प्रशस्ति, श्लोक–54
35. श्री एकलिंग जी के निजमंदिर में दक्षिणाद्वार के सामने की दीवार में लगी हुई प्रशस्ति–श्लोक 87,81
36. जगन्नाथ राय मंदिर की प्रशस्ति, श्लोक 118–119
37. राजप्रशस्ति–सर्ग 8/47–48
38. वीरविनोद भाग–1, पृष्ठ 378–380
39. वीरविनोद भाग–1,कुम्भलमेरू के मामादेव के मन्दिर की प्रशस्ति श्लोक–223
40. राजप्रशस्ति, सर्ग 4:10
41. वीरविनोद भाग–1, एकलिंग जी में दक्षिणाद्वार के सामने की प्रशस्ति श्लोक–51
42. वहीं, कुम्भलमेरू के मामादेव के मन्दिर की प्रशस्ति श्लोक–257
43. वीरविनोद भाग–2, जावर की प्रशस्ति
44. वीरविनोद भाग–1, एकलिंग जी में दक्षिणाद्वार के सामने की प्रशस्ति, श्लोक–74,75
45. राजप्रशस्ति, सर्ग 4:18,19
46. वहीं, सर्ग 8:47–49
47. वहीं, सर्ग 8:41, 42
48. राजप्रशस्ति, प्रत्येक सर्ग का अन्तिम श्लोक
49. वहीं, सर्ग 8:53
50. वहीं, भूमिका–पृष्ठ 35
51. वहीं, सर्ग 18:16
52. वहीं, सर्ग 24:11,12
53. वीर विनोद भाग–2, त्रिमुखी बावड़ी की प्रशस्ति–श्लोक–58,60
54. जयसिंह प्रशस्ति
55. वीर विनोद भाग–2, बड़ी पाल के पीछे दक्षिणामूर्ति में महादेव के मन्दिर की प्रशस्ति, श्लोक–8
56. वीर विनोद भाग–2, सीसारमा गाँव के वैद्यनाथ मंदिर की प्रशस्ति का चौथा प्रकरण, श्लोक–29

57. वीर विनोद भाग–2, हरबेनजी के खुरे पर शिवालय की प्रशस्ति, श्लोक–25
58. वहीं, गोवर्धन विलास में मानजी, धायभाई के कुंड की प्रशस्ति, श्लोक–10
59. वहीं, दिल्ली दरवाजे के पास बाईजीराज के कुंड के दरवाजे के सामने पंचोलियों के मन्दिर की प्रशस्ति, श्लोक–28
60. वहीं, प्रभु बारातण की बाड़ी के मन्दिर की प्रशस्ति, श्लोक–11
61. वहीं, मेवाड़ के सालेड़ा ग्राम में पूर्व दिशा वाली बावड़ी पर महादेव मन्दिर की प्रशस्ति
62. वहीं, उदयपुर के रामप्यारी की बाड़ी के मन्दिर की प्रशस्ति, श्लोक–13
63. सारणेश्वर महादेव की प्रशस्ति।
64. बिजौलिया के पार्श्वनाथ मन्दिर की प्रशस्ति–श्लोक–80
65. चित्तौड़ में नौकोठा के पीछे महल के चौक में गड़े हुए स्तम्भ की प्रशस्ति
66. अचलेश्वर मंदिर के पास मठ में लगी प्रशस्ति, श्लोक 53, 54
67. चित्तौड़ के समिद्धेश्वर महादेव के मंदिर की प्रशस्ति, श्लोक–73
68. कुम्भलमेरू पर मामादेव मंदिर की प्रशस्ति, श्लोक–224–225
69. रणकपुर जैन मन्दिर की प्रशस्ति
70. कुम्भलमेरू पर मामादेव मंदिर की प्रशस्ति, श्लोक–240
71. जावर की प्रशस्ति, श्लोक–2
72. जगन्नाथ राय मंदिर की प्रशस्ति, श्लोक 7, 11
73. उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग–2 पृष्ठ 547
74. रामेश्वर मंदिर की प्रशस्ति श्लोक–18
75. सीसारमा गाँव के वैद्यनाथ मंदिर की प्रशस्ति, श्लोक–18
76. एकलिंग जी के मंदिर में दक्षिणाद्वार के सामने दीवार पर लगी प्रशस्ति, श्लोक 50
77. जी.एन.शर्मा, राजस्थान का इतिहास, पृष्ठ 574
78. डॉ. डी. एन. शुक्ल, वास्तुशास्त्र भाग–1, पृष्ठ 259
79. डॉ. हर्षप्रभा–कुम्भाकालीन जैन साहित्य, पृष्ठ–39
80. वहीं, पृष्ठ–43
81. जगन्नाथ राय मंदिर की प्रशस्ति, श्लोक 24
82. सीसारमा गाँव के वैद्यनाथ मंदिर की प्रशस्ति, श्लोक–44, 45

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2022 GISRRJ | Volume 5 | Issue 3 | ISSN : 2582-0095

# वैदिकसंस्काराणां सामाजिकोपयोगिता

**डा.सुधांशुशेखरमहापात्रः**
सहाचार्यः, धर्मशास्त्रविभागः, राष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः, तिरुपतिः।

**Article Info**
Volume 5, Issue 3
Page Number : 34-40
**Publication Issue :**
May-June-2022
**Article History**
Accepted : 05 June 2022
Published : 20 June 2022

**सारांशः –** *मानवस्य सम्पूर्णजीवनं संस्कारमयम्। स च संस्कारः गर्भाधानादारभ्य अन्त्येष्टिं यावत् अर्थात् जननात् प्रागारभ्य मरणादनन्तरमपि प्रचलति। समाजस्य सुरक्षार्थं संस्कार एव मुख्यं साधनं येन संस्कृतो मानवः समाजं सेवितुं शक्नुयात्। स च संस्कारः मनुमतानुसारेण त्रयोदशविधः, याज्ञवल्क्यमतानुसारेण द्वादशविधः तेन मनूक्तः केशान्तसंस्कारः नैव स्वीक्रियते, तथैव व्यासमतानुसारेण तु षोडशविधः। यद्भवतु एतादृशानां संस्काराणां सामाजिकोपयोगिता विषये मया अधुना आलोच्यते।*

**मुख्यशब्दाः –** संस्काराः, गर्भाधानम्, नामकरणम्, उपनयनम्, विवाहः, अन्त्येष्टिः।

समुपसर्गात् कृधातोः घञि प्रत्यये भूषणार्थे सुडागमे च कृते संस्कारशब्दो निष्पद्यते। स च संस्कारशब्दो विभिन्नेषु भारतीयशास्त्रेषु विभिन्नार्थको दृश्यते यथा– यज्ञाङ्गपुरोडाशेषु प्रोक्षणादिजन्यद्रव्यधर्मत्वेन मीमांसकाः, स्नानाचमनादिजन्यदीवधर्मत्वेन वेदान्तिनः, भावस्य व्यक्तीकरणाय आत्मव्यञ्जनशक्तिरेव संस्कारं इति नैयायिकाः स्वीकुर्वन्ति। अतस्तेषां मते संस्कारो गुण एव। शिक्षा-प्रशिक्षण-संस्कृति-संस्करण-परिष्करण-भूषण-स्मरणशक्ति शुद्धिक्रियादिरूपत्वेन च साहित्यिकाः संस्कारशब्दं सम्यक् व्यवहरन्तो दृश्यन्ते। धर्मशास्त्रेषु मानवस्य कायिक-मानसिक-वाचिकपरिशुद्ध्यर्थमात्मनि जायमानो धर्मविशेषः संस्कार इति प्रतिपादितम्। अत एव मित्रमिश्रेण प्रत्यपादि यत्– आत्मशरीरान्यतरनिष्ठाविहितक्रियाजन्याऽतिशयविशेषः संस्कार इति। स च ब्राह्मदैवभेदेन द्विविधः। गर्भाधानादिसंस्काराः ब्रह्माः, पाकयज्ञादिसंस्कारा दैवा इति।

संस्कारशब्दस्य अंग्रेजीभाषायां सेक्रामेण्ट इत्यार्थो बाहुल्येन व्यवह्रियते। धार्मिकविधिविधानमेव तस्य शब्दस्यार्थः। अनेनैव प्रकारेण बहुधार्मिकक्षेत्रे प्रयुक्तः व्याप्तश्चायं शब्दः संस्कृतसाहित्ये शुद्धिप्रायश्चित्तव्रतादिष्वन्तर्भवति।

मनुमतानुसारेण गर्भाधानादारभ्यान्त्येष्टिं यावत् त्रयोदश संस्काराः सन्ति। ते यथा– गर्भाधानं, पुंसवनं, सीमन्तोन्नयनं, जातकर्म, नामकरणं, वहिःनिष्क्रमणम्, अन्नप्राशनं, चूडाकर्म, उपनयनं, केशान्तः, समावर्तनं, विवाहः, अन्त्येष्टिश्चेति। याज्ञवल्क्येन केशान्तसंस्कारं विहायन्ते सर्वे मनुक्ताः संस्काराः स्वीकृताः। तेन प्रायशः केशान्तस्य समावर्त्तनेऽन्तर्भावः कृतः। एते सर्वेऽपि संस्काराः ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्यानां द्विजातीनां समन्त्रका एवानुष्ठीयन्ते। शूद्रस्योपनयनसंस्काराभावात्तस्य एकजातित्वाच्च तदतिरिक्ता अन्ये सर्वे संस्कारा यथाकालममन्त्रका एवोपदिष्टाः यथोक्तं [i]याज्ञवल्क्येन–

**ब्रह्मक्षत्रियविट्शूद्र वर्णस्त्वाद्यस्त्रयो द्विजाः।**
**निषेकाद्याः श्मशानान्तास्तेषां वै मन्त्रतः क्रियाः।।**

व्यासमतानुसारेण षोडशैव सन्ति संस्काराः। गर्भाधानादारभ्योपनयनान्ताः दशसंस्काराः ततश्च वेदारम्भः, केशान्तः, स्नानमुद्वाहः, विवाहाग्निपरिग्रहः, त्रेताग्निसंग्रहश्चेति षडिति मिलित्वा षोडश। अङ्गिरसा पञ्चविंशतिसंस्काराः, गौतमेन

**Copyright: ©** the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

सर्वाधिका: चत्वारिंशत्संस्कारा: अष्टौ आत्मगुणाश्च प्रतिपादिता:। ते यथा– गर्भाधानम्, पुमसवनम्, सीमन्तोन्नयनम्, जातकर्म, नामकरणम्, अन्नप्राशनम्, चौलम्, उपनयनम्, चत्वारि वेदव्रतानि, स्नानम्, सहधर्मचारिणीसंयोग:, पञ्चमहायज्ञा:(ब्रह्मयज्ञ:, देवयज्ञ:, पितृयज्ञ:, अतिथियज्ञ:, भूतयज्ञश्चेति), सप्तपाकयज्ञा:(अष्टका, पार्वण, श्राद्धं, श्रावणी, आग्रहायणी, चैत्री, अश्वयुजी चेति), सप्त हविर्यज्ञसंस्था:(अग्न्याधेयं, अग्निहोत्रं, दर्शपौर्णमास:, चातुर्मास्यं, आग्रयणेष्टि:, निरूढपशुबन्धु:, सौत्रामणिश्चेति), सप्तसोमसंस्था:(अग्निष्टोम:, अत्यग्निष्टोम:, उक्थ:, षोडशी, बाजपेय:, अतिरात्र, आप्तोर्यामश्चेति), अष्टौ आत्मगुणा:(दया, सर्वभूतेषु क्षान्ति, अनसूया, शौचम्, अनायास:, मङ्गलम्, अकार्पण्यम्, अस्पृहा चेति)। एतेषु संस्कारेषु मनूक्तानां त्रयोदशसंस्काराणां काल: सामाजिकोपयोगश्च प्रबन्धस्यास्य प्रतिपाद्यविषय:।

**गर्भाधानम्-** [ii] निषेकादिश्मशानान्ता, [iii] निषेकाद्या: श्मशानान्ता: इत्यादिमनुयाज्ञवल्क्यादिवचनानुसारेण गर्भाधानस्य संस्कारेषु प्राथम्यं बोध्यते। गर्भ आधीयते येन कर्मणा तत् गर्भाधानम् इति। तत् च ऋतावेव भवति गर्भाधानं ऋतौ इति [iv]याज्ञवल्क्यवचनात् इयर्ति गर्भधारणं गच्छति इति ऋतु:। तस्य काल: षोडश रात्रयो भवन्ति। उक्तं [v]याज्ञवल्क्येन–

**षोडशर्त्तु: निशा: स्त्रीणां तस्मिन् युग्मासु संविशेत्।**

**ब्रह्मचार्येव पर्वाण्याद्याश्चतस्रस्तु वर्जयेत्।। इति।।**

उद्देश्य सं.03, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् छात्रों एवं ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् छात्राओं में मानवाधिकार के प्रति जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन करना।

H.03, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्तर पर अध्यनरत् छात्रों एवं ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् छात्राओं में मानवाधिकार के प्रति जागरूकता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

प्रस्तुत शोध का तृतीय उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् छात्रों एवं ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् छात्राओं में मानवाधिकार के प्रति जागरूकता के मध्यमानों प्राप्तांकों का तुलनात्मक अध्ययन करना है।

प्राप्तांकों का टी-परीक्षण के माध्यम से तुलना की गई है एवं इसी के आधार पर समंको का विश्लेषण किया गया और परिणामों को सारणी संख्या .03 के माध्यम से दर्शाया गया है।

सारणी संख्या .03

ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् छात्रों एवं छात्राओं में मानवाधिकार के प्रति जागरूकता का मध्यमान, मानक विचलन एवं टी-अनुपात का मान।

| क्र.सं. | समूह | संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | टी-अनुपात | सार्थकता स्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | छात्र<br>छात्राओं | 60<br>60 | 118.91<br>122.35 | 14.40<br>29.39 | 0.94 | 0.05<br>df=118 |

0.05 स्तर पर सार्थक।

सारणी संख्या .03 के अवलोकन से ज्ञात होता है कि टी का मान 0.94 है जो कि 0.05 सार्थकता स्तर पर सार्थक नहीं है। स्वतंत्र कोटियां 118 के साथ टी का मान 0.94 है। इससे पता चलता है कि छात्रों एवं छात्राओं में मानवाधिकार के प्रति जागरूकता के मध्यमान में सार्थक अंतर नहीं है, अतः शून्य परिकल्पना .03 'ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् छात्रों एवं छात्राओं में मानवाधिकार के प्रति जागरूकता में कोई सार्थक अंतर नहीं है। यह परिकल्पना स्वीकृत की जाती है।

परिणाम : सारणी सं. 03 से यह स्पष्ट होता है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् छात्राओं एवं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् छात्रों में मानवाधिकार के प्रति जागरूकता में पर्याप्त सार्थक अंतर प्राप्त नहीं है, अतः सारणी संख्या .03 के अनुसार टी के मान से ज्ञात होता है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् छात्राओं और ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् छात्रों में मानवाधिकार के प्रति जागरूकता समान पाई गई है, जिसका संभावित कारण यह है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के दोनों समूहों का पाठ्यक्रम, आयु, मानसिक स्तर लगभग एक समान है। प्राप्त परिणामों की पुष्टि शर्मा, सीमा (2017) के अध्ययन ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के छात्र-छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि पर निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार अधिनियम के प्रभाव का कोई सार्थक अंतर प्राप्त नहीं किया गया है, से होता है।

निष्कर्ष :

प्रस्तुत शोध अध्ययन से यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् छात्र एवं छात्राओं में मानवाधिकार के प्रति जागरूकता से संबंधित परीक्षण का मान 0.89 है। प्राप्त प्रदत्तों के विश्लेषण के आधार पर निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं में मानवाधिकार के प्रति जागरूकता में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया गया है।

शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् छात्र एवं छात्राओं में मानवाधिकार के प्रति जागरूकता में संबंधित टी-परीक्षण का मान 0.728 है। प्राप्त प्रदत्तो के विश्लेषण के आधार पर निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्तर के छात्र-छात्राओं में मानवाधिकार के प्रति जागरूकता में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया गया है।

ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत् छात्रों एवं छात्राओं में मानवाधिकार के प्रति जागरूकता से संबंधित टी-परीक्षण का मान्य .94 है। प्राप्त प्रदत्तो के विश्लेषण के आधार पर निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्तर के छात्र-छात्राओं में मानवाधिकार के प्रति जागरूकता में कोई सार्थक अंतर नहीं होता है।

शैक्षिक निहितार्थ :

वर्तमान समय में न केवल भारत अपितु संपूर्ण विश्व अमानवीय कृत्यों से आहत हैं। आज भी कुछ प्रमुख क्षेत्र है जिसमें समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाया है जैसे अशिक्षा, भ्रष्टाचार, न्याय व्यवस्था, जनसंख्या नियंत्रण, स्वार्थी स्वभाव, बेरोजगारी, सामाजिक असमानता, शोषित वंचित एवं पिछड़े वर्ग से संबंधित समस्याएं, गरीबी उन्मूलन आदि के निवारण में प्रस्तुत शोध अध्ययन अपनी प्रमुख भूमिका का निर्वहन कर सकता है। इसके साथ-साथ शिक्षाविदों, शिक्षकों, अभिभावकों, मनोवैज्ञानिकों, समाजशास्त्रीयों आदि के लिए भी यह शोध प्रमुख रूप से उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

भावी शोध अध्ययन हेतु सुझाव :

- प्रस्तुत शोध अध्ययन केवल लखनऊ जनपद पर किया गया है भावी शोधार्थी किसी अन्य जनपद, राज्य, मंडल पर कर सकते हैं।
- प्रस्तुत शोध अध्ययन प्राथमिक स्तर पर किया गया है भावी शोधार्थी महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों के शिक्षकों पर शोध कार्य कर सकते हैं।
- प्रस्तुत शोध अध्ययन केवल हिंदी माध्यम के छात्रों एवं छात्राओं पर किया गया है भावी शोधार्थी अंग्रेजी माध्यम में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं पर शोध कार्य कर सकते हैं प्रस्तुत शोध अध्ययन केवल हिंदी माध्यम के छात्र-छात्राओं पर किया गया है भावी शोधार्थी अंग्रेजी माध्यम में अध्ययनरत् छात्र एवं छात्राओं पर शोध कार्य कर सकते हैं।
- शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को प्रातः काल की प्रार्थना सभा से मानवीय मूल्यों, नैतिक मूल्यों से अवगत कराना चाहिए।
- छात्रों के बीच राष्ट्रवादी नीतियों को प्रस्तुत करना चाहिए जिससे उनमें मानवता का विकास हो।
- शिक्षकों को चाहिए कि छात्रों को राष्ट्रहित से अवगत कराएं जिससे वे राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकें।
- छात्रों को संवेदनशीलता, सेवा भाव एवं मानवीय मूल्यों की रक्षा का पाठ पढ़ाना चाहिए जिससे वे अपने व्यवसाय, राष्ट्र के प्रति ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ हो सकेंगें ।
- भावी शिक्षकों को उनके प्रशिक्षण काल से ही मानवाधिकार की जानकारी उपलब्ध कराई जाए जिससे वे भविष्य में पाठ पुस्तकों से संबंधित मानवाधिकार को विद्यार्थियों तक आसानी से पहुंचा सकें।

संदर्भ :

[1]. भटनागर, सुरेश एवं सक्सेना (2005), शिक्षा मनोविज्ञान, लायल बुक डिपो, मेरठ।
[2]. गैरेट, हेनरी (1999), शिक्षा एवं मनोविज्ञान सांख्यिकीय, कल्याणी पब्लिशर्स।
[3]. कपिल, एच.के. (1998), अनुसंधान विधियां, एच.पी. भार्गव बुक हाउस, आगरा।
[4]. शर्मा, आर. ए. (2008), शिक्षा अनुसंधान, लाल बुक डिपो, मेरठ .
[5]. शर्मा, राजेश कुमार (2018), शिक्षा मानवाधिकार और गांधी,
[6]. कुमार, पवन (2017), भारत में मानवाधिकार आजादी के बाद की यात्रा, ।
[7]. राणा, सिंह दीवान (2017), B.Ed प्रशिक्षणार्थियों में मानवाधिकार के प्रति जागरूकता का अध्ययन, ।
[8]. आर्य, संगीता (2020), उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों में मानवाधिकार के विकास का मॉडल शिक्षण के प्रभाव का अध्ययन, जयपुर विश्वविद्यालय।
[9]. अग्रवाल, एच.पी. (2014), इंटरनेशनल लॉ एंड ह्यूमन राइट्स, सेंट्रल लॉ पब्लिकेशन, इलाहाबाद (20वां संस्करण)।

[10]. तिवारी, सी.(2002), माध्यमिक विद्यालयों से सम्बद्ध अध्यापिकाओं की मानवाधिकार के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन, भारतीय शिक्षा शोध पत्रिका, वॉल्यूम 21, इश्यू 1,लखनऊ।

[11]. नसीमा, सी. (2014), ह्यूमन राइट्स एजुकेशन, कनिष्क पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली।

[12]. शशिकला, वी. और एम. फ्रांसिस्को (2016), ह्यूमन राइट्स अवेयरनेस अमंग फ्रीसेल प्रोप्पेक्टिव टीचर्स, इंटरनेशनल जर्नल आफ टीचर एजुकेशन, रिसर्च वैल्यूम 5, इश्यू 3-8, ।

★★★★★

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2022 GISRRJ | Volume 5 | Issue 3 | ISSN : 2582-0095

# हाईस्कूल स्तर के कोचिंग करने वाले एवं कोचिंग न करने वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन



**डॉ0 अरुण कुमार मिश्र**
**शोध निर्देशक, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, शिक्षाशास्त्र विभाग, नेहरू ग्राम भारती (मानित विश्वविद्यालय), प्रयागराज**
**रंजना मिश्रा**
**शोधछात्रा (शिक्षाशास्त्र), नेहरू ग्राम भारती (मानित विश्वविद्यालय), प्रयागराज**

**Article Info**

Volume 5, Issue 3

Page Number : 61-67

**Publication Issue :**

May-June-2022

**Article History**

Accepted : 05 May 2022

Published : 15 May 2022

**सारांशिका-** प्रस्तुत अध्ययन ''हाईस्कूल स्तर के कोचिंग करने वाले एवं कोचिंग न करने वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन'' करना है। अध्ययन के उद्देश्यों में विद्यार्थियों, छात्रों एवं छात्राओं का अलग–अलग अध्ययन किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन हेतु वर्णानात्मक अनुसंधान की सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन में न्यादर्श का चयन आकस्मिक न्यादर्श विधि द्वारा किया गया है। न्यादर्श के रूप में जौनपुर जनपद के 300 विद्यार्थियों को लिया गया है। इनमें से ट्यूशन या कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले 150 विद्यार्थी (75 छात्र और 75 छात्राएं) तथा कोचिंग संस्थानों में न पढ़ने वाले 150 विद्यार्थी (75 छात्र और 75 छात्राएं) का चयन किया गया है। हाईस्कूल स्तर के विद्यार्थियों की उपलब्धि का मापन करने के लिए उपलब्धि परीक्षण का निर्माण स्वयं किया है। प्रस्तुत शोध कार्य में अनुसंधानकर्त्री ने प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण एवं व्याख्या करने के लिए सांख्यिकी का प्रयोग किया। प्राप्त प्रदत्तों का मध्यमान, मानक विचलन एवं 'टी' मान ज्ञात किया गया है। अध्ययन के निष्कर्ष में पाया कि हाईस्कूल स्तर पर कोचिंग करने वाले एवं कोचिंग न करने वाले समस्त विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर है। हाईस्कूल स्तर पर कोचिंग करने वाले तथा कोचिंग न करने वाले छात्रों के शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर है। हाईस्कूल स्तर पर कोचिंग करने वाली तथा कोचिंग न करने वाली छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर है।

**मुख्यशब्दः**- तुलनात्मक अध्ययन, हाईस्कूल

## भूमिका–

बढ़ती हुई जनसंख्या की रफ्तार ने शैक्षिक समस्या को दिन–प्रतिदिन बढ़ाया है। जिस अनुपात में जनसंख्या बढ़ी है उस अनुपात में शिक्षक और विद्यालय नहीं बढ़े जिससे बेरोजगारी बढ़ी है। अभिभावकों का सम्बन्ध पाल्यों के प्रति उदासीन व समयाभाव का नजरिया व साथ ही उनका भौतिकवादी दृष्टिकोण, ये सभी कारक प्राइवेट टयूशन और कोचिंग संस्थानों को जन्म देने में सहायक सिद्ध हुए है।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

जहां तक कोचिंग संस्थानों के इतिहास का प्रश्न है वह दो से ढाई दशक पुरानी शिक्षा व्यवस्था है, जिसने अपने चंगुल में विद्यार्थियों के साथ–साथ शिक्षकों को भी जकड़ना शुरू कर दिया है। एक छोटे से तालाब में तैरती इस तथाकथित कागज की नाव ने आज महासागर में तैरते हुए बड़े जहाज का रूप ले लिया है। अपने आकर्षक विज्ञापनों में निश्चित सफलता, अनवरत् प्रगति सुनिश्चित एवं सुरक्षित भविष्य के सपनों का प्रचार करने वाली इन संस्थाओं ने देश के लाखों शिक्षाविदों एवं शिक्षार्थियों के साथ–साथ शिक्षा प्रेमियों को अपने गिरफ्त में ले लिया है।

कोचिंग की संस्कृति देश में अपनी जड़े जमा चुकी है। इसे समाज की स्वीकृति भी मिल गयी है तथा सरकारी क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था वाली संस्थाएं अप्रासंगिक हो गयी है। इसलिए ट्यूशन या कोचिंग को आवश्यकता समझा जाने लगा है।

हाईस्कूल स्तर पर छात्रों की एक बहुत बड़ी संख्या द्वारा कोचिंग संस्थाओं में नामांकन कराना इस बात का परिचायक है कि कोचिंग उनकी विभिन्न शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करती है। कतिपय उदाहरणों से यह अनुमान भी होता है कि छात्रों की उपलब्धि उन्नयन में कोचिंग संस्थानों की भूमिका सकारात्मक होती है। वर्तमान शिक्षण व्यवस्था में कोचिंग के प्रति छात्रों के झुकाव एवम् निरंतर बढ़ती संख्या शोध के क्षेत्र में एक नये विषय का प्रादुर्भाव करती है।

समाचार पत्रों, पत्रिकाओं व विभिन्न पत्रों में कोचिंग–संस्थानों व प्राइवेट ट्यूशन के प्रति दिन–प्रतिदिन बुराईयों तथा सरकार द्वारा कोचिंग व ट्यूशन संस्कृति को रोकने हेतु किए जा रहे तमाम तथाकथित प्रयासों के बाद भी यह संस्कृति निरन्तर बढ़ती ही जा रही है। प्रारम्भ में जहां कोचिंग संस्थानों की संख्या सीमित थी अब इन संस्थाओं की संख्या असीमित हो गयी है। कोचिंग और प्राइवेट ट्यूशनों की निरन्तर बढ़ती संख्या इस बात का द्योतक है कि इनमें कुछ ऐसी विशेषताएं हैं जो विद्यार्थियों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रही है। जिससे हाईस्कूल स्तर पर कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति उनके नामांकन की तुलना में बहुत कम रहती है तथा कोचिंग संस्थानों में छात्रों की उपस्थिति बहुत ज्यादा हो गयी है इसलिए शोधकर्त्री ने अपने अनुसंधान ''हाईस्कूल स्तर के विद्यार्थियों के लिए कोचिंग की आवश्यकता एवं उसके प्रभाव का अध्ययन'' द्वारा यह जानने का प्रयास किया कि कोचिंग छात्रों की उपलब्धि को कितना प्रभावित करती है तथा इसका क्या प्रभाव उनकी उपलब्द्धि पर पड़ता है।

**समस्या कथन–**

प्रस्तुत अध्ययन का शीर्षक– **''हाईस्कूल स्तर के कोचिंग करने वाले एवं कोचिंग न करने वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्द्धि का तुलनात्मक अध्ययन'' हैं।**

**अध्ययन के उद्देश्य–**

1. हाईस्कूल स्तर पर कोचिंग करने वाले एवं कोचिंग न करने वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्द्धि का तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. हाईस्कूल स्तर पर कोचिंग करने वाले एवं कोचिंग न करने वाले छात्रों की शैक्षिक उपलब्द्धि का तुलनात्मक अध्ययन करना।

3. हाईस्कूल स्तर पर कोचिंग करने वाले एवं कोचिंग न करने वाली छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन करना।

**परिकल्पना–**

प्रस्तुत अध्ययन के उद्देश्यों के आधार पर निम्नलिखित परिकल्पनाओं का निर्माण किया गया है–

1. हाईस्कूल स्तर पर कोचिंग करने वाले एवं कोचिंग न करने वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर है।
2. हाईस्कूल स्तर पर कोचिंग करने वाले एवं कोचिंग न करने वाले छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर है।
3. हाईस्कूल स्तर पर कोचिंग करने वाले एवं कोचिंग न करने वाली छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर है।

**शोध विधि–**

प्रस्तुत अध्ययन हेतु वर्णानात्मक अनुसंधान की सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

**जनसंख्या–**

जौनपुर जनपद के हाईस्कूल स्तर पर अध्ययन कर रहे छात्र–छात्राओं को प्रस्तुत अध्ययन के परिणामों के सामान्यीकरण हेतु जनसंख्या समझा गया है।

**न्यादर्श–**

प्रस्तुत अध्ययन में न्यादर्श का चयन आकस्मिक न्यादर्श विधि द्वारा किया गया है। न्यादर्श के रूप में जौनपुर जनपद के 300 विद्यार्थियों को लिया गया है। इनमें से ट्यूशन या कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले 150 विद्यार्थी (75 छात्र और 75 छात्राएं) तथा कोचिंग संस्थानों में न पढ़ने वाले 150 विद्यार्थी (75 छात्र और 75 छात्राएं) का चयन किया गया है।

**शोध उपकरण–**

हाईस्कूल स्तर के विद्यार्थियों की उपलब्धि का मापन करने के लिए उपलब्धि परीक्षण का निर्माण स्वयं किया है। उक्त मापनी में कक्षा 10 के विज्ञान तथा गणित के प्रश्नों का चयन ब्लू प्रिंट बनाकर किया गया है। उपलब्धि परीक्षण मापनी के प्रारम्भिक स्वरूप में विज्ञान के 50 प्रश्न तथा गणित के 50 प्रश्न कुल 100 प्रश्नों का निर्माण किया गया था। उपलब्धि परीक्षण के अन्तिम प्रारूप में कुल 25 प्रश्न विज्ञान से तथा 25 प्रश्न गणित से चयनित किये गये। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्पों का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक प्रश्न के लिए विद्यार्थी को उपयुक्त विकल्प पर अपनी प्रतिक्रिया देनी होती है। प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम 1 अंक का प्रावधान तथा न्यूनतम 0 अंक का प्रावधान किया गया है अर्थात् कोई विद्यार्थी उपलब्धि परीक्षण पर अधिकतम 50 अंक तथा न्यूनतम 0 अंक प्राप्त कर सकता है।

मापनी पर उत्तर प्राप्त करने के लिए 1 घंटे की समय सीमा निर्धारित की गयी है। प्रस्तुत परीक्षण अपने प्रकृति के कारण व्यक्तिगत एवं सामूहिक दोनो ही स्थितियों में प्रयुक्त किया जा सकता है।

**अध्ययन में प्रयुक्त सांख्यिकी–**

प्रस्तुत शोध कार्य में अनुसंधानकर्ता ने प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण एवं व्याख्या करने के लिए सांख्यिकी का प्रयोग किया। प्राप्त प्रदत्तों का मध्यमान, मानक विचलन एवं 'टी' मान ज्ञात किया गया है।

**आँकड़ों का विश्लेषण एवं व्याख्या**

1. **हाईस्कूल स्तर के कोचिंग करने वाले तथा कोचिंग न करने वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि से सम्बन्धित प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या**

**सारणी संख्या 1**

**कोचिंग करने वाले तथा कोचिंग न करने वाले विद्यार्थियों से सम्बन्धित उपलब्धि का मध्यमान, मानक विचलन एवं t–अनुपात**

| न्यादर्श | संख्या N | मध्यमान (M) | मानक विचलन (S.D.) | अन्तर $D = M_1 \sim M_2$ | $\sigma_D$ | t-अनुपात | सारणीमान 0.01 सार्थकता स्तर पर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोचिंग करने वाले विद्यार्थी | 150 | 66.87 | 12.6 | 1.47 | 0.4 | 3.67* | 2.34 |
| कोचिंग न करने वाले विद्यार्थी | 150 | 65.4 | 12.5 | | | | |

*0.01 सार्थकता स्तर पर सार्थक

सारणी संख्या 1 से प्रदर्शित होता है कि कोचिंग करने वाले विद्यार्थियों एवं कोचिंग न करने वाले विद्यार्थियों का मध्यमान तथा मानक विचलन क्रमशः 66.87, 12.6 तथा 65.4, 12.5 है। परिगणित t-अनुपात का मान 3.67 प्राप्त हुआ जो कि 0.01 सार्थकता स्तर पर सारणीमान 2.34 से अधिक है। अतः यह प्रदर्शित होता है कि शोध परिकल्पना सं0 01 ''हाईस्कूल स्तर पर कोचिंग करने वाले तथा कोचिंग न करने वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में अंतर है।'' 0.01 सार्थकता स्तर पर स्वीकृत की जाती है।

अर्थात् दोनो मध्यमानों में प्रदर्शित अन्तर वास्तविक है। अतः कहा जा सकता है कि कोचिंग करने वाले तथा कोचिंग न करने वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि समान नहीं है। अर्थात् कोचिंग करने वाले विद्यार्थियों की उपलब्धि कोचिंग न करने वाली विद्यार्थियों की उपलब्धि से अधिक है।

प्राप्त परिणामों के आधार पर कहा जा सकता है कि सम्भवतः कोचिंग करने वाले विद्यार्थी अपने विद्यालय में अपने समूह के साथ–साथ कोचिंग में अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ पढ़ते है जिससे उनमें नयी स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना का विकास होता है जिसके फलस्वरूप वे अपने विषय वस्तु पर ज्यादा ध्यान देते है और अपने समूह में हमेशा आगे रहना चाहते है। जिसके कारण इनकी उपलब्द्धि कोचिंग न करने वाले विद्यार्थियों की अपेक्षा स्वभाविक प्रतीत होता है।

**2. हाईस्कूल स्तर के कोचिंग करने वाले तथा कोचिंग न करने वाले छात्रों की शैक्षिक उपलब्द्धि से सम्बन्धित प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या**

**सारणी संख्या 2**

**कोचिंग करने वाले तथा कोचिंग न करने वाले छात्रो से सम्बन्धित उपलब्द्धि का मध्यमान, मानक विचलन एवं t–अनुपात**

| न्यादर्श | संख्या N | मध्यमान (M) | मानक विचलन (S.D.) | अन्तर D= $M_1 \sim M_2$ | $\sigma_D$ | t-अनुपात | सारणीमान 0.01 सार्थकता स्तर पर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोचिंग करने वाले छात्र | 75 | 66.96 | 12.4 | | | | |
| कोचिंग न करने वाले छात्र | 75 | 65.27 | 12.2 | 1.69 | .57 | 2.96 | 2.35 |

*0.01 सार्थकता स्तर पर सार्थक

सारणी संख्या 2 से प्रदर्शित होता है कि कोचिंग करने वाले एवं कोचिंग न करने छात्रों का मध्यमान, मानक विचलन क्रमशः 66.96, 12.4 एवं 65.27, 12.2 है। परिगणित t-अनुपात का मान 2.96 प्राप्त हुआ जो कि 0.01 सार्थकता स्तर पर सारणीमान 2.35 से अधिक है। अतः यह प्रदर्शित करता है कि शोध परिकल्पना सं0 02 ''हाईस्कूल स्तर पर कोचिंग करने तथा कोचिंग न करने वाले छात्रों की शैक्षिक उपलब्द्धि में अंतर है।'' 0.01 सार्थकता स्तर पर स्वीकृत की जाती है।

अर्थात् दोनो मध्यमानों में प्रदर्शित अन्तर वास्तविक है। अतः कहा जा सकता है कि कोचिंग करने वाले तथा कोचिंग न करने वाले छात्रों की शैक्षिक उपलब्द्धि समान नहीं है। अर्थात् कोचिंग करने वाले छात्रों की उपलब्धि कोचिंग न करने वाले छात्रों से अधिक है।

प्राप्त परिणामों के पक्ष में कहा जा सकता है कि सम्भवतः कोचिंग करने वाले छात्र अतिरिक्त पैसा दे करके अध्ययन की सुविधा प्राप्त करते है। अतः उनके अभिभावकों का दबाव भी होता हैं परिणामतः मात्र विद्यालयों में अध्ययन छात्रों की अपेक्षा ये छात्र कोचिंग में अपनी कक्षाएं नियमित लेते है। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि इन छात्रों को विषय वस्तु अनुदेशन दो बार प्राप्त होते है। जिसके कारण इनकी उपलब्द्धि कोचिंग न करने वाले छात्रों की अपेक्षा स्वभाविक प्रतीत होता है।

**3. हाईस्कूल स्तर के कोचिंग करने वाले तथा कोचिंग न करने वाली छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि से सम्बन्धित प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या**

**सारणी संख्या 3**

**कोचिंग करने वाली तथा कोचिंग न करने वाली छात्राओं से सम्बन्धित उपलब्धि का मध्यमान, मानक विचलन एवं t–अनुपात**

| न्यादर्श | संख्या N | मध्यमान (M) | मानक विचलन (S.D.) | अन्तर D= $M_1 \sim M_2$ | $\sigma_D$ | t-अनुपात | सारणीमान 0.01 सार्थकता स्तर पर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोचिंग करने वाली छात्राएं | 75 | 67.4 | 12.7 | 1.87 | .58 | 3.22* | 2.35 |
| कोचिंग न करने वाली छात्राएं | 75 | 65.53 | 13.00 | | | | |

*0.01 सार्थकता स्तर पर सार्थक

सारणी संख्या 3 से प्रदर्शित होता है कि कोचिंग करने वाली एवं कोचिंग न करनी वाली छात्राओं का मध्यमान, मानक विचलन क्रमशः 67.4, 12.7 तथा 65.53, 13.0 है। परिगणित t-अनुपात का मान 3.22 प्राप्त हुआ जो कि 0.01 सार्थकता स्तर पर सारणीमान 2.35 से अधिक है। अतः यह प्रदर्शित करता है कि शोध परिकल्पना सं0 03 ''हाईस्कूल स्तर पर कोचिंग करने वाली तथा कोचिंग न करने वाली छात्राओं के शैक्षिक उपलब्धि में अंतर है।'' 0.01 सार्थकता स्तर पर स्वीकृत की जाती है।

अर्थात् दोनो मध्यमानों में प्रदर्शित अन्तर वास्तविक है। अतः कहा जा सकता है कि कोचिंग करने वाली तथा कोचिंग न करने वाली छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि समान नहीं है। अर्थात् कोचिंग करने वाली छात्राओं की उपलब्धि कोचिंग न करने वाली छात्राओं की उपलब्धि से अधिक है।

प्राप्त परिणामों के पक्ष में कहा जा सकता है कि सम्भवतः कोचिंग करने वाले छात्राओं के अभिभावकों अपने पाल्यों के शिक्षा के प्रति ज्यादा जागरुक है तथा वे उनसे सामान्य छात्राओं से कुछ ज्यादे की अपेक्षा रखते है। परिणामतः ये छात्राएं विद्यालयी अध्ययन के साथ–साथ ये कोचिंग कक्षाएं भी नियमित लेती है। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि ये छात्राएं घर पर कम घरेलू कार्य करती है तथा विषय वस्तु का पुनः अभ्यास करती है जिसके कारण इनकी उपलब्धि कोचिंग न करने वाली छात्राओं की अपेक्षा स्वाभाविक प्रतीत होती है।

**निष्कर्ष–**

अध्ययन कार्य में प्राप्त आंकड़ो के विश्लेषण के आधार पर प्राप्त निष्कर्ष निम्नवत् है।

1. हाईस्कूल स्तर पर कोचिंग करने वाले एवं कोचिंग न करने वाले समस्त विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर है।
2. हाईस्कूल स्तर पर कोचिंग करने वाले तथा कोचिंग न करने वाले छात्रों के शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर है।
3. हाईस्कूल स्तर पर कोचिंग करने वाली तथा कोचिंग न करने वाली छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर है।

**सुझाव–**

यद्यपि ट्यूशन व कोचिंग संस्थाएं विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुई है। किन्तु इसकी आवश्यकता सम्बन्धी कारणों के विश्लेषण से पता चलता है कि विद्यालयों में शिक्षकों का शिक्षा के प्रति उदासीन रवैया, विद्यार्थियों पर ध्यान न देना, सम्पूर्ण पाठ्यक्रम का न पढ़ाया जाना तथा विद्यालयों में अधिक छुट्टियाँ भी कोचिंग व ट्यूशन की आवश्यकता को जन्म देती हैं। जिसके फलस्वरूप नयी–नयी कोचिंग संस्थानों का उदय हो रहा है तथा विद्यालयी संस्थान अपनी प्रासंगिकता खोते जा रहे हैं। विद्यालयी संस्थानों में सुधार की आवश्यकता है जिससे कोचिंग व ट्यूशन की आवश्यकता तथा प्रभाव को कम किया जा सके क्योंकि घर के बाद विद्यालय सबसे महत्वपूर्ण स्थल है जहाँ बालक का सर्वागीण विकास होता है। अतः विद्यालयों का वातावरण विद्यार्थियों के लिए शिक्षा ग्रहण में सहायक होना चाहिए। विद्यालयों में सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को पढ़ाया जाना चाहिए तथा यथा सम्भव उसकी पुनरावृत्ति कराया जाना चाहिए। विद्यालयों के सतत् अध्ययन के लिए प्रेरित करना चाहिए। विद्यालयी संस्थानो में छात्र–शिक्षक अनुपात सन्तुलित होना चाहिए जिससे प्रत्येक विद्यार्थी पर समुचित ध्यान दिया जा सके। विद्यार्थियों की प्रगति रिपोर्ट समय–समय पर अनेक अभिभावकों को दी जानी चाहिए।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. गुप्ता, एस0पी0 (2004), ''सांख्यिकीय विधियां'', इलाहाबाद, शारदा पुस्तक भवन।
2. चामुण्डेश्वरी, एस0 (2013). इमोशनल इन्टेलिजेन्श एण्ड ऐकेडमिक एचिवमेन्ट एमंग स्टूडेन्ट्स ऐट द हायर सेकेण्डरी लेवल, इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ ऐकेडमिक रिसर्च इन इकोनॉमिक्स एण्ड मैनेजमेन्ट साइन्सेस, 2(4), पृ0 178–187
3. पाण्डेय, अनुजा (2008). +2 स्तर पर विद्यार्थियों की संवेगात्मक बुद्धि एवं शैक्षिक उपलब्धि में सम्बन्ध का अध्ययन, लघु शोध प्रबन्ध, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।
4. मिश्रा, एम0 *''ए क्रिटिकल स्टडी ऑफ द इन्फ्लूयेन्स ऑफ सोसियो–इकोनॉमिक स्ट्ेटस ऑन एकेडमिक एचीवमेन्ट ऑफ हायर सेकेण्डरी स्टूडेन्ट्स इन रुरल एण्ड अरबन एरिया ऑफ कानपुर'',* पी0एच0डी0 एजूकेशन, कानपुर युनिवर्सिटी 1986
5. सुल्ताना, एस *''ए स्टडी ऑफ स्कूल स्कूल एचीवमेन्ट एमंग ऐडोलसेन्ट चिल्ड्रेन विथ वर्किंग एण्ड नान–वर्किंग मर्दस'',* पी0एच0डी0 एजुकेशन, कुरुक्षेत्र युनिवर्सिटी, 1988
6. सुभ्रामण्यम के. एण्ड निवासराव, के.श्री., जनरल ऑफ कम्युनिटी गाइडेन्स एण्ड रिसर्च, जुलाई 2008, वैल्यूम–25, नं0 2
7. शानमुगसुन्दरम, आर0 ''ए इन्वेस्टीगेशन इन टू फैक्टर्स रिलेटेड टू एकेडमिक एचीवमेन्ट एमंग अण्डर ग्रेजुएट स्टूडेन्ट्स अण्डर सेमेस्टर सिस्टम'', पी0एच0डी0 सॉइकालजी, मद्रास युनिवर्सिटी 1983
8. सिंह, अरूण कुमार (2006), ''मनोविज्ञान, समाजशास्त्र तथा शिक्षा में शोध विधियाँ'', पटनाः मोतीलाल बनारसी दास।
9. सिंह, अरूण कुमार (2008), ''शिक्षा मनोविज्ञान'', पटनाः भारती भवन।

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2022 GISRRJ | Volume 5 | Issue 3 | ISSN : 2582-0095

# Economic and Environmental Impact of National Food Security Act of India
## (With special reference to Uttar Pradesh)

**Dr. Khalid Anwar**
**Associate Professor, J. V. Jain College, Saharanpur**

**Info**
Volume 5, Issue 3

Page Number : 68-74

**Publication Issue :**
May-June-2022

**Article History**
Accepted : 01 May 2022
Published : 10 May 2022

**ABSTRACT**
This paper is an attempt to examine performance, challenges and policies on food security in India with special reference to Uttar Pradesh state. This paper is focused on the several foods security issues prevalent in the Indian scenario in terms of availability, access, and nutrition with special reference to Uttar Pradesh state production of food grains. The study is based on secondary data obtained from relevant sources to analysis the gravity of the food security issues in India. It also covers the several development programmes taken up by the Indian government to counter various food security issues including several schemes and yojana in India. Food security globally is to provide that all people, at all times, should get access to the basic food for their active and healthy life and is characterized by availability, access, utilization and security of food.
**Keywords :** Economic, Environmental, Challenges, Technology, Food Security.

## INTRODUCTION
In the world India has the largest number of hungry people. Despite various programs and schemes the number of undernourished people today is same as decades ago. Hunger remains the number one cause of death all across the world. Approximately people die every year of chronic hunger and hunger related diseases, out of which a quarter deaths take place in India. About less than 10% death is claimed by earthquakes, floods, droughts and wars. Almost there are 900 million chronically hungry people in the world of which one-third of them counts in India.

About 50% of Indian children are underweight, 30% of newborn have low weight at birth. In India the problem of malnutrition is complex, multi-dimensional and inter-generational in nature for which causes includes inadequate consumption of food, frequent infections, lack of availability of safe drinking water as well as inadequacy of proper sanitation facility. The another causes are illiteracy specially in women, poor access to health services, low purchasing power, socio-cultural factors such as early marriages of girls, lack of care during pregnancy and infancy, nutritional needs of infants and young children.

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

In India though the issue of 'food security' at the household is continuously being addressed by the Government since long, in 1965 the Public Distribution System and the Targeted Public Distribution System was introduced, the enactment of the National Food Security Act, on July 5, 2013 marks a precedent shift in the approach to food security from welfare to rights based approach. The Act legally designates upto 75% of the rural population and 50% of the urban population to receive subsidized foodgrains under Targeted Public Distribution System. As a step towards women empowerment, the eldest woman of the household of age 18 years or above is assigned to be the head of the household for the purpose of issuing of ration cards under the National Food and Security Act.

One of the analytical principles of the Act is its life-cycle approach wherein special provisions have been made for pregnant women and lactating mothers and children in the age group of 6 months-14 years, by entitling them to receive nutritious meal free of cost through a widespread network of Integrated Child Development Services centres, called Anganwadi Centres. Under this scheme and also through schools under Mid-Day Meal scheme higher nutritional norms have been prescribed for malnourished children upto 6 years of age. The Government of India announced a sudden ban on export of wheat on May 13, 2022, a month after Prime Minister claimed that "Indian farmers are feeding the world" by way of increased exports of wheat.

## REVIEW OF LITERATURE

Tanksale, A., & Jha, J. K. (2015), the study focuses on National Food Security Act 2013 (NFSA) and found it a unique step taken by Indian government to fight against hunger and protect right of the people for food. With its attribute like the life cycle approach, women empowerment, consideration of vulnerable sections in society and proposed reforms in public distribution system, National Food and Security Act is a promising effort for food security in India. The purpose of this paper is to put forth various aspects of NFSA and to identify issues and challenges for its implementation in the light of Indian Public Distribution System. This study is a unique attempt of mapping and auditing of the entire complex value chain of the Indian Public Distribution System for performance of NFSA. National Food and Security Act is going to redefine the food security aspects, this pioneering work will be useful for researchers and policy makers working in this field in India and other developing countries.

Narayanan, S. (2015), the study states the crucial of food security in India is now widely acknowledged, but deep disagreements carry on the best way forward. It was found that the year 2014 saw the passing of the National Food and Security Act designed to be an overall set of interventions support food security over the life cycle of an individual. Although detractors perceive this to be an expensive and largely wasteful exercise that hinges on a faulty mechanism for procurement and distribution via fair price shops under the Public Distribution System, supporters suggest that this is the best way to ensure food access in many contexts in rural India. The immediate challenges for India lie in revisiting operational aspects of food procurement and distribution for a more cost-effective and nimble system.

## OBJECTIVE OF THE STUDY

To examine the performance of production of food grains in Uttar Pradesh since 2001-02 to 2020-21.

To study the policies and various schemes in food security in terms of availability, access and nutrition in India.

**TRENDS IN FOODGRAIN PRODUCTION IN UTTAR PRADESH**

Uttar Pradesh is a biggest state of India having a tropical monsoon climate with nine different climatic zones. It is revealed that per capita availability of cereals are 36% higher as compared to the sufficient demand, vegetables are 34% higher as compared to the sufficient demand. It is predicted that out of the total area of food grains crop, 19.8 million hectare, roughly 6.6 million hectare would be taken out of farming that is production loss of 14 million tons of food grains. Therefore, it is essential to develop food security strategies to avoid hunger and malnutrition in the state of Uttar Pradesh.

The various schemes under National Food Security Act 2013, for Uttar Pradesh state is as follows:

PM Poshan Scheme (Erstwhile Mid Day Meal Scheme), is the scheme implemented by the Ministry of Education, which covers the students of primary and upper primary classes in the Government schools/ schools aided by Government and schools run by local bodies. Under this scheme food grains are supplied free of cost that is 100gms for primary stage and 150gms for upper primary stage were cooked for per child per day or 3 kg of food grains were distributed in raw form per month among each child. However food grains for the scheme were allotted by the Department of Food and Public Distribution at National Food Security Act rates (from 1st April 2016).

Wheat Based Nutritional Programme (WBNP), the scheme is implemented by Ministry of Women and Child Development. Food grains for the scheme were allotted by the Department of Food and Public Distribution at National Food Security Act rates (from 1st April 2016). The food grains allotted under this scheme were adapted by State/UTs under Integrated Child and Development Services scheme for providing nutritious and energy food to children in the age group of 6months – 6years as well as expectant and lactating women.

Allocation of Foodgrains to Welfare Institutions and Hostels Scheme, the scheme was introduced on 1st September 2017 by merging two schemes into one namely Welfare Institutions Scheme and SC/ST/OBC Hostel Scheme. The Department of Food and Distribution administers the Welfare Institutions and Hostels scheme. Institutions such as beggar homes, nariniketans, and other welfare institutions were allocated food grains to states/ UTs at BPL rates to meet the requirement of Government owned/ aided welfare institutions. Foodgrains such as wheat and rice were issued as per the requirement of the resident but not exceeding maximum of 15 kg of Foodgrains per resident per month.

Annapurna scheme was launched in 2000-01 by the Ministry of Rural Development. The scheme provides 10kgs of food grains (rice and wheat) to old aged persons who remained uncovered under the National Old Age Pension Scheme by the Department of Food and Public Distribution. The central issue price of such food grains is at BPL rates.

Scheme for Adolescent Girls which was earlier known as SABLA was launched on 19th November 2010 by merging two schemes namely Nutrition Programme and Adolescent Girls and other scheme is Kishori Shakti Yojana. Under this scheme adolescent girls of age group 11-14 years were registered under this and allotted nutrition containing 600 grams calorie, 18-20 grams of proteins and micronutrients of 300 days in a year.

Table 1
Production of food grains in Uttar Pradesh
(Value in thousand tonnes)

| YEAR | RICE | WHEAT | CEREALS | PULSES |
|---|---|---|---|---|
| **2001-02** | 12856.0 | 25498.0 | 3405.5 | 2377.0 |
| **2002-03** | 9594.9 | 23612.4 | 2732.3 | 2202.0 |
| **2003-04** | 13018.8 | 25566.7 | 3260.7 | 2400.3 |
| **2004-05** | 9555.6 | 22513.9 | 3391.8 | 2375.0 |
| **2005-06** | 11133.7 | 24073.8 | 2971.2 | 2231.5 |
| **2006-07** | 11124.0 | 25031.0 | 3084.4 | 1975.1 |
| **2007-08** | 11780.0 | 25679.0 | 3058.9 | 1576.9 |
| **2008-09** | 13097.0 | 28554.0 | 3080.2 | 1998.1 |
| **2009-10** | 10807.1 | 27518.0 | 2968.8 | 1901.4 |
| **2010-11** | 11992.0 | 30001.0 | 3217.6 | 2037.0 |
| **2011-12** | 14022.0 | 30292.6 | 3566.0 | 2403.0 |
| **2012-13** | 14416.0 | 30301.9 | 3695.5 | 2332.0 |
| **2013-14** | 14636.0 | 29890.9 | 3803.2 | 1697.4 |
| **2014-15** | 12221.4 | 25219.5 | 3583.7 | 1447.2 |
| **2015-16** | 12501.0 | 25425.2 | 3460.0 | 1164.6 |
| **2016-17** | 13754.0 | 30056.0 | 3909.0 | 2184.1 |
| **2017-18** | 13274.0 | 31879.1 | 4016.8 | 2200.0 |
| **2018-19** | 15545.3 | 32741.3 | 3948.8 | 2408.0 |
| **2019-20** | 15517.8 | 33815.5 | 4388.5 | 2447.3 |
| **2020-21** | 15663.5 | 35503.0 | 4587.1 | 2564.7 |

**Source : Author compiled as secondary source from Handbook of Statistics on Indian economy.**

From Table 1 it is revealed that in Productions of Foodgrains in Uttar Pradesh State (Value in thousand tonnes) Wheat ranks in first position, whereas Rice holds the second position and Cereals and Pulses at third and fourth position respectively. Among all the foodgrains Wheat production is found to be highest as depicts from Table 1 and Graph 1 yearwise.

Graph 1: Showing production of Wheat in Uttar Pradesh since 2001-02 to 2020-21
(Value in thousand tonnes)




## CHALLENGES IN FOOD SECURITY IN INDIA

Food availability is not that reliable in India. The challenge to produce more and more for the growing population is becoming increasingly hard for a country of its size and economic growth. Since the land in India is a shrinking resource for agriculture, the production rate for agriculture needs to be higher per unit of land and irrigation water. Over 60% of the Indian population depend on agriculture for their daily meals. India produces around 100 million tonnes of rice every year. Accessing food in India can be considered to be more difficult than in Australia. While there might be enough food for the whole population of India, many families and especially children in India don't have access to food because of financial problems. Thus, this is the cause of millions of malnourished children around India. The cultural knowledge in India allows them to have a very nutritional and balanced diet. Nearly the whole of the Indian population has rice at least once a day which allows them to have carbohydrates in their system. Since India is most commonly known for producing and exporting rice to other countries, their lifestyle will be mainly dominated by rice.

Table 2. Government Schemes for Food Security in India

| Scheme | Year introduced | Coverage target group | Latest volume | Issue price (Rs per Kg) |
|---|---|---|---|---|
| Public distribution system (PDS) | up to 1992 | Universal | N/A | Wheat: 2.34<br>Rice: 2.89 |
| Revamped Public Distribution System (RPDS) | 1992 | Backward blocks | 20 kg of food grains. | Wheat: 2.80<br>Rice: 3.77 |
| Targeted Public Distribution System (TPDS) | 1997 | Poor and non-poor<br>APL<br>BPL | 35 kg of food grains. | BPL –<br>Wheat-4.15<br>Rice-5.65<br>APL –<br>Wheat-6.10<br>Rice-8.30 |
| Antyodaya Anna Yojana | 2000 | poorest of the poor | 35 kg of food grains. | Wheat: 2.00<br>Rice: 3.00 |
| Annapurna Scheme | 2000 | Indigent senior citizens | 10 kg of food grains. | free |
| National Food Security Act, 2013 | 2013 | Priority households | 5 kg per person per month. | Wheat: 2.00<br>Rice: 3.00<br>coarse: 1.00 grains |

VARIOUS INITIATIVES BY GOVERNMENT OF INDIA

In 1965, The Food Corporation of India was established for the purpose of procurement, storage and distribution of food grains which has been playing a major role in food security of India.

The National Food Security Act 2013, converts into legal entitlements for existing food security programmes of the Government of India. Various schemes were included such as Midday Meal Scheme, Integrated Child Development Services Scheme and the Public Distribution System.

The National Food Security Act 2013 also recognizes maternity entitlements, pregnant women, lactating mothers and certain categories of children are eligible for daily free cereals.

In India the Karnataka has launched the 'Indira Canteen', which serves breakfast, lunch and dinner at a very low price.

Andhra Pradesh state has supported the Nalabothu Foundation which provides free meals to people in need by redistributing excess food from homes, restaurants and canteens.

'Amma Unavagam' (Mother's Canteen) or more commonly known as Amma canteen was launched in Tamil Nadu state.

The state of Uttar Pradesh in 2013 passed a food bill that food that is going to be wasted from parties will be preserved and distributed to poor and needy peoples.

Chhattisgarh government has enacted the law 'Chhattisgarh Food Security Act, 2012 which was passed on 21st December 2012 by the state Assembly unopposed to ensure "access to adequate quantity of food and other requirements of good nutrition to the people of the state at affordable prices.

**CONCLUSION -** The food security analysis reveals that the state of Uttar Pradesh have considerable shortage of pulses mainly due to erratic rainfall, lack of irrigation facilities, lack of improved varieties and poor management of plant diseases. The state government shall initiate the following action to improve the pulse production in the state: Improve the soil fertility, irrigation infrastructure and water management practices. Introduce the high yielding seed distribution system of pulse varieties. Provide the effective insecticides & pesticides to control the diseases. Increase the cultivated area of the pulses. Increase the subsidy to the farmers for pulse production. Introduce the crop insurance scheme. Introduce the suitable post harvest technique.

Although the state of Uttar Pradesh is self sufficient in fruit production, however for sustainable fruit production, it is necessary to improve the fruit storage, preservation and transportation and distribution facilities. The state of Uttar Pradesh is highest milk producing state but the per capita availability is still considerably low as compared with recommended balanced diet.

Despite COVID-19 Pandemic, following COVID appropriate behaviour, a record quantity of 433.44 LMT of wheat during RMS 2021-22 and a record quantity of 600.84 LMT of rice during KMS 2020-21 has been procured. Both wheat and rice procurement has reached at all time high level. As the COVID-19 containment procedures imposed unprecedented curbs on the economic activities throughout the country, it led to a scarcity of staple foods and price hikes due to reduced cultivation, disruption in supply chains, and shortage of labour, reduced employment, and reduced purchasing power of the people. Thereby, adversely impacting the food and nutrition security of the poor and needy people in the country.

To introduce high yielding breeds of cow, buffalo and

## REFERENCES


1. Annual report 2021-22, Department of Food and Public Distribution, Government of India.
2. Dev, S. M., & Sharma, A. N. (2010). Food security in India: Performance, challenges and policies.
3. Narayanan, S. (2015). Food security in India: the imperative and its challenges. Asia & the Pacific Policy Studies, 2(1), 197-209
4. Tanksale, A., & Jha, J. K. (2015). Implementing national food security act in India: issues and challenges. British Food Journal.

Gyanshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2022 GISRRJ | Volume 5 | Issue 3 | ISSN : 2582-0095

# शकुन्तलाया: भाग्यवाद:

Sraboni Tudu
Assistant Professor, Department of Sanskrit, Durgapur Women's College, West Bengal.

**Artic Info**
Volume 5, Issue 3
Page Number : 75-82

**Publication Issue :**
May-June-2022

**Article History**
Accepted : 01 May 2022
Published : 10 May 2022

**सारांश**:- भारतीयकर्मसिद्धान्तानुसारेण सर्वं कर्म दैवायत्तमिति सिद्धान्त:। तथापि लोके दैवमनुसरन् प्रयत्नकरणमेव प्रचुरतया दृश्यते। फलं च दैविकमेव। "निराशापीडितस्य लोकस्य भाग्यमेव प्राणालम्बनभूतम्। कार्ये विफले जीवितस्य त्यागो न कार्य:। कदाचिदपि दैवेन कार्यसिद्धिर्भविष्यतीति आर्षं वाक्यम्। भारतीया: स्वशक्तेरप्यात्मनो भाग्य एव विश्वासं कुर्वन्ति। महात्मन: विनयसम्पन्ना: सन्तोऽपि "सर्व: गुरोरनुग्रह एव, नियोक्तु: शक्ति: अनुकूलं च दैवं कार्यसाधने कारणम्" इति आमनन्ति। अत: कीदृशं शकुन्तलाया: जीवने भाग्यमासीदिति विषयमाधारीकृत्य मया लेखेऽस्मिन् विचार: विहित:।

**विशेषशब्दा:** – दैष्टिक:,आस्तिक:, भाग्यपदस्य व्युत्पत्ति:, भाग्यवाद:, शकुन्तला, कण्वप्रेम, अङ्गुलीयकप्राप्ति:, कश्यपाश्रमे निवास:, भाग्यविपर्यय:,शापवृत्तान्त: इत्यादय:।

सर्वस्मिन् भूलोके भारतजाति: प्राचीनतमा। भारतीया: सर्वे आस्तिका: भारतीयेषु इदानींतने काले एव किञ्चिदिव नास्तिक्यबुद्धि: हेतुवादजन्या दृश्यते।प्राचीना: सर्वे वेदशास्त्रपुराणेषु कृतविश्वासा: तेषां विषये हेतुवादं नाङ्गीचक्रु:।

**पुराणं मानवो धर्म: साङ्गो वेद: चिकित्सितम्।**
**अज्ञानसिद्धानि चत्वारि न हातव्यानि हेतुभि:॥**[1]

एवं वेदे कृतविश्वासा: भारतीया: दैवमेव सर्वस्य कारणं मन्वन्ते। प्राचीनकालादारभ्यैव मनुष्याणामालोचनाविधौ त्रिधा गति: वर्तते। केचन सर्वं दैवाधीनमिति वदन्ति। सर्वस्यापि कार्यस्य कर्ता य: भवति, स एव जगत् जनयति पालयते लोकं च गमयतीति तेषां विश्वास:।भारतीयानां पुनर्जन्मनि महान् विश्वास: वर्तते। अस्मिन् जन्मनि कृतमनुभोक्तव्यं च प्रारब्धमिति कथ्यते। भविष्यत् जन्मन: कारणमागामीति प्रथते। अतीतजन्मन: आगतमस्मिन् जन्मनि अनुभोक्तव्यं कर्मफलं सञ्चितमित्युच्यते।एवं कर्मण: त्रैविध्यमनुसृत्य दैविकं सङ्कल्पं च अनुसृत्य पूर्वोक्तदिशा प्राणिन:दैष्ठिका:, आस्तिका:, नास्तिकाश्चेति त्रिधा भवन्ति।

**दैष्टिक:** – दिष्टं च दैवञ्च सर्वं कार्यं सुखं, दु:खं, जीवितम्, आयु:, स्थिति:, ऐश्वर्यं, दारिद्र्यं सर्वमेतत् दैवेन देयम्। तत्र कर्मण: साफल्ये वैफल्ये च दैवमेव कारणम्। प्राणिनां पौरुषमकिञ्चित्करमिति तेषां विश्वास:। अत एव दिष्टमिति मति: एषां ते दैष्टिका:।**"दैवं दिष्टं भागधेयं भाग्यं स्त्रीनियतिर्विधि:" इत्यमर:।**

दैवमेव दिष्टं, दिष्टि:, कर्म, भाग्यं, नियति:, विधि:, काल:, भवितव्यता इत्यादिपदै: व्यवह्रियते।अत: सर्वं दैवाधीनमिति यस्याभिप्राय: स दैष्टिक:।

1.महाभारतम्

**Copyright: ©** the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

**आस्तिकः** – अस्ति दिष्टमिति मतिः यस्य सः आस्तिकः।

**नास्तिकः**– नास्ति दिष्टं मतिः यस्य सः नास्तिकः।

- **भाग्यपदस्य व्युत्पत्तिः-** भज्यते प्राणिभिः सेव्यते इति भाग्यम्। कर्मणि कृत्यप्रत्ययः।[३क] "ऋहलोर्ण्यत्" इति सूत्रेण ण्यत्-प्रत्यये णकारस्य **चुटू**[2]इति इत्संज्ञायां लोपे च धातुगतः जकारस्य **चजोः कुघिण्यतोः**[3] इति कुत्वम् **अत उपधायाः**[4] इत्युपधावृद्धिरिति रामाश्रमी।भागमर्हति **भाग्याद्यश्च**[5]इति यत्प्रत्ययः। "भाग्यं कर्म शुभाशुभम्" इति हैमः (2/7[३]ш)।केषुचित् कोशेषु भज्-धातोः "ऋहलोर्ण्यत्" इति ण्यत्-प्रत्यये भाग्यशब्दो निष्पन्नः इत्युदाहृतः। तस्य शब्दस्य प्रारब्धकर्म इत्यर्थस्तत्र दृश्यते। "सौभाग्यं समृद्धिः हर्षः कुशलता" इत्येते अर्थाः अपि भाग्यशब्दस्य तत्र दृश्यन्ते। "भाग्यायत्तम्" इति कालिदासप्रयोगश्च तत्र द्रष्टुं शक्यते।एतस्य अदृष्टं, दैवं, दिष्टं, भागधेयं, नियतिः, विधिरित्यादयः शब्दाः पर्यायवाच्याः। अदृष्टशब्दः यद्यपि शुभे चाशुभे च समानार्थकः, तथापि शुभफलकार्थे एव लोके व्यवहारो दृश्यते। एवं भाग्यशब्दस्यापि अतर्कितोपनते शुभफले शक्तिर्ग्राह्या।तादृशमतर्कितोपनतं क्वचित् दैविकं क्वचित् स्वकर्मफलस्वरूपञ्च भवति भाग्यम्।
- **भाग्यवादः-** एवं प्राणिभिः अनुभाव्यं दैवनिर्मितं शुभमशुभं वा पौरुषमतिरिच्य भाग्यमेव प्रधानमिति प्रत्येकं ग्रन्थे कवयः प्रत्यक्षाप्रत्यक्षरूपेण सूचितवन्तः। सा एव चर्चा "भाग्यवादः" इत्यभिधीयते। सकारात्मकालोचनं, सकारात्मकभावना एव (Positive Thinking) भाग्यवाद इत्युच्यते। एवमेव सर्वे मानवाः आनन्दसूत्रमाधारीकृत्यैव जीवनं यापयन्ति। सर्वेषु कालेषु सुखमेव चिन्तयन्ति। जीवने कान्त्यन्धकारवत् सुखदुःखे द्वे अपि आगच्छतः। मनुष्यः सुखागमने आनन्दमनुभवति, दुःखानुभवेन खिन्नो भवति। किन्तु बहून् क्लेशान् अनुभवति चेदपि सः प्रकृतिं दृष्ट्वा सकारात्मकदुष्टिं वर्धयति इत्युक्तेः सः भाग्यमन्विष्यन् भ्रमति। एतादृशी वर्णना एव भवति "भाग्यवादः" इति। अभिज्ञानशाकुन्तलनाटकं सर्वमपि भाग्यविधेयमेव। महाभारते पद्मपुराणे, श्रीमद्भागवते च वर्तमाना शाकुन्तलकथा कविना कालिदासेन यथावसरं परिवर्तिता।
- **महाभारते शकुन्तलाकथा -** महाभारते शकुन्तला लोकव्यवहारजा प्रभावसम्पन्ना प्रगल्भभाषिणी च। शाकुन्तले सा मुग्धा पतिव्रता च। महाभारते मातुः सन्क्रान्तं वैशिकं लक्षणं तस्यां किञ्चिदिवासीत्। कण्वः फलान्याहर्तुं गत इति सा दुष्यन्तं जगाद तावन्त-कालमपि प्रतिपालयितुमक्षमः सः गान्धर्वविवाहाय शकुन्तलां चोदयामास। साऽपि तमर्थमङ्गीकृत्य अभिज्ञानमङ्गुलीयकं सङ्गमेन जातस्य शिशोः राज्याधिकार इत्यादि प्रतिफलं देयमिति जगाद। तथापि महाभारते सर्वमेतत् सङ्गमस्य मूल्यमिति वर्णितम्। "अस्तु मे सङ्गमस्तु त्वया" इति तत्र बहुधा उक्तम्। एवं विधः नियमः विवाहस्य अव्याजस्य प्रेम्णः प्रतिबन्धकम्। जानतापि राज्ञा तिरस्कृता सा–

**क्षितावटसि राजेन्द्र अन्तरिक्षे चराम्यहम्।**
**ममैवोद्रिच्यते जन्म राजेन्द्र तव जन्मतः॥**

इत्यादिरूपेण निन्दति। शाकुन्तले एवंविधप्रगल्भा चेत् तद्भाग्यमव्याहतं भवेत्। परन्तुअत्र काव्यधर्ममनुसृत्य शकुन्तला निसर्गानुरागवती वर्णिता।

---

2.पा.सू. 3/1/124

3.पा.सू. 1/3/7

4.पा. सू. 7/2/116

5.पा.सू. 5/1/49

- **रामायणे शकुन्तलाया: जन्मवृत्तान्त:-** शाकुन्तले प्रथमाङ्के शकुन्तलाया: भाग्यंफलोन्मुखमेव आसीत्। जन्मना सा भाग्यहीना। मेनकाविश्वामित्रौ पञ्चविंशतिवर्षाणि संसारसुखानि अनुभूतवन्तौ। जातमात्रायां शकुन्तलायां तयो: समागमावधि: श्रीमद्रामायणे बालकाण्डे वर्णित:।

**तां ददर्श महातेजा मेनकां कुशिकात्मज:।**
**रूपेणाप्रतिमां तत्र विद्युतं जलदे यथा॥**
**दृष्ट्वा कन्दर्पवशगो मुनिस्तामिदमब्रवीत्।**
**अप्सर: स्वागतं तेऽस्तु तस्य चेह ममाश्रमे॥**
**अनुगृहीष्व भद्रं ते मदनेन सुमोहितम्।**
**इत्युक्ता सा वरारोहा तत्र वासमथाकरोत्॥**
**तस्यां वसन्यां वर्षाणि पञ्च पञ्च च राघव।**
**विश्वामित्राश्रमे तस्मिन् सुखेन व्यतिचक्रमु:॥**[6]

एवं पञ्चविंशतिवर्षाणि कामोपभोगानन्तरं जाता शकुन्तला मात्रा हिमवत्प्रस्ते निर्माल्यमिवपरित्यक्ता। विश्वामित्रोऽपि नृशंस: जातमात्रामुत्सृज्य यदेच्छं गतवानिति महाभारते, रामायणे च स्पष्टम्।

- **शकुन्तै: शकुन्तलाया: रक्षणम्**

**अरक्षितं तिष्ठति दैवरक्षितं सुरक्षितं दैवहतं विनश्यति**
**जीवत्यनाथोऽपिवनेविसर्जित:कृत:प्रयत्नोऽपिगृहेनजीवति॥**

इति भागवतवचनं शकुन्तलाविषये सत्यमभूत्। सा तस्या: भाग्येनैव शकुन्तै: रक्षिता। यथा महाभारते – "शकुन्तैरथ गर्भोऽसौ ररक्षे पृथिवीपते" इति एवं शकुन्तरक्षितां शिशुं तस्या एव भाग्यविपर्ययेऽपि दृष्टभाग्या। कण्वप्रणिधानेन तस्या: जन्मवृत्तान्तं ज्ञातवान्। साक्षात्परम्परया वा शकुन्तलयाऽपि ज्ञातम् इदमन्यद्भाग्यं शकुन्तलाया: यत् कण्वस्य तां प्रति अनुरूपवरप्रदाने सङ्कल्प: एवं क्रमश: तस्या: भाग्यं दुष्यन्तविवाहपर्यन्तमनकूलमेवासीत्।

